सेंसेक्स 72,500.30 ▲ +195.41
डॉलर 82.895 ▼ -0.002

तापमान (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 13.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 15.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 14.0 | 27.0 |
| पलामू | 32.0 | 12.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते




रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 01 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 134, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी ... 09


डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित


पीएम ने विश्व की पहली 'वैदिक घड़ी' का ... 14 देश-विदेश

## एक नजर

### एक्सपोजर विजिट में राजस्थान पहुंची प्रमुख



**पाटन।** झारखंड सरकार की पहल पर राज्य के कई जिला के प्रखंड प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य एक्स्पोजर विजिट पर राजस्थान पहुंचे हैं। जिसमें पाटन प्रमुख सह पंचायत समिति सदस्य शोभा देवी भी शामिल हैं। यह विजिट 26 फरवरी से लेकर दो मार्च तक आहूत किया गया है। जिसमें कुल 44 प्रमुखों एवं डीपीएम को भाग लेने हेतु नामित किया गया है। यहां जन प्रतिनिधि व अधिकारी कृषि संबंधित महत्वपूर्ण विधाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे।

### 'किसान व मजदूर विरोधी है सरकार'

**हुसैनाबाद।** किसान व मजदूर विरोधी है राज्य की चम्पाई सरकार। उक्त बातें हुसैनाबाद व्यापार मण्डल अध्यक्ष सह राष्ट्रीय समाजिक जनकल्याण संगठन के अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वरा नई विद्युत नियामक शहरी क्षेत्र में 35 पैसा प्रति यूनिट व ग्रामीण क्षेत्र में 50 पैसा प्रति यूनिट बिजली बिल में बढ़ोतरी जनता के साथ धोखा है। बीते दिनों झारखंड राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा 2023-24 के लिए बिजली टैरिफ घोषणा की गई हैं। इससे आने वाले समय में ग्रामीण उपभोक्ताओं पर शहरी उपभोक्ताओं से ज्यादा बोझ पड़ने वाला है।

### अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में शामिल हुये प्रोफेसर प्रेमचंद महतो



**सगालीम।** हिंदी विभाग कोलकाता विश्वविद्यालय और केंद्रीय संस्थान शिक्षा मंत्रालय आगरा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी में मजदूर किसान महाविद्यालय पांकी के इतिहास विभाग प्रोफेसर डाक्टर प्रेमचंद महतो ने विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। मौके पर विभाग के द्वारा उन्हें अंग वस्त्र और गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। गोष्ठी में प्रोफेसर महतो ने कहा कि भारत जैसे विशाल देश में विभिन्न भाषाओं के लोग निवास करते हैं। उन सभी भाषाओं व संस्कृति के संवाहक के रूप में हिंदी भाषा कार्य करती है। संगोष्ठी में हिंदी विभाग की डॉक्टर स्वीटी ने समासिक संस्कृति हिंदी भाषा व साहित्य पर शोधपत्र प्रस्तुत किया।

### बड़ा भाई राम है तो छोटा भाई भी बने लक्ष्मण

**मेदिनीनगर।** अगर बड़ा भाई राम है तो छोटा भाई को भी लक्ष्मण बनना होगा। तभी पारिवारिक समरसता बनी रहेगी और परिवार बिखरने से बचेगा। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता एवं पांकी विधानसभा के नेता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे नौडीहा बहेरा के ग्राम आरा में श्रीश्री शिव परिवार प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ कार्यक्रम में लोगों को संबधित कर रहे थे। जायसवाल ने कहा कि परिवार बिखर रहा है, जिसका मुख्य कारण है आपस में संपत्ति का बंटवारा और एक दूसरे से आगे निकल जाने कि होड़ ने पारिवारिक टूट को बढ़ा दिया है। जब तक भाइयों में प्रेम और एक दूसरे के प्रति समर्पण नहीं रहेगा तो परिवार का टूट निश्चित है।

## क्षेत्र के प्रमुख बाजार में समीपवर्ती ग्रामीण अंचलों से आती हैं महिलायें

# शौचालय नहीं होने से महिलाओं को करना पड़ता है परेशानी का सामना

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**
नगर पंचायत क्षेत्र के कई वार्डों में करीब एक वर्ग किलोमीटर में फैले बाजार क्षेत्र में कांम्प्लेक्स सहित आवश्यक उपभोग की समस्त वस्तुओं की दुकानें हैं। इसके बाद भी क्षेत्र के प्रमुख बाजार में सुलभ शौचालय नहीं होने से महिलाओं को काफी परेशानी झेलनी पड़ती है। महिला दुकानदार उर्मिला देवी ने बताया कि शौचालय के अभाव में महिलाओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सामाजिक कार्यकर्ता कलावती देवी व दुकानदार शांति देवी ने बताया कि यहां कॉम्प्लेक्स व शहर के मुख्य बाजारों में कहीं भी महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण मुख्य जेपी चौक से गांधी चौक बाजार, जपला-छतरपुर रोड बाजार आदि में महिला अधिक संख्या में खरीदारी करने आती हैं। पर्व-त्योहार के समय भीड़ और भी बढ़ जाती है। अक्सर आवश्यकता पड़ने पर महिलाओं के समक्ष संकोचप्रद स्थिति उत्पन्न हो जाती है। बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह सामाजिक कार्यकर्ता जिशान हसन व दुकानदार रहमान राईन ने बताया कि सुलभ शौचालय के अभाव में डा. अंबेडकर चौक हॉस्पिटल परिसर में खुले में महिलाएं शौच करती हैं। स्टेशन रोड,जेपी चौक, हरिहर चौक, अंबेडकर चौक के समीप सब्जी व मीट दुकान के पीछे सुलभ शौचालय बना अवश्य है, किंतु भीड़भाड़ अधिक होने के कारण महिलायें उधर जाने से परहेज करती हैं। बाजार में पिंक टॉयलेट की सख्त जरूरत है।



### बाजार में पिंक टॉयलेट की दरकार

हुसैनाबाद। नगर पंचायत की वार्ड आठ की निवर्तमान पार्षद उमरावती देवी ने बताया कि शहर में महिलाओं के लिए शौचालय की अलग से कोई व्यवस्था नहीं है। शहरी क्षेत्र में पिंक टॉयलेट की भी कहीं कोई व्यवस्था नहीं है। इस संबंध में ईओ से बात कर इस बात को रखने की बात कहीं है। वार्ड दस की निवर्तमान पार्षद मधु अग्रवाल ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों से बाजार में आने वाली महिलाओं को शौच के लिए काफी परेशानी होती हैं। बाजार के विभिन्न मार्केट कॉम्प्लेक्स में कहीं भी महिलाओं के लिए शौचालय की व्यवस्था नहीं है। शहर के आंबेडकर चौक पर दुकान के पीछे सुलभ शौचालय हैं। लेकिन सब्जी बेचने वाले दुकानदारों ने शौचालय के आगे अतिक्रमण कर रखा है। जिससे इसका महिलायें उपयोग नहीं कर पाती है। वार्ड बारह की निवर्तमान पार्षद उमा देवी ने बताया कि नगर पंचायत के आंकड़ों में शहर में अलग-अलग आठ शौचालय निर्मित होने का रिकार्ड है।लेकिन इसमें आधे उपयोग के लायक नहीं है। शेष में साफ-सफाई का अभाव है। हद तो यह है कि नपं ने महिलाओं के लिये शौचालय बनाने का प्रस्ताव भी नहीं लिया है।

### गरिमा केंद्र संचालन समिति का गठन



**सतबरवा।** ब्लॉक सभागार में बीडीओ अभिषेक पांडे की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जेंडर रिसोर्स सेंटर जीआरसी (गरिमा केंद्र) स्थापित व संचालन हेतु प्रखंड स्तरीय सलाहकार समिति का गठन किया गया। जिसमें ज्ञान एवं कौशल वृद्धि के क्षमता वर्धन के लिए इनपुट प्रदान करने हेतु विचार-विमर्श किया गया। केंद्र संचालक-संरचना और भूमिका में बीडीओ अध्यक्ष , प्रखंड कार्यालय प्रबंधक जैसल संयोजक, बाल विकास अधिकारी सदस्य दलसा का एक प्रतिनिधि, पुलिस थाना प्रभारी, चिकित्सा अधिकारी, एनजीओ का एक प्रतिनिधि, जेएसएलपीएस डीआर पीएसआरपी प्रखंड की सभी संकुल संगठन के दो प्रतिनिधि रहेंगे। मौके पर संवाददाता सखी प्रीति कुमारी मौजूद रहीं।

# जाति, आवासीय व आय प्रमाणपत्र नहीं बनने से विद्यार्थी हो रहे परेशान



**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**
अंचल में बीडीओ सह प्रभारी सीओ की लापरवाही के कारण हजारों छात्र-छात्राओं का जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सीओ के आईडी में करीब दो हजार आवेदन लंबित है। छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप , नामांकन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व नियुक्तियों के फार्म भरने के लिए आय,जाति व आवास प्रमाण पत्र की जरूरत है, लेकिन प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण छात्र-छात्राएं व अभ्यर्थी परेशान हैं। प्रमाणपत्र के लिये अभ्यर्थी रोज अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इस संबध में अभ्यर्थी लता प्रकाश रवि ने बताया कि 29 दिसम्बर को मैंने जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है, लेकिन दो माह बीतने के बाद भी मेरा जाति प्रमाण पत्र निर्गत नही हुआ है। बार-बार कार्यालय आने के बाद भी कोई ठोस जबाब नहीं दिया जा रहा है। इस समस्या को लेकर बीडीओ सह प्रभारी सीओ से दूरभाष पर संपर्क स्थापित किया गया, लेकिन पदाधिकारी के द्वारा फोन रिसीव नहीं किया गया। अभ्यर्थियों द्वारा उपायुक्त का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की गयी है।

# विधायक ने तीन योजनाओं का किया ऑनलाइन शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज**
क्षेत्रीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड में विधायक कोटे से तीन योजनाओं का ऑनलाइन शिलान्यास किया।

इस दौरान प्रखंड के गिद्दी गांव में पीसीसी पथ निर्माण, भांवर गांव के नहर से जयराम के घर तक मिट्टी मोरम पथ निर्माण तथा विश्वकर्मा नगर में पीसीसी पथ निर्माण कार्य योजना का उद्घाटन कार्यस्थल पर मौजूद एनसीपी के प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह तथा एनसीपी नेता सह मुखिया सरोज प्रसाद कुशवाहा ने विधिवत पूजा अर्चना के बाद नारियल फोड़कर किया।

ऑनलाइन संबोधन में विधायक ने कहा कि जाति, धर्म से ऊपर उठकर पूरे विधानसभा क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए वे कृत संकल्पित हैं। इस अवसर पर प्रखंड उपाध्यक्ष उदय कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, मुरारी यादव, अरविंद शर्मा, लक्ष्मण यादव, बबलू शर्मा, राहुल शर्मा, अशोक मेहता उपस्थित थे।

### बाल संरक्षण सह महिला थाने में पार्वती ने पदभार संभाला



**हुसैनाबाद।** स्थानीय महिला एवं बाल संरक्षण की महिला थाना प्रभारी पार्वती कुमारी ने पदभार ग्रहण किया। योगदान देने के बाद पार्वती कुमारी ने बताया कि वह रांची महिला थाना में कार्यरत थी। उन्होंने बताया कि महिला उत्पीड़न के मामले में न्याय दिलाना उनकी प्राथमिकता होगी। महिला, नाबालिग, विधवा महिला के साथ गलत करने वालों पर कारवाई होगी। क्षेत्र में भयमुक्त व्यवस्था रहेगी। वहीं अपराधियों के खिलाफ कड़ी कारवाई होगी।

# पचपोखरी को हरा रानीदेवा बना विजेता

## नव युवक संघ क्रिकेट क्लब ने किया टूर्नामेंट का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**
हैदरनगर प्रखंड के कबरा कला पंचायत मध्य विद्यालय के मैदान में नव युवक संघ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित एक महीने से चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का गुरुवार को समापन किया गया। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में पचपोखरी को परास्त कर रानीदेवा ने खिताब पर कब्जा जमाया। पचपोखरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 16 ओवर में 136 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रानीदेवा की टीम ने 17 ओवर में पांच विकेट खोकर विजयश्री हासिल कर ली। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डॉ. संजय कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि मुखिया कमल कुमार पासवान व समाजसेवी रामप्रवेश सिंह ने संयुक्त रुप से फीता काटकर किया। उन्होंने कहा कि खेल भावना से खेले गये मैच से आपसी भाईचारा निर्मित होता है। उन्होंने विजेता टीम को शील्ड व उपविजेता टीम को पुरस्कार देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर समाजसेवी अवध नारायण सिंह, शिव नारायण सिंह, सुग्रीव प्रसाद, विश्वनाथ पाल, सुनेश पाल राजेश राम,शालिग्राम व सुरेन्द्र चौधरी, सोनू, विरेम,ललन, विशाल, उज्जवल, मोहित, अमरकांत, बजरंगी, हिमेश, रमेश, हिमेश, रौशन, निखिल आदि मौजूद थे।



### सेवानिवृत्त होने पर शिक्षिका शीला कुमारी को दी गयी विदाई



**पाटन।** प्रखंड अन्तर्गत राजकीय स्तरोन्नत उच्च विद्यालय सिक्की कला में पदस्थापित शिक्षिका शीला कुमारी को कार्यकाल समाप्त होने पर भावभीनी विदाई दी गयी। प्रधानाध्यापक रामसुंदर कुजूर ने अंग वस्त्र व बुके देकर उन्हें सम्मानित किया। विदाई समारोह में पाटन प्रखण्ड के सहायक अध्यापक संघ के उपाध्यक्ष विजय विश्वकर्मा, एसएमसी अध्यक्ष रामस्वरूप सिंह, शिक्षक अरविंद कुमार, पुनीत मिर्धा, राजकुमारी, विकास मेहता उपस्थित थे।

# परीक्षा नियंत्रक ने किया जीसीपीए कॉलेज परीक्षा केंद्र का निरीक्षण

## छतरपुर में स्नातक सेमेस्टर चतुर्थ की परीक्षा का जायजा लेकर दिये आवश्यक दिशा निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। छतरपुर**
जिले के छतरपुर स्थित गुलाबचंद प्रसाद अग्रवाल डिग्री कॉलेज में स्नातक सेमेस्टर चतुर्थ की परीक्षाओं का एनपीयू के परीक्षा नियंत्रक डॉक्टर मृत्युंजय कुमार दीपक एवं डॉक्टर मिथिलेश कुमार ने औचक निरीक्षण किया । इस दौरान उन्होंने वीक्षकों को नकल विहीन परीक्षा कराये जाने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि जीसीपीए कॉलेज में एके सिंह डिग्री कॉलेज जपला के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। जीसीपीए कॉलेज के केंद्राधीक्षक प्रो. जितेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा से पहले केंद्र के मुख्य द्वार पर परीक्षार्थियों की जांच की जा रही है। साथ ही कदाचार मुक्त परीक्षा कराने की समुचित व्यवस्था की गई है। कॉलेज के द्वारा साउंड सिस्टम के माध्यम से विद्यार्थियों के लिए सीट प्लान एवं कक्ष नंबर की जानकारी दी जा रही है। मौके पर पुलिस-प्रशासन एवं चिकित्सकीय व्यवस्था भी उपलब्ध है।



# सेवानिवृत्त अनुसेवक रामनाथ को दी गयी विदाई



**नवीन मेल संवाददाता। हुसैनाबाद**
अनुमंडल क्षेत्र के प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय हैदरनगर के सेवानिवृत अनुसेवक राजनाथ राम को गुरुवार को विदाई दी गयी। विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित विदाई सह सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व नगर अध्यक्ष ऊषा देवी ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में ज्ञान के संवाहक सेवक कभी सेवानिवृत नहीं होते, बल्कि सेवानिवृत्ति के उपरांत वे समाज में ज्ञान का प्रकाश फैलाने व सेवा के दायित्व से जुड़ जाते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रभारी प्रधानाध्यापक अनूप कुमार सिंह व संचालन सहायक अध्यापक प्रतिनिधि विजय बहादुर सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि ग्राम पंचायत हैदरनगर पूर्वी के मुखिया संतोष कुमार सिंह,सांसद प्रतिनिधि नरेंद्र कुमार सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश कुमार सिंह, समाजसेवी डॉ. अजय जायसवाल आदि ने कहा कि अनुसेवक श्री राम का 40 वर्षों का सेवा काल अनुकरणनीय है। सहायक शिक्षक प्रेम चौधरी, अरुण चौधरी,पप्पू पटेल,निरंजन सिंह,विश्वनाथ राम रवि ,पवन पासवान आदि ने उनके सादगी भरे जीवन व सहज-सरल स्वभाव को रेखांकित किया। शिक्षिका माया कुमारी ने स्वागत व विदाई गीत प्रस्तुत किया। अनूप कुमार सिंह ने अभिनन्दन पत्र पढ़ा। मौके पर विनोद पांडेय,गौतम प्रसाद,उदित सिंह,राकेश सिंह,राजेंद्र राम,शैलेश सिंह,गोविंद राम,अवधेश बैठा,चंदन सिंह, गीता कुमारी,सबा जुनैद मौजूद रहे।

# मिलनसार व्यक्तित्व व कार्यकुशलता से बनायी पहचान

**नवीन मेल संवाददाता। सतबरवा**
प्रखंड क्षेत्र जोड़ा राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को शिक्षिका बबीता वर्मा को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता हरिद्वार प्रसाद ने एवं संचालन मृत्युंजय पाठक ने किया। शिक्षिका बबीता वर्मा ने अपने इस विद्यालय में बिताये 34 साल के सफर को याद करते हुए कहा कि 5 सितंबर 1989 को सतबरवा के जोड़ा राम घाट में विद्यालय व विद्यालय भवन नहीं रहने के कारण सूर्य - शिव मंदिर के धर्मशाला में अपना योगदान दिया। किसी प्रकार 35 बच्चों का नामांकन कराया। 1995 में विद्यालय भवन बनने के बाद से वे इसी विद्यालय में रहीं। सहायक शिक्षक कृष्णा मांझी ने कहा कि उनकी याद हमेशा सालती रहेगी। प्रधानाध्यापिका अनीता भेंगरा ने कहा कि बबीता वर्मा मिलनसार व्यक्तित्व की धनी है। कार्यकुशलता के कारण उन्हें सतबरवा प्रखंड का बेस्ट शिक्षक का सम्मान भी मिला है। समय की पाबंद शिक्षिका ने बच्चों का भविष्य संवारने के लिए हमेशा अपना समय दिया। शिक्षक महावीर सिंह,विजय बिहारी पाण्डेय सहित शिक्षिका के परिजन भी मौजूद रहे।



### जोड़ा राजकीय कृत प्राथमिक विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षिका बबीता वर्मा को दी गई सम्मानपूर्वक विदाई

### नये थाना प्रभारी का किया गया स्वागत

**मेदिनीनगर।** आदिवासी सभा के केंद्रीय सदस्य राज कुमार सिंह चेरो, पवन्नती उरांव, प्रखंड अध्यक्ष नंदकिशोर सिंह चेरो, प्रखंड सचिव महेंद्र उरांव और प्रखंड कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने नये थाना प्रभारी निर्मल उरांव का स्वागत किया। मौके पर अमरेश उरांव,बालम उरांव, प्रेम सिंह, अशोक सिंह, महेंद्र उरांव, मुनियां कुंवर, लालमनि सिंह, कर्मदेव पाहन,नरेंद्र उरांव मौजूद रहे।

## आयोजन

## धूमधाम से मना होली ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने लोगों को किया मंत्रमुग्ध

**नवीन मेल संवाददाता। छतरपुर**
होली ब्राइटलैंड पब्लिक स्कूल छतरपुर का वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के सातवें स्थापना दिवस समारोह का उद्घाटन मुख्य अतिथि जय कुमार मिश्रा, किशोरी मोहन सिंह, नगर उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा, झामुमो केंद्रीय कमेटी सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, नगर पंचायत के पूर्व प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन एवं मुखिया रविन्द्र राम व उमेश ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। अतिथियो ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश मिश्रा ने और संचालन वरिष्ठ शिक्षक यासीन अंसारी के नेतृत्व में छात्रों ने किया। अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों को देश का कर्णधार बताते हुये कहा कि किताबी शिक्षा के साथ उनमें व्यवहारिक ज्ञान का समावेश भी जरूरी है। इस दौरान आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन में सुरेंद्र कुमार, मोनू सिंह व सोनू सिंह ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर स्कूल की निर्देशिका अंजना मिश्रा, सुनील कुमार, मंटू यादव, मनोज भास्कर, धनंजय यादव, अमरेश मिश्रा, कृष्णा चंद्रवंशी सहित अध्यापक मनोज वर्मा, अंजली कुमारी, चंदन देवगोदिया, संयुक्ता कुमारी, अनिशा कुमारी, चंचल गुप्ता उपस्थित थे।



# अल्फाबेट्ज स्कूल से नौनिहाल होंगे निहाल

## टंडवा मोड़ के समीप भव्य आगाज, नागरिकों ने किया स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। हरिहरगंज**
टंडवा रोड़ मजार शरीफ के समीप गुरुवार को अल्फाबेट्ज यूके कॉन्सेप्ट इंटरनेशनल स्कूल का उद्घाटन औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह के सुपुत्र शुभम कुमार ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काटकर किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि शिक्षक ज्ञान के भंडार होते हैं। शिक्षा के मंदिर में बच्चे गढ़े जाते हैं। बगैर शिक्षा के उत्तम समाज की कल्पना नहीं की जा सकती है। वहीं केंद्र प्रमुख स्मृति सिंह तथा केंद्र प्रभारी एम आजम ने कहा कि संस्थान का 22 राज्यों में 156 से अधिक केंद्र हैं। जहां दो से सात वर्ष तक के बच्चों के लिए प्री स्कूल रजिस्ट्रेशन की सुविधा है। साथ ही प्ले ग्रुप नर्सरी, एलकेजी, यूकेजी के अलावे डिजिटल क्लासरूम, किफायती शुल्क, विशेषज्ञ शिक्षक, सीसीटीवी निगरानी, बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच, प्लेग्राउंड, इंडोर व आउटडोर गेम, स्मार्ट क्लासेस सहित कई सुविधा उपलब्ध है। इस मौके पर शिक्षिका शालिनी सिंह, पुष्पा सिंह, मोनिका सिंह, सुधा सिंह, इंजीनियर वॉटर, मो. मुमताज, रामशेखर दुबे, अमित दुबे मौजूद रहे।



संसेक्स 72,500.30 ▲ +195.41
डॉलर 82.895 ▼ -0.002

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 30.0 | 13.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 15.0 | 25.0 |
| जमशेदपुर | 34.0 | 14.0 | 27.0 |
| पलामू | 32.0 | 12.0 | 24.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06, विक्रम संवत 2080 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 01 मार्च 2024, वर्ष-30, अंक- 134, पृष्ठ-16, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में ... 09
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
पीएम ने विश्व की पहली 'वैदिक घड़ी' का ... 14 देश-विदेश

## रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,200

चांदी (1 किलो) 75,500

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें हमसे**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 82925 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 8292373444 संपर्क करें।

# पीएम आज हर्ल से देंगे राज्य को रेल व नई लाइनों की सौगात

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अपने धनबाद दौरे के क्रम में सिंदरी हर्ल के उद्घाटन के साथ ही से राज्य को एक बार फिर से नयी रेल लाइनों की बड़ी सौगात देंगे। गुरुवार को धनबल रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने कहा कि प्रधानमंत्री धनबाद रेल मंडल में 13674 करोड़ रुपये की लागत से होने जा रहे सात विकास योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।



इसके साथ ही 3953 करोड़ की लागत से हुए विकास कार्यो का उद्घाटन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि इसमें सबसे अहम सोननगर-अंडाल रेल लाइन पर तीसरी और चौथी रेल लाइन का निर्माण कार्य है। इसके निर्माण से न सिर्फ माल ट्रेनों को आवाजाही के लिए अलग से रेल लाइन मिल जाएगी, बल्कि यात्री ट्रेनें भी बेरोकटोक पटरी पर दौड़ सकेंगी। साथ ही भविष्य में इस रूट पर हाईस्पीड ट्रेनों को भी आसानी से चलाया जा सकेगा। उन्होंने बताया कि करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपये की लागत से सिंदरी रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को भी विकसित किया जाएगा। इसके साथ ही धनबाद चंद्रपुरा रेल मार्ग पर तीन अतिरिक्त रेल लाइनें भी बिछाई जाएंगी।

### सीधे रेल लाइन से जुड़ जाएंगे देवघर और गोड्डा

वहीं प्रधानमंत्री देवघर से गोड्डा को सीधे जोड़ने वाली मोहनपुर-हंसडीहा नयी रेललाइन का उद्घाटन और देवघर डिब्रूगढ़ ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। नयी रेललाइन के चालू होते ही देवघर से गोड्डा रेल लाइन से सीधे तौर पर जुड़ जायेगा। रेल मंत्रालय के अनुसार 753.48 करोड़ की मोहनपुर हंसडीहा रेल लाइन की लंबाई 38.110 किलोमीटर है। इस रेललाइन में पांच स्टेशन मोहनपुर, खड़ियाडीह, हरलाटांड़, ककनी और हंसडीहा है। इस नयी रेललाइन में पहली बार चलने वाली देवघर डिब्रूगढ़ ट्रेन को प्रधानमंत्री देशवासियों को सौपेंगे।

# 27 आईपीएस अधिकारियों का मूवमेंट ऑडर जारी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 27 अधिकारियों का मूवमेंट ऑर्डर जारी कर दिया है। इससे पूर्व 26 फरवरी की रात 23 आईपीएस का तबादला और एक को अतिरिक्त प्रभार दिया था। जबकि, 28 फरवरी की देर रात चार आईपीएस का तबादला और एक के आदेश को विलोपित किया गया है। इन सभी



27 आईपीएस अधिकारियों का गुरुवार को गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मूवमेंट ऑर्डर जारी कर दिया है। तत्काल सभी अधिकारियों ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

## एक नजर

### नक्सलियों के गढ़ में पहुंचे लोहरदगा एसपी, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

**लोहरदगा।** जिले के एसपी हरिश बिन जमा के नेतृत्व में गुरुवार को नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान जिले अति नक्सल प्रभावित सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, हुंडी, जुरनी, पीरतोल, हेनहे, चपरोंग, मनहेपात और गम्हरिया गांव के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया। अभियान के क्रम में एसपी ने ग्रामीणों से बात की। साथ ही उनकी मूलभूत समस्याओं को जाना। एसपी ने जल्द ही उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आश्वासन दिया। अभियान के क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर पोलिंग बूथ का निरीक्षण भी किया। इसी क्रम में ग्राम जुरनी के ग्रामीणों और बच्चों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बैग, कॉपी, इंस्ट्रूमेंट बॉक्स व ग्रामीणों के बीच कंबल और आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। साथ ही मुख्यधारा से भटके लोगों को वापस मुख्यधारा से जुड़ने की अपील की गई।

## झारखंड कैबिनेट में 40 प्रस्ताव पर लगी मुहर

# अब बीस लाख लोगों को मिलेगा अबुआ आवास

**टाना भगत परिवारों को 200 यूनिट फ्री बिजली**

**राज्य कर्मियों की पेंशन योजना में हुआ संशोधन**

**2500 की जगह 5000 रुपये पोशाक भत्ता मिलेगा**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड सरकार अब राज्य के पात्र लोगों को बीस लाख अबुआ आवास देगी, पहले यह लक्ष्य आठ लाख आवास देने का था। यह निर्णय गुरुवार को मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन की अध्क्षता में हुई कैबिनेट बैठक में ली गई। मालूम हो कि पीएम आवास योजना की तर्ज पर लॉन्च की गई इस योजना के तहत तीन कमरे, रसोई और शौचालय वाले आवास के निर्माण के लिए राज्य सरकार 2 लाख रुपए देती है। लाभुक के खाते में एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा। कैबिनेट बैठक में 40 प्रस्ताओं पर मुहर लगी है। रांची स्मार्ट सिटी में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण राज्य सरकार ने अब अपने खर्च पर कराने का निर्णय लिया है। इस पर 47 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वर्ल्ड ट्रेड सेंटर के निर्माण



के लिए भारत सरकार का हिस्सा 19 करोड़ अब झारखंड सरकार वहन करेगी। कैबिनेट सचिव अजय कुमार सिंह ने बताया कि रांची में स्थित संबंधता प्राप्त उप शास्त्री इंटर और संस्कृत महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षक कर्मी को भविष्य निधि सह उपादान का लाभ देने की स्वीकृति दी गई। इन्हें राज्य के विश्वविद्यालय की तर्ज पर लाभ दिया जायेगा। वहीं गांधीवादी विचार को मानने वाले व सादगी की जीवनशैली वाले राज्य के टाना भगत समुदाय के परिवारों को प्रतिमाह 200 यूनिट तक की बिजली निशुल्क देने का भी निर्णय हुआ। राज्य में ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- स्वास्थ्य विभाग के अधीन आयुष निदेशालय में खाद्य सुरक्षा आयुक्त के कार्यालय और चिकित्सा शिक्षा निदेशालय को सचिवालय के संलग्न कार्यालय के रूप में अधिसूचित किया गया।
- आंगनबाड़ी केंद्र में मिलेगी प्राइमरी शिक्षा
- झारखंड राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल चार वर्ष और 64 वर्ष की आयु, जो पहले हो तब तक होगा।
- डॉ विकास लाल को सेवा से बर्खास्त किया गया।
- राज्य में आंगनबाड़ी चलो अभियान की शुरूआत होगी। 211.48 करोड़ खर्च होगा। तीन साल, चार नव कदम से 6 साल के बच्चों के लिए प्राइमरी शिक्षा दी जायेगी। दो पैंट या स्कर्ट लड़कियों को दिया जायेगा। किताब, क्रेयॉन्स और पोशाक की सिलाई दी जायेगी। 1400 रुपये प्रति बच्चा पर खर्च किया जायेगा।
- ग्रामीण विकास विभाग के कार्यालय और आवास का सौंदयीकीरण होगा।
- एमजीसी से ग्रामीण सड़क पर योजना स्वीकृत के बाद 47 करोड़ रुपये की मंजूरी दी गई।
- मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना में सरलीकरण किया गया है। पांच लाख तक की स्वीकृति सिविल सर्जन कर सकेंगे और 5 से 10 लाख के ऊपर कमेटी स्वीकृति देगी।
- झारखंड लोक कार्य संविदा विवाद मध्य स्तंभ न्यायाधिकरण विधायक 2024 की स्वीकृति दी गई। इसके तहत ठेकेदार और इंजीनियर के बीच में पेमेंट के तहत अगर कोई विवाद होता है, तो पहले ठेकेदार सिविल सूट फाइल करता था उसके बाद जो आदेश पारित होता था तो अपील ही लिए केस ऊपर जाता था। इसमें फैसला अगर सरकार के विपक्ष है तो काफी सूद लगता था। लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया और एक ट्रिब्यूनल का गठन किया जाएगा। वह सारा विवाद का सुलझाएगा।
- केंद्र प्रायोजित मिशन सक्षम आंगनबाड़ी 2.0 संविदा आधारित पदों की स्वीकृति। झारखंड वन सेवा नियुक्ति प्रोन्नति अन्य सेवा शर्त नियमावली को मंजूरी।

# कैबिनेट : पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आज मंजूरी दे दी। प्रधानमंत्री मोदी ने 13 फरवरी को योजना की घोषणा की थी। योजना के तहत 75,021 करोड़ रुपये के कुल व्यय के साथ एक करोड़ घरों में छत पर सौर ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य है। केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान की। केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने फैसलों की जानकारी देते हुए योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा, इस स्कीम के तहत 1 करोड़ घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिल सकेगी। योजना के तहत 1 किलो वाट, 2 किलो वाट और तीन किलो वाट सिस्टम लगाने पर क्रमशः 30 हजार, 60 हजार और 78 हजार रुपये की वित्तीय सहायता दी जाएगी। एक राष्ट्रीय पोर्टल के तहत लोग योजना के लिए आवेदन दे सकेंगे। पोर्टल के माध्यम से ही वेंडर भी चुन सकते हैं। इसके अलावा सब्सिडी की अतिरिक्त राशि पर 7 प्रतिशत की दर से ऋण भी लिया जा सकता है। योजना के तहत हर जिले में एक मॉडल सोलर विलेज बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि योजना के माध्यम से 17 लाख लोगों को सीधे रोजगार मिलेगा। लोग अपने घरों पर सोलर लगाकर अतिरिक्त बिजली डिस्कॉम कंपनियों को बेच सकते हैं। इससे 30 गीगावाट की अतिरिक्त नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ेगी और कार्बन उत्सर्जन में 72 करोड़ टन की कमी आयेगी।



### स्कीम की पात्रता

- इस स्कीम का लाभ केवल भारतीय निवासी को मिलेगा।
- आवेदक की सालाना आय 1 या 1.5 लाख से ज्यादा नहीं होनी चाहिए।
- आवदेक के पास सभी दस्तावेज होने चाहिए।
- सरकारी सर्विस से जुड़े व्यक्तियों को इस स्कीम का लाभ नहीं मिलेगा।

### मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन के लिए 24,400 करोड़ रुपये की उर्वरक सब्सिडी मंजूर की

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को खरीफ सीजन 2024 (इस साल अप्रैल से सितंबर) के लिए फॉस्फेटिक और पोटाशिक (पीएंडके) उर्वरकों पर पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी (एनबीएस) दरें तय करने 24,420 करोड़ रुपये के प्रस्ताव और एनबीएस योजना के तहत तीन नए उर्वरक ग्रेड को शामिल करने को मंजूरी दे दी। कहा गया कि यह योजना किसानों को रियायती, किफायती और उचित मूल्य पर उर्वरकों की उपलब्धता सुनिश्चित करेगी। इससे उर्वरकों और कच्चे माल की अंतर्राष्ट्रीय कीमतों में हालिया रुझानों को देखते हुए पीएंडके उर्वरकों पर सब्सिडी को तर्कसंगत बनाया जा सकेगा। बयान में कहा गया है कि एनबीएस में तीन नए ग्रेडों को शामिल करने से मिट्टी के स्वास्थ्य संतुलन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी और किसानों को मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर उर्वरक चुनने का विकल्प मिलेगा।

### इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस की स्थापना के लिए 150 करोड़ रुपये मंजूर किए

केंद्रीय कैबिनेट ने गुरुवार को इंटरनेशनल बिग कैट अलायंस (आईबीसीए) की स्थापना की मंजूरी दी। साथ ही पांच साल की अवधि के लिए 150 करोड़ रुपये के एकमुश्त बजटीय समर्थन को भी मंजूरी दी। प्रधानमंत्री ने बाघों, बिग कैट परिवार की अन्य प्रजातियों और इसकी अनेक लुप्तप्राय प्रजातियों के संरक्षण में भारत की लीडिंग भूमिका को महत्व देते हुए विश्व बाघ दिवस 2019 के अवसर पर अपने भाषण में एशिया में अवैध शिकार को रोकने के लिए ग्लोबल लीडर्स के अलायंस का आह्वान किया था।

# अपहृत डॉक्टर बरामद, 3 हिरासत में

**नवीन मेल संवाददाता। डाल्टनगंज**

पलामू जिले के हुसैनाबाद से अपहत डॉक्टर को पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन लोगों को हिरासत में भी लिया है। डॉक्टर से पुलिस पदाधिकारी पूछताछ कर रहे हैं। पूछताछ के दौरान डॉक्टर ने कई खुलासे किए हैं, जिसके बाद अपहरण की एक नई कहानी सामने आई है। सोमवार को एसपी रिष्मा रमेशन पूरे मामले को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगी। पलामू के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के ऊपरी कला गांव से सोमवार की देर शाम अपराधियों ने एक ग्रामीण चिकित्सक डॉ. रहमान का अपहरण उस वक्त कर लिया था, जब वह अपने क्लीनिक में बैठे थे। हालांकि, अपहरण के बाद फिरौती की मांग नहीं की गई थी। घटना के बाद नाराज ग्रामीणों ने रोड को भी जाम किया था। पुलिस ने पूरे मामले में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया था। पुलिस डॉक्टर की तलाश में कई इलाके में सर्च अभियान चला रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने तीन संदिग्धों को हिरासत में लिया था, इसके बाद डॉक्टर को मुक्त करवाया जा सका है। पलामू पुलिस की स्पेशल टीम अपहरण के कारणों का पता लगाने में जुटी है। डॉक्टर रहमान से पुलिस को कई अहम जानकारी मिली है, जिसके आधार पर अनुसंधान को आगे बढ़ाया जा रहा है। जिस वक्त डॉक्टर रहमान का अपहरण हुआ था वह अपने क्लीनिक में बैठे हुए थे, इसी दौरान तीन अपराधी पहुंचे थे और हथियार के बल पर उनका अपहरण कर लिया था। घटना के बाद से डॉक्टर का मोबाइल बंद था । पुलिस तकनीकी समेत कई बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है।

## सीबी माइंस क्षेत्र में धूल-गर्द से बिरहोर बच्ची की मौत

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के चट्टी बरियातू पंचायत के पगार गांव के बिरहोर टोला निवासी किरण बिरहोर उम्र दस वर्ष अब इस दुनिया में नहीं रही। उसके पिता बीरु बिरहोर ने बताया कि उनकी बिटिया की मौत 28 फरवरी की रात में हो गई। उन्होंने कहा कि किरण माइंस से उड़ रहे धूल-गर्दा के कारण बीमार पड़ गई थी। इलाज के लिए केरेडारी स्वास्थ्य केंद्र ले गए,जहां उचित इलाज का व्यवस्था नहीं होने से वापस लौट गए, फिर किरण की मौत हो गई।

# दूसरी श्रेणी में आवेदन करने वाले पारा शिक्षकों के लिए होगी अंतिम काउंसलिंग

**प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार ने हाईकोर्ट को दी जानकारी**

**राज्य सरकार को अंतिम काउंसलिंग प्रक्रिया जल्द शुरू करने का दिया निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट में वर्ष 2015



के प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करने वाले वैसे पारा शिक्षकों, जिन्होंने याचिका दाखिल की है, उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करने के लिए झारखंड सरकार अंतिम काउंसलिंग आयोजित करेगी। इससे संबंधित एक मामले में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सरकार एक नया रूल लाया है, जिसे कैबिनेट से अप्रूवल मिल चुका है। झारखंड गजट के अगले अंक में जनसाधारण की जानकारी के लिए इसे प्रकाशित किया जाएगा।

वैसे अभ्यर्थियों, जिन्होंने काउंसलिंग में शामिल होने को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है, उनके लिए आखिरी राउंड की काउंसलिंग का आयोजन झारखंड सरकार करेगी। हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अंतिम काउंसलिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू करने का निर्देश देते हुए याचिका निष्पादित कर दी। राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता रवि प्रकाश मिश्रा एवं अधिवक्ता गौरव राज ने पैरवी की। याचिकाकर्ता नईमीशलम ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

# इंडिया रासायनिक कीटनाशकों के बजाय अब सूरज की चमक से नष्ट होंगे कीट पतंगे



सुनील बादल

*भारत* में बहुत से किसान कृषि उत्पादन में बढ़ती लागत की तुलना में उपज की कम कीमत मिलने और कई बार मौसम की मार के अलावा सबसे ज्यादा हतोत्साहित होते हैं रासायनिक खादों के अलावा कीटनाशक दवाओं की हर साल बढ़ती कीमतों से। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद लगातार रासायनिक दवाओं की मनमानी मात्रा से इसके दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक करता रहा है और दिशानिर्देश भी देता रहा है। झारखंड सहित देश के अधिकांश भाग में यही समस्या है पर हाल के एक रिसर्च से लगता है कि अब एक नई शुरूआत होने वाली है। मध्य प्रदेश में किसान धान में लगने वाले कीड़ों से परेशान थे। जिले के कटंगझरी ग्राम के वीरेंद्र धांद्रे एवं अन्य किसान कृषि विभाग से मिले सौर ऊर्जा आधारित सोलर लाइट ट्रैप लगाया और अब बगैर किसी रसायन के उनकी फसल निरापद है। घटती जोत और बढ़ती आबादी ने अधिक फसल उत्पादन का दबाव बढ़ा दिया है। खेतों में नैसर्गिक रूप से कीट-पतंगे होते हैं, जिनमें से कई खेती और धरती के लिए जरूरी होते हैं। फसल को हानिकारक कीटों से बचाने के लिए छिड़की जाने वाली रासायनिक दवाएं न केवल फसलों के पोषक तत्वों की दुश्मन हैं, बल्कि प्रकृति-मित्र कीट-पतंगों को भी नष्ट कर देती हैं। लेकिन अब खेतों में सूरज की चमक से चलने वाले प्रकाश-उत्पादक बल्ब बगैर किसी नुकसान के मामूली व्यय में हानिकारक कीटों का नाश कर देते हैं। तेजी से हो रहे मौसमी बदलाव और बढ़ते तापमान ने हर फसल चक्र के दौरान फसलों पर अलग-अलग कीटों के प्रकोप में भी बढ़ोतरी कर दी है। हर साल सैकड़ों किसान जहरीली दवाओं के बेतहाशा इस्तेमाल के चलते मौत या दमे-कैंसर जैसी बीमारियों के शिकार होते हैं। हमारे देश में हर साल कोई दस हजार करोड़ रुपये के कृषि-उत्पाद खेत या भंडार-गृहों में कीड़ों के कारण नष्ट हो जाते हैं। इस बबार्दी को रोकने के लिए कीटनाशकों का इस्तेमाल बढ़ा। वर्ष 1950 में इसकी खपत 2,000 टन थी, लेकिन आज कोई 90 हजार टन जहरीली दवाएं देश के पर्यावरण में घुल-मिल रही हैं। इसका कोई एक तिहाई हिस्सा विभिन्न सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत छिड़का जा रहा है। वर्ष 1960-61 में केवल



6.4 लाख हेक्टेयर खेत में कीटनाशकों का छिड़काव होता था, लेकिन आज अनुमानतः करीब डेढ़ करोड़ हेक्टेयर में इनका छिड़काव होता है। ये कीटनाशक जाने-अनजाने में पानी, मिट्टी, हवा, जन-स्वास्थ्य और जैव विविधता को बुरी तरह प्रभावित कर रहे हैं। इनके अंधाधुंध इस्तेमाल से पारिस्थितिक संतुलन बिगड़ रहा है। कई कीटनाशकों की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ गई है। इस्तेमाल की जा रही दवाओं का महज 10 से 15 फीसदी ही असरकारक होता है, शेष जहर मिट्टी, भूगर्भ जल, नदी-नालों का हिस्सा बन जाता है। कीट नियंत्रण के लिए सोलर लाइट ट्रैप तकनीक का इस्तेमाल कम लागत वाला और नुकसान रहित है। सौर ऊर्जा संचालित कीट जाल पूरी तरह से स्वचालित, किफायती और पर्यावरण-अनुकूल है, जिसमें अल्ट्रावायलेट लाइट लगी है। दिन में सूर्य के प्रकाश में सोलर पैनल द्वारा ऊर्जा एकत्रित होती है और अंधेरा होने पर सेंसर के कारण यंत्र में लाइट चालू हो जाती है, जो कीटों को आकर्षित करती है। ट्रैप में कीटों के आने के बाद कीट नीचे लगी जाली में फंस जाते हैं। इस प्रकार खेत में किसानों को तना छेदक तितली और अन्य कीटों से फसलों को बचाने में मदद मिलती है। यह अत्याधुनिक उपकरण कीट और कीड़ों के पैटर्न की पहचान करता है और उसके अनुसार कीट प्रबंधन और नियंत्रण योजना विकसित करता है। इसकी पकड़ में सभी उड़ने वाले निम्फ और वयस्क कीड़े आदि आते हैं। इसकी तकनीक बेहद सामान्य-सी है, जिसका कोई खास रखरखाव भी नहीं होता। इसमें स्वचालित सौर लाइट ट्रैप में 10 वाट का सोलर लाइट पैनल है, जो बैटरी को चार्ज करता है। इसकी खासियत है कि यह मशीन केवल शत्रु कीटों को निशाना बनाती है। ऐसे कीट शाम 6 बजे से रात 10 बजे के बीच अधिक सक्रिय होते हैं। सौर ऊर्जा से संचालित यंत्र की लाइट अंधेरा होते ही शुरू हो जाती है और सुबह उजाला होते ही बंद। खेत में हर पौधे की लंबाई अलग-अलग होती है, इसलिए इस उपकरण को इस तरह ऊंचाई पर लगाया जाता है कि औसत ऊंचाई पर बैठे कीट इसकी तरफ आकर्षित हो जाएं। इस साधारण-सी तकनीक के गांव तक पहुंचने में एक ही व्यवधान है-ताकतवर अंतरराष्ट्रीय कीटनाशक लॉबी, जिसका अरबों का उत्पाद इसके चलते बिकना बंद हो सकता है। इसे ब्लॉक या जिले के कृषि विभाग कार्यालय या कृषि विज्ञान केंद्र से लिया जा सकता है। इस पर सरकार कुछ सब्सिडी भी देती है, लेकिन अभी इसका व्यापक स्तर पर प्रचार बहुत कम है।

# राज्य सरकार के अफसर लैंड माफिया की तरह कर रहे काम

**रैयती जमीन पर सरकारी भवन बनाने का मामला**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट ने सरायकेला निवासी एक व्यक्ति की नौ डिसमिल जमीन पर सरकार के अधिकारियों द्वारा भवन निर्माण किए जाने मामले में गुरुवार को सुनवाई की। हाई कोर्ट ने मामले में कड़ी टिप्पणी करते हुए कहा कि सरकार के अफसर लैंड माफिया की तरह काम कर रहे हैं। कोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार तीन माह के भीतर याचिकाकर्ता को उक्त जमीन के बदले मुआवजा राशि का भुगतान करें। इसके अलावा, जमीन पर भवन निर्माण करने मामले में जिम्मेदार अधिकारियों के वेतन या ऐसी गलती करने वाली एजेंसी से पांच लाख रुपये की वसूली की जाए। यह पांच लाख की राशि याचिकाकर्ता को दी जाए। याचिका




दुर्गा हेंब्रम नाम के व्यक्ति ने दायर की थी। इसमें उन्होंने शिकायत की थी कि उनकी 9 डिसमिल जमीन पर सरकार के अफसरों ने जबरदस्ती भवन निर्माण करा दिया। गुरुवार को याचिका पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान सरायकेला-खरसावां जिले के उपायुक्त सशरीर कोर्ट में उपस्थित हुए। वहीं, भू राजस्व एवं भवन निर्माण सचिव कोर्ट में ऑनलाइन उपस्थित हुए। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि गरीब आदमी जिसके पास सक्षम अधिकारी तक अपनी आवाज पहुंचने ▸▸शेष पृष्ठ 13 पर

## सुप्रभात पलामू



**पलामू वासियों को नमस्कार।**

इस प्रकार अध्यापक का कार्य शिक्षण व्यवस्था को सुदृढ़ करना है। उसी प्रकार अधिवक्ता का कार्य न्यायिक प्रक्रिया को सुचारू रखना है। अधिवक्ता को सदैव न्याय का झंडा बुलंद रखना चाहिये।

**बैद्यनाथ चौबे, वरिष्ठ अधिवक्ता पलामू।**

## सर्पदंश से महिला गंभीर

**मेदिनीनगर।** पड़वा थाना क्षेत्र के कजरी कठौतिया गांव निवासी शिवनाथ साव की पत्नी नंदकली देवी उम्र 45 को गुरुवार की सुबह जहरीला सांप ने डंस लिया। अचेतावस्था में परिजनों के द्वारा उन्हें इलाज के लिए पड़वा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां इलाज के बाद भी महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि नंदकली गुरुवार की सुबह खेत पर गई थी। इसी दौरान उन्हें सर्प ने डंस लिया।

## तस्वीर झूठ ना बोले



विभिन्न योजनाओं का सामाजिक अंकेक्षण करने वाला विभाग खुद अपना ही ऑडिट करने में असहाय है। (छाया-भोला)

### अस्पतालों में उमड़ रही भीड़, सर्दी-खांसी, बुखार के मामले बढ़ने से लोगों को परेशानी

# मौसम में उतार-चढ़ाव से संचारी बीमारियों का प्रकोप

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण संचारी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। सर्दी-खांसी, बुखार आदि के मामले बढ़ जाने से अस्पतालों में मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। एक सप्ताह से अधिक समय से मौसम का व्यवहार असामान्य रह रहा है। दिन व रात के तापमान में जहां काफी अंतर देखा जा रहा है। वहीं धूप-छांव का खेल भी लगातार जारी है। इसका



नागरिकों के स्वास्थ्य पर व्यापक असर देखा जा रहा है। खान-पान अथवा दिनचर्या में जरा सी लापरवाही से सर्दी-खांसी तत्काल अपने शिकंजे में जकड़ रही है। साथ ही वायरल फीवर के मरीजों की संख्या भी बढ़ गयी है। विशेषकर बच्चों व बुजुर्गों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या अधिक देखी जा रही है। चिकित्सकों ने ऐसे मौसम में लोगों को खान-पान संबंधी विशेष सावधानी बरतने की हिदायत दी है।

## एक नजर

### पुलिस को देख शराब फेंक कर भागा तस्कर

**मेदिनीनगर।** कोयल नदी के तटवर्ती इलाके में पुलिस को देख बाइक से शराब के लेकर जा रहा तस्कर शराब फेंक कर फरार हो गया। जवानों ने मौके से शराब को नष्ट किया। शहर थाना की पुलिस को बुधवार की देर शाम गश्त के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति बाइक से शराब लेकर तस्करी करने जा रहा है। टीओपी वन प्रभारी ने टाइगर मोबाइल के जवान राकेश कुमार सिंह, रोहित कुमार, इसरार खान आदि के साथ तत्काल चिन्हित मार्ग पर घेराबंदी की। इसी दौरान एक व्यक्ति बाइक से आता दिखाई दिया, किंतु सामने पुलिस को देख वह जरकिन फेंक कर उल्टे पांव भाग खड़ा हुआ।

### नौडीहा बाजार में क्रशर प्लांट सील

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन के निर्देश के आलोक में गुरुवार को जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने नौडीहा बाजार क्षेत्र में संचालित कई क्रशरों की जांच की। इस दौरान खनन नियमों का उल्लंघन करने पर मां भगवती स्टोन क्रशर को सील कर दिया गया। विदित है कि इसके पूर्व बुधवार को भी छतरपुर में संचालित विभिन्न क्रशरों का अपर समाहर्ता, खनन पदाधिकारी व छतरपुर एसडीएम ने निरीक्षण किया था। उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार के द्वारा अवैध खनन भंडारण एवं परिवहन के रोकथाम को लेकर एक सप्ताह में बड़ी कार्रवाई की गयी है। डीएमओ के द्वारा अवैध खनन से जुड़े 10 वाहनों को जब्त किया गया एवं आठ वाहनों से 5 लाख 72 हजार 5 सौ की वसूली की गयी है।

### कुत्ते को बचाने में टेंपो पलटा, चालक गंभीर

**मेदिनीनगर।** तरहसी थाना क्षेत्र के काजी पकरी गांव निवासी टेंपो चालक नईम अंसारी उम्र 50 वर्ष गुरुवार की सुबह सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। परिजनों ने बताया कि नईम अंसारी गुरुवार की सुबह टेंपो लेकर तरहसी से लेस्लीगंज जा रहे थे। इसी बीच रास्ते में अचानक सामने आये कुत्ते को बचाने के क्रम में उनका टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल नईम को स्थानीय लोगों के द्वारा इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनकी स्थिति देख प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया।

### अदालत ने 20 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया, तीन वर्ष बाद मिला न्याय

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास

**नवीन मेल संवाददाता**

**अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी।**

**मेदिनीनगर।** जिला व्यवहार न्यायालय पलामू के जिला व अपर सत्र न्यायाधीश चतुर्थ व स्पेशल जज पोक्सो प्रेमनाथ पांडेय की अदालत ने नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 20 हजार रुपए अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतनी पड़ेगी। इस मामले में शिव बिगहा निवासी मीना देवी (बदला हुआ नाम) ने महिला व बाल संरक्षण थाना हुसैनाबाद थाना में अपनी नाबालिग पुत्री के दुष्कर्म के आरोपी महेंद्र पासवान के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 376 व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 4 व 8 के तहत नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसके तहत महिला बाल संरक्षण थाना कांड संख्या 4/2021 तिथि 5 अप्रैल 2021 को दर्ज किया गया था। इसमें अभियुक्त पर आरोप था कि पीड़िता की मां सुबह नौ बजे खेत में गेहूं काटने गई थी। तब उसके घर में दो बेटी जो एक सात साल की और एक पांच साल की थी। तभी अचानक उसकी छोटी बेटी खेत पर रोते हुए आई और बताई कि पड़ोस का महेंद्र पासवान दीदी को रूम में बंद कर दिया है। तब पीड़िता की मां भागते हुए घर लौटी तो देखी की उसकी बड़ी बेटी कमरे में बैठकर रो रही है। पूछने पर बताई की महेंद्र भैया अचानक कमरे में घुस गया था व दरवाजा बंद कर दिए। वह उसे बिस्तर पर लेटाकर उसका व अपना अंगवस्त्र खोल कर उसके साथ गलत करने लगे। जब वह रोने लगी तो उसका मुंह भी बंद कर दिया। तभी पीड़िता की दादी आ गई और दादी को आता देख महेंद्र वहां से भाग गया। इसके बाद पीड़िता की मां ने अपनी बेटी को थाना ले जाकर प्राथमिकी दर्ज कराई। अदालत ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए हुसैनाबाद थाना अंतर्गत शिवा बिगहा निवासी महेंद्र पासवान को पोक्सो अधिनियम की धारा 6 के तहत सजा सुनाई है।



घर में अकेली बालिका के साथ किया था गलत काम, गेहूं काटने गयी थी मां

# एनपीयू की आज व कल होने वालीं परीक्षायें स्थगित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर-पीतांबर विश्वविद्यालय की एक व दो मार्च को होने वालीं सभी सभी परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया है। ये परीक्षाएं यूजी सेमेस्टर-दो सत्र 2022-26 की हैं। इस परीक्षा में 20 हजार से भी ज्यादा परीक्षार्थी शामिल हैं। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डा. एमके दीपक ने बताया कि अपरिहार्य कारणों से उक्त परीक्षाओं को स्थगित किया गया है। एक और दो मार्च की स्थगित परीक्षायें अब क्रमशः 18 और 19 मार्च को पूर्व निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर ली जायेंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन के एक और महत्वपूर्ण निर्णय के तहत एक सिंह कॉलेज जपला की सेमेस्टर-टू का परीक्षा केंद्र जपला में ही रखा गया है। छात्र-छात्रायें जपला स्थित शहीद भगत सिंह इन्टर कॉलेज और सोन वैली हार्वे स्कूल स्थित परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा देंगे।



# पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष बने सुशील कुमार सिन्हा

**रिकार्ड मतों से दूसरी बार कोषाध्यक्ष पद पर जीते विक्रांत दुबे**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पुलिस मेंस एसोसिएशन शाखा पलामू के अध्यक्ष पद पर सुशील कुमार सिन्हा निर्वाचित घोषित किये गये। जबकि उपाध्यक्ष जयप्रकाश पुरी, सचिव लालू राम, कोषाध्यक्ष विक्रांत दुबे, केंद्रीय सदस्य मोहम्मद इसराइल, संयुक्त मंत्री कृष्ण कुमार एवं अंकेक्षक सुनील कुमार निर्वाचित हुये। एसोसिएशन के चुनाव में विक्रांत दुबे ने कोषाध्यक्ष पद पर दूसरी बार रिकॉर्ड मतों से विजयी होने में सफलता प्राप्त की है। विदित हो कि विक्रांत दुबे पुलिस कल्याण के साथ-साथ जन कल्याण भी करते रहते हैं। विशेषकर रक्तदान के मामले में उनका उल्लेखनीय योगदान रहा है।

### एक गुट के विरोध के बाद 10 मार्च से प्रस्तावित चुनाव टला, विवाद के पटाक्षेप का सुझाव

# लोस चुनाव बाद पेंशनर समाज का चुनाव कराने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू पेंशनर समाज की बैठक हंगामेदार रही। बैठक में लोकसभा चुनाव के समाप्त होने के एक महीने के अंदर पेंशनर समाज का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। पूर्व निर्णय के अनुसार 10 मार्च को पलामू जिला पेंशनर समाज के चुनाव की तिथि घोषित थी, किंतु पेंशनर समाज के एक गुट ने इसका विरोध किया। राज्य महासचिव महेश प्रसाद की उपस्थिति में बैठक हुई। विरोध कर रहे हैं गुट के सदस्य चुनाव प्रक्रिया को असंवैधानिक बताते हुए बैठक में ही हंगामा करने लगे। विरोध कर रहे सदस्यों का कहना था कि अभी तक वोटर लिस्ट का प्रकाशन नहीं हुआ है। वोटर लिस्ट त्रुटि पूर्ण है। जिला कमेटी के अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के आय-व्यय का विवरण आम सभा की बैठक में नहीं रखा है। वर्तमान वोटर लिस्ट में बहुत सारे पेंशनर की मौत हो चुकी है। वैसे लोगों का नाम वोटर लिस्ट से हटाया जाए। राज्य कमेटी के महासचिव ने चुनाव कराने के पूर्व वोटर लिस्ट में नए सदस्यों को जोड़ने व लेखा-जोखा प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। तब तक पुरानी कमेटी कार्य करती रहेगी। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष युगल राम ने की। बैठक में राज्य के कोषाध्यक्ष चंद्रकांत सिंह, रामधनी पांडेय, मुंद्रिका तिवारी, विद्यानंद दुबे, शिवप्रसाद महतो, रामरेश तिवारी, जटाधारी महतो उपस्थित थे।



# टीटीआई भरत लाल को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डालटनगंज स्टेशन परिसर में रेलवे में कार्यरत टीटीआई भरत लाल की सेवानिवृति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व मध्य रेल डालटनगंज के सहायक दूरसंचार अभियंता हरीश कुमार व विशिष्ट अतिथि शहर थाना प्रभारी डी पोद्दार उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत दोनों अतिथियों को पुष्प गुच्छ से सम्मानित कर किया गया। वहीं, डालटनगंज टिकट चेकिंग इंचार्ज बीएम पाण्डेय व अन्य अधिकारियों ने टीटीआई भरत लाल को माला पहनाकर स्वागत किया तथा उनके कार्यावधि की सराहना की। सभी ने उपहार स्वरूप इन्हें शॉल, डायरी, कलम, अटैची इत्यादि भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन रेलकर्मी मनीष मिश्रा ने किया। मौके पर स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, वाणिज्य यातायात निरीक्षक विकास कुमार, ईसीआरएमसी के शाखा सचिव संजय पासवान, वाणिज्य पर्यवेक्षक राजेश कुमार, टिकट चेकिंग स्टाफ रविन्द्र दुबे, बैकुंठ यादव, बी गंझू, शशिकांत कुमार, अजय कुमार, दिलीप कुमार, एबीसी तिर्की, प्रशांतोनाथ मौजूद थे।

# नीति पूर्ण तरीके से की जाये शिक्षकों की प्रोन्नति

**फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने की डीएसई से मुलाकात**



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड ऑफिसर्स टीचर्स एंड इंप्लाई फेडरेशन व झारखण्ड प्रगतिशील शिक्षक संघ पलामू इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने पलामू डीएसई रणधीर कुजूर से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें बुके व झारोटेफ का मोमेंटो देकर अभिनंदन किया गया। प्रांतीय महासचिव बलजीत कुमार सिंह, प्रांतीय मुख्य सलाहकार सह झरोटेफ के प्रांतीय मुख्य प्रवक्ता दिनेश कुमार शुक्ला व पलामू जिलाध्यक्ष मनोज मेहता ने संयुक्त रूप से शिक्षकों की समस्या को लेकर उनसे वार्ता की। बताया कि वर्तमान समय में शिक्षकों को ग्रेड 4 व ग्रेड 7 में प्रोन्नति हेतु हाईकोर्ट व विभागीय निर्देशों का बेहतर तरीके से विश्लेषण कर व नई प्रोन्नति नियमावली 2024 के प्रभाव में आने पर ही नीति पूर्ण तरीके से प्रोन्नति किया जाए। जिससे एक भी शिक्षक का अधिकार हनन न हो। डीएसई श्री कुजूर ने समस्याओं को सुनने के बाद नियमसंगत ही प्रोन्नति देने तथा शिक्षकों की सभी समस्याओं का निष्पादन शिक्षकों के सहयोग से शीघ्र करने का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में झरोटेफ के वरीय जिला उपाध्यक्ष दीपक कुमार, संजय कुमार गुप्ता, अभिषेक राज, राकेश रंजन पिंकू, सचिव विनय कुमार, कोषाध्यक्ष राम उपेंद्र पांडेय, संगठन सचिव अजय कुमार आदि शामिल थे।

### गढ़वा के बाद पलामू में भी भालू का खौफ

**मेदिनीनगर।** क्षेत्र स्थित जंगलों में एक बाद फिर से वन्य जीवों के हमले बढ़ने लगे हैं। पिछले सप्ताह सीमावर्ती गढ़वा जिले के भंडरिया क्षेत्र में बाजार से घर लौट रहे एक युवक पर हमला बोलकर भालू ने गंभीर रूप से लहुलुहान कर दिया था। बुधवार को पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के सेरका गांव निवासी ननदेव सिंह के पुत्र छद्दू सिंह उम्र 32 वर्ष भालू के हमले में गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों ने बताया कि छद्दू सेरका जंगल में मवेशी चरा रहा था। इसी बीच भालू ने उसके ऊपर हमला कर दिया।

# छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सड़क सुरक्षा नियमों का ईमानदारी से पालन करना हम सभी के लिए महत्वपूर्ण है। हमारी छोटी सी लापरवाही हमसे हमारा जीवन छीन सकती है या हमें जीवन भर के लिए अपाहिज बना सकती है। वरदान चैरिटेबल ट्रस्ट की सचिव शर्मिला वर्मा ने मानव देवी एकेडमी पोखराहा में छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा का पाठ पढ़ाते हुये यह बातें कहीं। स्कूल की डायरेक्टर श्वेता, राखी सोनी, फरहा नाज, रिनू शर्मा, लक्ष्य श्रेष्ठ और मयूरेश द्विवेदी ने भी विद्यार्थियों को सचेत किया। इस दौरान सभी ने बच्चों को हेलमेट के महत्व से परिचित कराया। इस दौरान गीत के जरिये भी बच्चों को जागरूक किया गया। बच्चों ने सुरक्षा नियमों का अनुपालन करने का संकल्प जताया।

## सदस्यता

### दर्जनों ग्रामीणों ने दामन थामा, जिलाध्यक्ष ने सभी का किया स्वागत

# जिले में लगातार बढ़ रहा जेएमएम का जनाधार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में झामुमो का पलामू में जनाधार लगातार बढ़ रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सुआ कौड़िया के मुखिया पति और पूर्व पंचायत समिति सदस्य उपाध्याय सिंह के नेतृत्व में सुदर्शन सिंह सहित दर्जनों लोगों ने झामुमो का दामन थामा। जिलाध्यक्ष श्री सिन्हा ने कहा कि झारखंड के बदलते राजनीतिक परिदृश्य में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार की लोकप्रियता और ज्यादा बढ़ी है। इसी वजह से पलामू में भी लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। जनमानस का स्वाभाविक झुकाव जेएमएम की तरफ हो रहा है। आसन्न लोस चुनाव में भी इसका असर देखने को मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन सचिव सन्नू सिद्धिकी ने किया। मुखिया पति उपाध्याय सिंह ने कहा कि झामुमो में शामिल होकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस मौके पर पिछड़ा मोर्चा के अध्यक्ष ललन चौधरी, नगर सचिव छोटू त्रिपाठी, युवा मोर्चा कोषाध्यक्ष देवानंद भारद्वाज मौजूद रहे। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में रामशरण सिंह, दिनेश कुमार सिंह, अशोक सिंह, मोतीलाल चौधरी, संजय सिंह, उदय राम, आशीष सिंह, परशुराम सिंह शामिल रहे।

**झामुमो में शामिल होकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं : मुखिया**



**झारखंड के बदलते राजनीतिक परिदृश्य में झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन और झारखंड सरकार की लोकप्रियता और ज्यादा बढ़ी है। इसी वजह से पलामू में भी लोग झामुमो में शामिल हो रहे हैं। जनमानस का स्वाभाविक झुकाव जेएमएम की तरफ हो रहा है: अध्यक्ष**




## झारखण्ड को ₹36 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

## हिन्दुस्तान उर्वरक एवं रसायन लिमिटेड की सिंदरी यूरिया इकाई का राष्ट्र को समर्पण

### एवं अन्य योजनाएं

**राष्ट्र को समर्पण**

- नार्थ उरीमारी कोल् हैंडलिंग प्लांट, सी सी एल, रामगढ
- टोरी-शिवपुर तीसरी रेलवे लाइन
- रेट्रोफिटिंग प्रदूषण प्रणाली-फ्लू डीसल्फराइजेशन (एफजीडी) इकाई बी टी पी एस-ए
- एन टी पी सी नार्थ करणपुरा एस टी पी पी, चतरा, इकाई एक (660 MW)
- टोरी शिवपुर (फर्स्ट एवं सेकंड लाइन) और बिरटोली शिवपुर (थर्ड लाइन)
- मोहनपुर हंसडीहा रेल लाइन

**शिलान्यास**

- रेलवे लाइन डबलिंग, प्रधान खानटा जंक्शन-पथारडीहबाजार-भोजुडीह
- सिंदरी मार्शलिंग यार्ड रिमॉडलिंग
- रेलवे लाइन डबलिंग, जमुनिटांड़-चंद्रपुरा
- रेल ओवर रेल लाइन, पतरातू-टोकीसूद
- कुजू रांची रोड वाई कनेक्शन रेलवे लाइन
- धनबाद, चंद्रपुरा रेलवे लाइन
- सोननगर-अंडाल तीसरी और चौथी रेल लाइन

**ट्रेन सेवाओं को हरी झंडी**

- देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन
- शिवपुर स्टेशन से लंबी दूरी माल गाड़ी
- टाटानगर बदामपहाड़ डेली मेमू ट्रेन

## नरेन्द्र मोदी

**प्रधानमंत्री**

के कर कमलों द्वारा

**शुक्रवार, 01 मार्च, 2024 | प्रातः 10:45 बजे | सिंदरी, धनबाद (झारखण्ड)**

* HURL के द्वारा तीन फ़र्टिलाइज़र प्लांट (गोरखपुर, बरौनी एवं सिंदरी) और FRCL के द्वारा रामागुंडम फ़र्टिलाइज़र प्लांट के पुनरुद्धार से वार्षिक यूरिया उत्पादन क्षमता 50.8 लाख टन बढ़ी है
* भारत सरकार ने किसानों के हित में यूरिया सब्सिडी बढ़ाकर अब 1 लाख 75 हज़ार करोड़ रुपये कर दी है जो की वर्ष 2014 की तुलना में लगभग ढाई गुना ज़्यादा है
* रेल इन्फ्रास्ट्रक्टर मजबूत करने से नागरिको को बेहतर रेल कनेक्टिविटी की सुविधा मिलेगी एवं मालगाड़ियों की आवाजाही काफी आसान हो जाएगी जिससे झारखण्ड राज्य की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी
* नॉर्थ करणपुरा सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट से ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बनी रहेगी और ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की निरंतर बढ़ती हुई बिजली की मांगों को निर्बाध रूप से पूरा किया जा सकेगा
* FGD तकनीक हवा की गुणवत्ता में सुधार करने और एसिड वर्षा, धुंध और सल्फर प्रदूषकों के कारण होने वाली श्वसन संबंधी बीमारियों के हानिकारक प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है

### गरिमामयी उपस्थिति

**श्री सी. पी. राधाकृष्णन**
राज्यपाल, झारखण्ड

**श्री चम्पाई सोरेन**
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

**डॉ. मनसुख मांडविया**
केंद्रीय मंत्री, रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

**श्री अर्जुन मुंडा**
केंद्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय और जनजातीय कार्य मंत्रालय

**श्री पी. एन. सिंह**
सांसद

कृपया दूरदर्शन न्यूज़ पर सीधा प्रसारण देखें

## एक नजर

### जंगल में अधेड़ का शव मिलने से सनसनी

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के बरवादामर जंगल से एक अधेड़ का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शव की पहचान मेराल थाना क्षेत्र के चामा गांव निवासी स्वर्गीय बाला अंसारी के 55 वर्षीय पुत्र अलमुद्दीन अंसारी के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलने पर गढ़वा पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि अलमुदिन गुरुवार सुबह खेत की तरफ गए थे, लेकिन उनके देर तक नहीं लौटने पर परिजनों ने काफी खोजबीन की। उसके बाद स्थानीय लोगों से सूचना मिली कि उनका शव जंगल में पड़ा हुआ है। पुलिस ने अनुसंधान शुरू कर दी है। शव में मिले चोट व जले के निशान से संभावना जताई जा रही है कि किसी ने उनकी हत्या कर शव को फेंक दिया है।

### जिला परिषद से की शिकायत

**भवनाथपुर।** प्रखंड के प्रधान सहायक विजय राम के द्वारा रिश्वत मांगने का वीडियो वायरल होने के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से नाराज लोगों ने जिला परिषद रंजनी से शिकायत की है। जिला परिषद सदस्य शर्मा रंजनी ने प्राप्त शिकायत पत्र को वरीय अधिकारी से अवगत कराते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने की बात कही। विदित हो कि प्रखंड सह अंचल कार्यालय के प्रधान सहायक विजय राम के द्वारा रॉयल्टी काटने के एवज में एक प्रतिशत कमीशन मांगी जा रही थी। तत्कालीन डीडीसी के द्वारा भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचकर स्वयं इसकी जांच कर कार्रवाई की मांग की गयी थी। इसके तीन माह बाद भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गयी है। मौके पर सुरेश कुमार, सचिन कुमार, राहुल कुमार यादव, अनिल कुमार रावत, सुजीत कुमार, अनिल रावत, अनुज कुमार, सुनील रावत, अजीत यादव, अरविंद कुमार, राजन मेहता आनि ने आवेदन पर हस्ताक्षर किया है।

### प्रभारी प्राचार्य को दी गयी विदाई, कार्यकाल को किया याद

**भवनाथपुर।** बालिका परियोजना उच्च विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य अजय कुमार सिंह को सेवानिवृत्त होने पर विद्यालय प्रांगण में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय कुमार पांडेय ने सेवानिवृत्त शिक्षक को पुष्प गुच्छ तथा अंगवस्त्र देकर उन्हें भावभीनी विदाई दी। मौके पर वक्ताओं ने कहा कि शिक्षक अजय कुमार सिंह ने जिस तरह 39 वर्षों से अधिक समय तक शैक्षणिक कार्य में अपना योगदान दिया वह अविस्मरणीय है। अपने संपूर्ण जीवन काल में अवैतनिक रहते हुये उन्होंने छात्र- छात्राओं के बीच शिक्षा की अलख जगायी। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मिथिलेश दुबे ने किया। इस मौके पर सेवानिवृत शिक्षक सह पत्रकार सीताराम पाठक, समाजसेवी शिवपूजन यादव, पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, अजय कुमार वर्मा, उदित कुमार, प्रिया कुमारी, विजयभान सिंह, कृष्णा रावत, विनय कुमार, सत्यप्रकाश यादव, रिशु कुमार, मनोरमा टोप्पो, चंद्रधन राम उपस्थित थे।

### आलमारी का लाकर तोड़कर चोरों ने दिया घटना को अंजाम, व्यवसायियों ने की पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग

# लोहिया समता उच्च विद्यालय से 1.98 लाख रुपए चोरी




**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** बुधवार की रात्रि केतार स्थित लोहिया समता उच्च विद्यालय के कार्यालय का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 1.98 लाख रू नगद चोरी कर लिया। जबकि कार्यालय में रखे चार आलमारियों के लॉकरों को भी तोड़कर उसमें रखे मूल प्रमाण पत्रों को भी क्षति पहुंचायी है। जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने कार्यालय का दरवाजा खुला देख इसकी सूचना विद्यालय के शिक्षकों को दी। जानकारी के पश्चात विद्यालय के शिक्षक आनन-फानन में विद्यालय पहुंचे। उन्होंने देखा कि कार्यालय परिसर में समान बिखरा हुआ है और आलमारी में रखा विद्यालय विकास कोष और छात्र कोष की राशि रु.1.98 लाख गायब है। शिक्षकों ने इसकी जानकारी केतार थाने को दी। पुलिस ने विद्यालय पहुंचकर मामले की तहकीकात की । प्रधानाध्यापक के अनुपस्थित रहने की वजह से प्राथमिकी के लिए थाने में आवेदन नहीं दिया जा सका है।

**जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह ग्राउंड में क्रिकेट खेल रहे बच्चों ने कार्यालय का दरवाजा खुला देख इसकी सूचना विद्यालय के शिक्षकों को दी।**

**वर्जन** आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। आवेदन मिलते ही प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस मामले की तहकीकात करेगी, जल्द ही इसका उद्भेदन किया जायेगा। **रौशन कुमार थाना प्रभारी केतार।**

### केतार बाजार में 20 दिन पूर्व भी हुई थी चोरी

केतार कर्पूरी गेट के समीप मेडिकल दुकान, श्रृंगार स्टोर, होटल सहित अन्य दुकानों में 20 दिन पुर्व चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इसके बाद उच्च विद्यालय में चोरी की इस घटना से केतार के व्यवसायियों में भय और आक्रोश का माहौल बना हुआ है। लोगों का कहना है कि रात्रि में पुलिस गश्ती नहीं होने से दुकानदार और व्यवसायी असहज महसूस करते हैं। रोनीयार वैश्व समाज के प्रखंड अध्यक्ष विश्वनाथ प्रसाद, व्यवसाय संघ के अध्यक्ष रामाश्रय प्रसाद, अमरनाथ जायसवाल,कुंदन प्रसाद,शशि कमलापुरी,सुकेश प्रसाद, जयंत विश्वकर्मा, आदित्य कुमार, दया प्रसाद, अनिल प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद सहित अन्य दुकानदारों ने चोरी की घटना पर नकेल कसने और सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्ती बढ़ाने का आग्रह किया है।

### सामूहिक विवाह में चोरों का उत्पात

भवनाथपुर। टाउनशिप में विधायक भानु प्रताप शाही के तत्वावधान में आयोजित 51 कन्याओं की शादी में अन्य अव्यवस्थाओं के साथ चोरों ने भी जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान चोरों ने बाइक के साथ एक महिला के मंगलसूत्र पर हाथ साफ किया। रविरंजन सिंह पिता संजय सिंह निवासी टंडवा रमना,संजय साहू पिता सुरेंद्र साह निवासी लमारी कला मझिआंव एवं दुलार साह पिता चंद्र देवमणि साह निवासी भवनाथपुर ने थाने में अपनी बाइक चोरी होने की शिकायत दर्ज करायी है। जबकि भवनाथपुर की महिला ने अपनी व्यथा सुनाते हुये कहा कि उसका सोने का मंगलसूत्र चोरों ने चुरा लिया।

## क्रिकेट टूर्नामेंट का आज शुभारंभ करेंगे मंत्री मिथिलेश



नवीन मेल संवाददाता

**मेराल।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकुना मेराल के मैदान पर आयोजित स्व. कौशल कुमार ठाकुर प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ शुक्रवार सुबह 10 बजे प्रदेश के पेयजल स्वच्छता एवं उत्पादन मद्य निषेध मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर करेंगे। साथ ही विशिष्ट अतिथि मेराल प्रमुख दीपमाला कुमारी, प्रशिक्षु डीएसपी चिरंजीवी मंडल, मेराल पश्चिमी पंचायत की मुखिया उर्मिला देवी , मेराल पश्चिमी पंचायत की बीडीसी अंचला देवी को बनाया गया है। कमेटी में अध्यक्ष मजमुद्दीन अंसारी ने बताया कि उद्घाटन मैच मेराल पूर्वी पंचायत एवं संगबरिया पंचायत के खिलाड़ियों के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट में 20 पंचायत के खिलाड़ी भाग लेंगे।

### डीलर ने बीएसओ से की शिकायत, पहल की मांग

## आवंटन से 20 क्विंटल कम मिला राशन



नवीन मेल संवाददाता

केतार। प्रखंड के परती कुशवानी गांव के डीलर चंद्रदेव बैठा ने गुरुवार को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुनील कुमार को आवेदन देकर आवंटन के हिसाब से कम राशन मिलने की शिकायत की है। डीलर ने आवेदन में उल्लेख किया है कि उनकी दुकान के साथ एक अन्य जनवितरण प्रणाली की दुकान टैग किया गया है। दोनों दुकान के लाभुकों के राशन से 20 क्विंटल राशन कटौती कर ली गयी है। कम राशन का आवंटन मिलने से दोनों दुकानों के लाभुको के साथ समन्वय स्थापित कर राशन वितरण करना सम्भव नहीं है। डीलर ने आपूर्ति पदाधिकारी से आवंटन के हिसाब से राशन दिलाने का आग्रह किया है ताकि लाभुकों के बीच ससमय राशन वितरण किया जा सके।

### सड़क हादसे में महिला घायल

**गढ़वा।** थाना क्षेत्र के चेतना गांव में हुई बाइक दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान ऊंटारी थाना क्षेत्र के बिनहुआ गांव निवासी सरजू प्रजापति की पत्नी मानपति देवी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि वह अपने बेटे के साथ बाइक से घर जा रही थी। इस दौरान बाइक से असंतुलित होकर गिर गई। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## जनहित कारी है प्रदेश का आम बजट



नवीन मेल संवाददाता

केतार। झारखंड सरकार के द्वारा पेश किए गए बजट को जनहित कारी करार देते हुये मुकुंदपुर पंचायत की पंचायत समिति सदस्य अजीमा खातून ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन एवं वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव का आभार जताया हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए पेश बजट स्वागत योग्य है। उक्त सरकार ने हर वर्ग को सौगात दी है। यह बजट मध्यवर्गी, किसान, मजदूर, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है। इसमें समाज के सभी वर्ग के उत्थान पर जोर दिया गया है। बजट में 19 नये महाविद्यालय स्थापित करने व 4036 पंचायत स्तरीय स्कूलों को अगले दो वर्षों में आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किये जाने का प्रावधान सुखद पहल है। उच्च शिक्षा के लिए सरकार का यह प्रभावशाली कदम होगा। बजट से ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी।

**राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए पेश बजट स्वागत योग्य है। उक्त सरकार ने हर वर्ग को सौगात दी है। यह बजट मध्यवर्गी, किसान, मजदूर, महिला, छात्र, युवा सभी के हित में है : पंचायत समिति सदस्य**

### पेट्रो उत्पादों की कीमतों में वृद्धि से लोग दे रहे तरजीह, करना पड़ रहा इंतजार

## बढ़ रहा इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज, मांग नहीं हो रही पूरी



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** पेट्रोलियम पदार्थों की आसमान छूती कीमतों के बीच जिला मुख्यालय सहित प्रखंडों में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज बढ़ गया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के कई प्रोपराइटर बताते हैं कि इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग के अनुरूप कंपनियां आपूर्ति नहीं कर पा रही हैं। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के साथ अब इलेक्ट्रिक वाहन लोगों की प्राथमिकता बनते जा रहे हैं। जिला मुख्यालय के मां अंबे इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर चंदन कुमार बताते हैं कि हर महीने 15-20 इलेक्ट्रिक बाइक की बिक्री होती है। उन्होंने तीन साल पहले दुकान खोला है। जब से दुकान खोला है तभी से मांग के अनुरूप इलेक्ट्रिक बाइक ग्राहकों को नहीं मिल रही है। कंपनी मांग के अनुरूप आपूर्ति नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि वह 20 प्रतिशत मांग ही पूरा कर पा रहे हैं। कंपनी की ओर से तैयार सभी ब्रांड नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि समय के साथ जिला मुख्यालय में भी इलेक्ट्रिक वाहनों का क्रेज बढ़ा है। वहीं दूसरी कंपनी के प्रोपराइटर सुनिल कुमार कश्यप बताते हैं कि स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग संतोषजनक है। उन्होंने बताया कि अच्छा उत्पाद मिले तो लोग रूचि से इलेक्ट्रिक स्कूटी या बाइक खरीदते हैं। उनकी दुकान से हर महीने 12-13 स्कूटी आराम से बिक जाती थी। उधर साहिल ट्रेडर्स के प्रोपराइटर हासिम अंसारी ने बताया कि इलेक्ट्रिक स्कूटी या बाइक की मांग जिले में हैं। लोग इलेक्ट्रिक बाइक खरीदना पसंद करते हैं। एक बार के चार्जिंग में 100 किमी आराम से चलता है। परिवहन विभाग के अनुसार अबतक 50 इलेक्ट्रिक वाहनों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। उनमें टू और थ्री व्हीलर शामिल हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों की जिले में मात्र दो एजेंसियां ही हैं।

### शहर की सड़क पर उतरी इलेक्ट्रिक कार

बताया जाता है कि जिला मुख्यालय पर इलेक्ट्रिक कार की अभी कोई एजेंसी नहीं है। इसके बाद भी शहर की सड़क पर इलेक्ट्रिक कार भी नजर आने लगी है। बताया जाता है इसे महानगरों से खरीदा गया है।

## चोरों के निशाने पर स्कूल, नागरिक चिंतित



**नवीन मेल संवाददाता**

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत पहाड़ी इलाके में स्थित गरदाहा हाईस्कूल असामाजिक तत्वों के साथ चोरों के निशाने पर है। दस दिन के अंतराल में दो बार विद्यालय में चोरी की घटना से जहां बच्चों का पठन-पाठन बाधित हो गया है। वहीं नागरिकों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखनी लगी हैं। नागरिकों ने बताया कि 17 फरवरी की रात स्कूल के भवन की दीवार तोड़ कर जलापूर्ति की अंडर ग्राउंड पाइप को तोड़कर फेंक दिया गया था। उसके ठीक दसवें दिन 26 फरवरी की रात में पुनः दूसरी जगह दीवार व एक खिड़की तोड़ कर अंदर घुसे चोरों ने शिक्षक सदन का ताला तोड़कर बायोमेट्रिक हाजिरी का टैब , 4 फुटबॉल, 4 वॉलीबॉल, 4 सेट क्रिकेट का बैट बॉल, 4 सेट बैडमिंटन, 2 सेट नेट, 5 सेट चेस सहित कई खेल सामग्री चोरी कर ली। हाजिरी बही को लाल पेन से क्रॉस कर दिया गया। इससे पूर्व भी चोरों ने दो बार आईसीटी कंप्यूटर क्लास का दरवाजा तोड़कर कंप्यूटर व उसके उपकरणों की चोरी की थी। तभी से विद्यालय में कंप्यूटर की पढ़ाई बंद हो गई। प्रधानाध्यापक सूर्यदीप पाल ने भवन के क्षतिग्रस्त भागों की मरम्मति कराई। मुख्य गेट लगवाया। रनिंग वाटर की व्यवस्था कराई। और भी बहुत कुछ बेहतर

**बच्चों का पठन-पाठन बाधित, दस दिनों में दो बार चोरी**

### 40 छात्रायें हैं अध्ययनरत

विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र की 40 छात्रायें अध्ययनरत हैं। ऐसे में कंप्यूटर की पढ़ाई बंद रहने से छात्रायें अद्यतन जानकारी से वंचित हो रही हैं। लोगों ने पुलिस-प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये असामाजिक तत्वों व चोरों की कारगुजारी पर अंकुश लगाये जाने की मांग की है।

**सड़क पर बेतरतीब खड़ा कर दिये जाने से लग रहा जाम**

## नहीं थम रही टेंपो चालकों की मनमानी



गढ़वा। शहर में टेंपो चालकों की मनमानी थमने का नाम नहीं ले रही है। उनके आगे किसी की नहीं चलती है। यातायात नियमों की वे परवाह नहीं करते। एकल मार्ग हो या नो इंट्री। सभी जगहों पर चालक टेंपो लेकर बेधड़क घुस जाते हैं। टेंपो चालकों द्वारा जहां-तहां गाड़ी पार्क करने से शहर में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। सुबह व शाम के समय जाम की समस्या आम हो गई है। जाम में अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व कर्मचारियों की गाड़ियां भी फंसी रहती हैं। सबसे ज्यादा दिक्कतें एंबुलेंस चालकों को होती है। जाम के कारण मरीजों की हालत खराब होने लगती है। इस समस्या से छुटकारा दिलाने के लिए अधिकारी गंभीर नहीं दिख रहे हैं। रेलवे स्टेशन रोड, मेन रोड़,रंका चौक, सहिजना मोड़, चिनिया मोड, सदर अस्पताल, मंझिआंव मोड, ब्लॉक, कचहरी, नवादा मोड़ पर टेंपो चालकों की मनमानी से जाम की समस्या आम हो गयी है।

### ठेला संचालकों से भी परेशानी

शहर में टेंपो चालकों के साथ ठेला संचालक भी भीषण जाम का प्रमुख कारण साबित हो रहे हैं। मेन रोड से लगे हर चौराहे पर ठेले वाले विभिन्न सामानों का दुकान लगाये सहजता से देखे जा सकते हैं। ऐसे में सड़क संकरा होने के कारण नियमित रूप से जाम लग रहा है। पुलिस के जवान भी मूकदर्शक बने रहते हैं।

### नहीं है पार्किंग की व्यवस्था



लोगों का कहना है कि शहर में पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। जिसके कारण टेम्पों चालक सड़क पर गाड़ी खड़ा कर यात्री का इंतजार करते रहते हैं। कुछ देर में ही टेम्पो की पीछे वाहनों की कतार लग जाती है।

### भाजयुमो के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने की नारेबाजी, जताया विरोध

## बिजली दर में वृद्धि के खिलाफ सीएम का फूंका पुतला



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** प्रदेश सरकार द्वारा बिजली दर बढ़ाने के विरोध में भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को रंका मोड़ पर मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन का पुतला फूंका। कार्यकताओं ने झामुमो सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है। सत्ता में बैठे मंत्री विधायक जनता का शोषण करने में लगे हुए हैं। बिजली बिल माफ करने का वादा था, लेकिन झामुमो सरकार ने बिजली महंगी कर आम जनता के साथ धोखा किया है। आनेवाले दिनों में झामुमो सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जनता कमर कस चुकी है। जिला महामंत्री संतोष दुबे ने कहा कि झामुमो का हर वादा फेल हुआ है। भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे ने कहा कि झामुमो सरकार में बैठे मंत्री विधायक जनता को ठगने में लगे हुए हैं। बिजली महंगी होने से जनता परेशान है। झारखंड में बेरोजगारी चरम पर है, लेकिन झामुमो सरकार रोजगार देने के बजाय महंगाई बढ़ाने में लगी हुई है। मौके पर मुख्य रूप से अरविंद तुफानी, गौरी बिंद, नसरुद्दीन अंसारी, विनय चौबे, मुरली श्याम सोनी, विवेकानंद तिवारी, उमेश कश्यप, बीर यादव, जयंत पाण्डेय, प्रमोद चौबे, डॉ. लालमोहन, प्रमोद जायसवाल मौजूद थे।

**झामुमो सरकार में जनता त्राहिमाम कर रही है**

**हाल-बेहाल** दर-दर भटक रहे वर्ष 2016 में सेवा से बर्खास्त 528 चौकीदार, कोई नहीं ले रहा सुधि

# सेवाविमुक्त चौकीदार आर्थिक तंगी से बदहाल





**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** झारखण्ड राज्य में वर्ष 2016 में सेवा से बर्खास्त 528 चौकीदार बदहाली की जिंदगी जीने को विवश हैं। आर्थिक तंगी के कारण वे दर-दर भटक रहे है पर कोई भी इनकी सुनने को तैयार नहीं। आज परिस्थिति ऐसी हो गयी है कि यें सभी न घर के है और न घाट के। इनके लिये परिवार का भरन-पोषण करने का संकट उत्पन्न हो गया है। जमापुंजी भी मुकदमा लड़ने व पैरवी में समाप्त हो जाने से उनके समझ में नहीं आ रहा है कि अब वे क्या करें। विदित हो कि दो से छह वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके चौकीदारों को वंशवादी का हवाला देकर हटा दिया गया है। सेवामुक्त चौकीदारों का कहना है कि उनके पूर्वज बगैर किसी पारिश्रमिक के थाने में कार्य करते थे। लंबे संघर्ष के बाद वर्ष 1990 में चौकीदारों को सरकारी दर्जा दिया गया, लेकिन सरकारी मान्यता होने के बाद वैसे चौकीदारों को कोई लाभ नहीं मिल पाया जिनकी सेवा उम्र पूर्ण होने वाली थी। इसे देखते हुये तत्कालीन गृह सचिव राजबाला वर्मा के समय आदेश दिया गया कि 1990 के बाद सेवानिवृत्त होने वाले सभी चौकीदारों के आश्रितों को एक बार मौका दिया जायेगा। इसी के आलोक में बर्खास्त चौकीदारों की बहाली की गयी थी।

**आज परिस्थिति ऐसी हो गयी है कि यें सभी न घर के है और न घाट के। इनके लिये परिवार का भरन-पोषण करने का संकट उत्पन्न हो गया है। जमापुंजी भी मुकदमा लड़ने व पैरवी में समाप्त हो जाने से उनके समझ में नहीं आ रहा है कि अब वे क्या करें।**

### मंत्री के आश्वासन के बाद भी कार्रवाई नहीं

सेवा विमुक्त चौकीदार भोला राम, नंदेश्वर राम, राजीव कुमार और आशुतोष कुमार ने बताया कि गत वर्ष राजभवन के पास चौकीदार संघ प्रदेश अध्यक्ष कृष्ण दयाल सिंह के नेतृत्व में क्रमबद्ध आमरण अनशन किया गया। था। जिसके बाद तत्कालीन मंत्री आलमगीर आलम ने एक माह बाद आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया था। इसके बाद भी अभी तक कोई कार्रवाई नहीं किये जाने से उनकी समस्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध कोयला लदा एक पिकअप वैन संख्या डब्ल्यू बी41डी 5816 जब्त

**गिरिडीह।** अवैध कोयला परिवहन की मिली गुप्त सूचना पर सरिया पुलिस ने कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने जहां अवैध कोयला लदा एक पिकअप वैन संख्या डब्ल्यूबी 41डी 5816 को जब्त किया है। वहीं प्लास्टिक की बोरी में बंद लगभग तीन टन कच्चा कोयला बरामद किया है। बताया गया कि एसडीपीओ बगोदर सरिया धनंजय राम को मिली अवैध कोयला परिवहन की सूचना पर उन्होंने सरिया थाना प्रभारी अरविन्द कुमार सिंह को जांच का निर्देश दिया। थाना प्रभारी ने रात्रि गश्ती दल के साथ कार्रवाई शुरू की। इस दौरान केशवारी से करीब आधा किलोमीटर की दुरी पर एक पिकअप वैन का चालक पुलिस गश्ती दल को देख वाहन छोड़ मौके से भाग गया। पुलिस ने जब वाहन की जांच किया तो उसमे 100 बोरा कच्चा कोयला बरामद किया। पुलिस ने वाहन और कोयला को जब्त कर सरिया थाना में कांड संख्या 56/2024, दिनांक- 29/02/2024 में धारा-414/34 भादवि एवं 30 (ii) कोल माइंस एक्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुटी है।

### सीएसपी संचालक से हुई लूट मामले में फरार एक अन्य आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गिरीडीह।** जिले के बगोदर थाना अंतर्गत बीते 19 फरवरी को सीएसपी संचालक से हुई लूट मामले में फरार चल रहे एक अन्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी अहमद रजा की गिरफ्तारी बगोदरडीह के समीप से हुई है। वह सरिया थाना क्षेत्र के केशवारी का निवासी बताया जा रहा है। आरोपी के पास से लूट के पैसों में से तीन हजार रुपया बरामद किया गया है। गिरफ्तारी की पुष्टि जिला के एसपी दीपक कुमार शर्मा ने की है। इस संबंध में बताया गया कि इस लूट कांड मामले में पांच अभियुक्तों की गिरफ्तारी पूर्व में हो चुकी है जबकि फरार अभियुक्त अहमद रजा की गिरफ्तारी के लिए एसपी के निर्देश पर बगोदर सरिया एसडीपीओ धनंजय कुमार राम के नेतृत्व में एसआईटी गठित कर लगातार छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान 28 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली कि अहमद रजा कलकत्ता से बगोदर आ रहा है। सूचना मिलते ही एसआईटी की टीम फौरन हरकत में आई और आरोपी को बगोदरडीह के पास से गिरफ्तार किया गया। बताते चलें कि बीते 19 फरवरी को बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत औरा अलगडीहा खेतको रोड पर गेल ऑफिस के पास हथियार का भय दिखा कर अपराधियों ने सीएसपी संचालक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था।

### उपायुक्त की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा बैठक

**गिरिडीह।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में मनरेगा, बिरसा हरित ग्राम योजना, अबुआ आवास योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, आम बागवानी योजना अंतर्गत संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी/बीपीओ/ रोजगार सेवक को बेहतर कार्य योजना बनाकर लक्ष्य के अनुरूप आवास योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही मनरेगा के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में उपायुक्त द्वारा मनरेगा के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं को गति के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। साथ ही लाभुकों को किस्त का भुगतान स-समय करने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा उपायुक्त ने कहा कि सभी को सहयोग एवं समन्वय के साथ कार्य करने की आवश्यकता है। ताकि पारदर्शिता एवं सुनियोजित तरीके से उक्त योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित कराया जाय ताकि सभी योग्य लोगों को इसका लाभ मिल सके। इसके अलावा उपायुक्त, श्री नमन प्रियेश लकड़ा ने सभी प्रखंडों में चल रहे कार्य प्रगति की क्रमवार जानकारी ली और लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने को कहा। प्रत्येक पंचायतों में योजना का क्रियान्वयन करने को कहा ताकि लेबर इंगेजमेंट को बढ़ाया जा सके।

# केंद्र की ईडी की कार्रवाई के विरोध में झामुमो ने निकाला न्याय मार्च

## चुनावी मुद्दों को पूरा न करने पर केंद्र सरकार एजेंसियां का रही है दुरुपयोग : त्रिभुवन

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह।** गिरीडीह झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से रिहा करने को लेकर सरिया में विरोध व न्याय मार्च निकाला गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल उपस्थित थे। न्याय मार्च की शुरूआत मांदर व डुगडुगी के साथ सरिया क्षेत्र का भर्मण किया इस दौरान हेमंत सोरेन को न्याय दो, ईडी का दुरपयोग करना बंद करो, मोदी सरकार हाय हाय, मोदी हटाव देश बचाव सरीखे नारे लगाये गये। झामुमो पार्टी के लोगों ने संबोधित करते हुए कहा कि जब से मोदी सरकार केंद्र में बनी हैं तब से देश की आर्थिक स्थिति कमजोर हो चुकी हैं। लूट-भ्रष्टाचार और आपराधिक घटनाएं बढ़ गई हैं। बेरोजगारी चरम सीमा पर हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार चुनावी सभा में बड़े-बड़े दावे किये थे। प्रत्येक साल 10 लाख नौकरी देने की बात की थी लेकिन यह नौकरी नहीं दे सका। छात्र नौजवान बेरोजगार हो गये हैं। चुनावी बातों को भूलकर एजेंसियां को गलत इस्तेमाल कर के विपक्ष को निशाना बना रही हैं और राज्य की सुव्यस्थित स्थिति को उलझाना चाहती हैं। इससे साफ जाहिर होता हैं कि मोदी छात्र-नौजवानों को बेरोजगार करने पर आतुर हैं। जिला उपाध्यक्ष त्रिभुवन मंडल ने कहा कि केंद्र के मोदी सरकार के द्वारा ईडी जैसी एकपक्षीय एजेंसियां के खिलाफ आज झामुमो ने विरोध प्रदर्शन किया हैं। इन्होंने कहा कि ईडी की कार्रवाई अगर निष्पक्षता होती हैं तो वो भाजपा के घर क्यों नही छापा डालती हैं इससे साफ जाहिर होता हैं कि मोदी की ईडी एजेंसियां विपक्ष को निशाना बना रही हैं। यदि इन एजेंसियों में मोदी सरकार पाबंदी नही लगाती हैं तो जिस प्रकार से बंगाल में खदेड़ा गया था। ठीक उसी प्रकार से झारखंड से भी इन एजेंसियां को मार भगाने के लिए विवश होंगे।

### लीड्स संस्था ने किया प्रखंड स्तरीय कार्यशाला आयोजित

**गिरिडीह।** संस्था के द्वारा एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय कार्यशाला प्रखंड कार्यालय तिसरी में अयोजित किया गया। जिसमें सरकारी पदाधिकारी एवं संस्था के कार्यकर्ताओं ने बच्चों के बेहतर भविष्य को कैसे सही कर सकते हैं। अपने-अपने अनुभव बताये। लीड्स संस्था से महेंद्र ने आरटीई का मतलब हिंदी में शिक्षा का अधिकार होता है। राइट टू एजुकेशन अधिनियम भारत सरकार द्वारा बनाया गया एक कानून है।

### कुट्टी मिल में रखे बिचाली में आग लगने से हजारों की संपति खाक

**गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना के निकट माथा अहरी तालाब के पास स्थित दिनेश साव उर्फ दीनू साव के कुट्टी मिल में रखे हजारों की संख्या में रखे बिचाली में भीषण आग लग गई। जिससे बिचाली समेत कपड़ा, खाने-पीने का सामान आदि का नुकसान हुआ है। करीब 50 हजार की संपत्ति जलकर बर्बाद हो गई। गनीमत रही कि जिस रूम में बिचाली रखा हुआ था वह खुला था नहीं तो नुकसान बड़ा हो सकता था। बिचाली रहने के कारण आग तेजी से चारों तरफ पकड़ लिया। पीड़ित व्यक्ति ने अहिल्यापुर थाना में आवेदन देकर जांच पड़ताल कर उचित कार्रवाई करने समेत गांडेय अंचलाधिकारी को भी आवेदन देकर सरकार द्वारा मिलने वाली उचित मुआवजा का मांग किया है। घटना की खबर पर गुरुवार अहले सुबह पंचायत मुखिया प्रतिनिधि पिंटू हाजरा पीड़ित के घर पहुंचे और वस्तुस्थिति से अवगत होते हुए मुआवजा दिलाने में पूरे सहयोग को लेकर आश्वस्त किया।

### नारोटांड में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

**तिसरी (गिरिडीह)।** 35वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ने गुरुवार को नारोटांड पंचायत भवन में पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। जिसमें एसएसबी के वेटनरी कमांडेंट जेके शर्मा की उपस्थिति में नारोटांड, सेवाटांड, चरकी, बलबली, मुखबली आदि गाँवों के ग्रामीणों ने इसका लाभ लिया। वहीं शिविर में कुल 45 घरेलू पशुओं के मुफ्त इलाज के साथ-साथ मुफ्त दवाइयां भी उपलब्ध करवाई गई। बताया गया कि सशस्त्र सीमा बल द्वारा अपने कार्य क्षेत्र में समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-21/2023-24

पत्रांक –176 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | जमुनिया बाँध का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 93.321 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 320790 District (23-24)_D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-22/2023-24

पत्रांक –177 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | भीतापर बाँध का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 49.851 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.320792 District(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 11RI/2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ

दिनांक–29.02.2024

1. कार्य का नाम :

| क्र0 | आईडेन्टीफिकेशन संख्या/पैकेज संख्या | प्रखंड | | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/DALTONGANJ/STPKG/15/23-24 | सतबरवा | 1 | ग्राम बकोरिया एन0एच0–75 हुरहरी मोड़ से प्राईमरी स्कूल चरवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.20कि0मी0) | 1449.221 | चौदह करोड़ उन्नचास लाख बाईस हजार एक सौ रूपये मात्र | 15 माह | द्वितीय |
| | | डालटनगंज सदर | 2 | चियांकी एन0एच0 से सुआ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (1.65कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 3 | विपिन पाठक मोड़ से लोहरी बस्ती तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.50कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 4 | एन0एच0–75 से कसियाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (6.10कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 5 | रबदा से ठेमा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.70कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 6 | रेवारातु से घुटुवा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (9.16कि0मी0) | | | | |
| | | सतबरवा | 7 | हलुमाड़ सिवाना बी0टी0 रोड से लेदवाखांड भाया मानासोती मेन रोड तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (2.50कि0मी0) | | | | |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 320839 Rural Development(23-24)D

## OFFICE OF Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation

### Request for Proposal/E-Procurement Notice

*REQUEST FOR PROPOSAL NO.-UDD/MMC/64/2023-24* *Date:.28.02.2024*

Request for Proposal are invited on behalf of **Medininagar Municipal Corporation (MMC)**, Jharkhand for work on DBOT basis from reputed and eligible firms/ Consortium/Joint Ventures having sound Technical and Financial capability for the following works:

| Sl. No. | Description of Package | Estimated Capital & O&M Cost (Rs.in lakh) | Earnest Money (Rs. in lakh) | Tender Fee (Rs.) | Completion Period) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Door to Door Collection of Segregated Municipal Solid Waste, Design, Setting up & Operation and Maintenance of Material Recovery facility, Bioremediation and biomining of legacy waste Remediation, Transfer Station & Transportation Facility, Developing & Operating& Maintenance of Wet & Dry Waste Processing Facility and Engineered Sanitary Landfill Facility as per SWM Rules 2016 & SBM 2.0 guidelines, for Medininagar Municipal Corporation in Jharkhand, on a long-term Design, Build, Operate and Transfer (DBOT) basis with 20 years O&M | 1889.20 & 11573.69 | 18.89 | 25,000/- | 16 Month Construction & 20 Yrs. O&M |
| 2 | Issue of RFP | 04.03.2024 at 05:00 PM | | | |
| 3 | Last date for receiving queries | 14.03.2024 By 11:00AM to 2:00 PM | | | |
| 4 | Pre bid meeting | 14.03.2024 By 3:00 PM to 4:00 PM | | | |
| 5 | Proposal due date | 02.04.2024 By 5:00 PM | | | |
| 6 | Opening of technical bid | 03.04.2024 By 3:00 PM | | | |
| 7 | Official Inviting Tender | Municipal Commisioner, Medininagar Municipal Corporation | | | |
| 8 | Mobile Number | +91-7277311538 ,9386849354 | | | |
| 9 | E-mail | municipalcouncil.medininagar@gmail.com | | | |
| 10 | Helpline Number of E-Procurement Cell | 8539814283 | | | |

Note:- 1. Only e-tenders are acceptable. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
2. Contractor should be registered in appropriate class as per NIT
3. Estimated cost/Quantity may vary.

Sd/-
**Asst. Municipal Commisioner**
**Medininagar Municipal Corporation**

PR 320819 (District)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई–प्रोक्योरमेंट अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – **DWSD/SR/DT/Med-13/2023-24 (1st Call)** दिनांक 28.02.2023

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Relocation of 125x115 mm dia and 60 mtr. (av.) deep drilled tube well with installation of IM-II Hand Pump, 1.85m dia meter PCC Platform and 3.0 m. long drain on turnkey basis in different rural habitation under DW&S Division, Medininagar for the year 2023-24. | SR/MED-01 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-02 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-03 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-04 | 30 | 2516646.00 | 50500.00 | 5000.00 | 45 Days |
| | | SR/MED-05 | 23 | 1929429.00 | 39000.00 | 5000.00 | 45 Days |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.03.2024 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.03.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.03.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.03.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 7543089612 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोटः– 1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है।
3. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर।

PR 320849 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 (D)

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-26/2023-24

पत्रांक –181 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गोरेया बाँध का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 72.404 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 320796 (District)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-23/2023-24

पत्रांक –178 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सलेया जोठनी आहर का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–मोहम्मदगंज, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 16.884 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 320793 (District)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्याः–WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-24/2023-24

पत्रांक–179 हुसैनाबाद, दिनांक–28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | अखोरीखाप आहर का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 23.427 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR.NO.320794 District(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-25/2023-24

पत्रांक –180 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | दुधी पानी बाँध का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–हुसैनाबाद, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 24.888 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 09 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 320795 (District) 23-24 (D)

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू

**सूचना**

**राष्ट्रीय लोक अदालत**

**शनिवार, 9 वीं मार्च 2024**

**व्यवहार न्यायालय,पलामू में निःशुल्क सुलभ एवं त्वरित न्याय के लिए**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नालसा के निर्देशानुसार,एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, राँची के तत्वावधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार पलामू के द्वारा दिनांक–9वीं, मार्च 2024 को व्यवहार न्यायालय परिसर,पलामू, डालटनगंज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में समझौता योग्य निम्नलिखित वाद जो किसी न्यायालय में लंबित हैं या नहीं का निपटारा किया जा सकता है:–

बैंक संबंधी मामले, धारा 138 परकाम्य लिखत अधिनियम 1881,वसूली संबंधित मामले, सुलहनीय आपराधिक मामले, मोटर यान दुर्घटना से संबंधी दावे, कुटुंब न्यायालय से संबंधित मामले, श्रम से संबधित मामले, जमीन अधिग्रहण से संबंधित मुकदमें, बिजली एंव जल से संबंधी मामले, दीवानी मुकदमें। विचाराधीन तथा मुकदमें के पूर्व के मामले।

लोक अदालत विवादों का त्वरित निपटारा तथा अंतिम निपटान, सर्वमान्य समाधान तथा अदालत में अदा की गई फीस के लौटाये जाने को सुनिश्चित करता है।

अगर आप का उपरोक्त कोई मामला व्यवहार न्यायालय,पलामू में विचाराधीन है और अगर आप उस मामले का निपटारा कराना चाहते हैं तो 9वीं, मार्च 2024 से पूर्व स्वयं या अपने वकील के जरिए व्यवहार न्यायालय, पलामू में उपस्थित होकर आवेदन दाखिल करें। इस हेतु समझौता पूर्व बैठक सभी बैंक एवं सभी संबंधित न्यायालयों में कार्यालय अवधि के पुर्व एवम् पश्चात कार्यरत रहेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांक– 9 वीं, मार्च 2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से प्रारंभ होगी। इस संदर्भ में किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस पर 10:30 से 4:30 बजे जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू में आ कर सचिव मोबाइल सं0 8757269596) से सम्पर्क किया जा सकता है।

–निवेदक–

(रीश्मा रमेशन) आरक्षी अधीक्षक –सह– सदस्य जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू

(शशि रंजन) उपायुक्त –सह– उपाध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू

(नीरज कुमार श्रीवास्तव) प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार,पलामू

PR 320906 Palamu(23-24).D

## एक नजर

### बानो रौतिया समाज की हुई बैठक

**बानो।** रौतिया समाज की प्रखण्डं इकाई बानो की बैठक राजस्व गांव हाटिंगहोढ़े में गुरुवार की गयी। जिसकी अध्यक्षता अर्जुन साय ने की. जिसमें समाज के विकास पर चर्चा की गयी। जिसमें समाज के विभिन्न गांव से आए लोगों ने समाज की समस्याओं से अवगत किए, एंव समाज में कुरीतियों को दूर करने का संकल्प लिया गया. बैठक में प्रखण्डं अध्यक्ष महेश सिंह, जिला अध्यक्ष राजेश सिंह, समाज के भरत सिंह, बहुरन सिंह, बिरसमुनी देवी, अशोक सिंह, अजून सिंह, दिनेश सिंह,भानुमती देवी, के अलावा समाज के अन्य लोग उपस्थित थे।

### संत जेवियर कॉलेज में प्लेसमेंट सेल की एकदिवसीय वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**सिमडेगा।** गांधी फेलोशिप की जानकारी तथा समाज के विकास में युवाओं की भागीदार को बढ़ाने के लिए प्रोग्राम मैनेजर प्रियंका सरकार की अध्यक्षता में पीरामल फाउंडेशन, गांधी फेलोशिप टीम ने संत जेवियर्स कॉलेज, सिमडेगा के प्लेसमेंट सेल के साथ मिलकर एक दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया।जिसमें कॉलेज के अलग अलग संकाय के 100 से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के प्रधानाध्यापक डॉ. फादर. एफ्रेम बा, एसजे ने उत्सुकता दिखाते हुए गांधी फेलोशिप टीम का स्वागत किया तथा स्वयं के विकास के साथ समाज के विकास के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। ओरिएंटेशन के दौरान गांधी फेलोशिप क्या है, गांधी फेलोशिप के इस सफर में आप कैसे खुद को जान सकते है, आप अपने नेतृत्व छमता को कैसे विकसित कर सकते है, आप कैसे इसका हिस्सा बन सकते है और रजिस्ट्रेशन प्रोसेस कैसे करें आदि सवालों पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते हुए प्रश्न पूछे। कार्यक्रम में पीरामल फाउंडेशन की प्रोग्राम लीडर दिव्याणी, फेलो दीपक, राजू, सत्या, तथा अंशुमान उपस्थित रहे।

**डीसी ने डायन प्रथा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# डायन बिसाही के नाम यातना देने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** महिला बाल विकास विभाग एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग झारखण्ड रांची के निर्देश के आलोक में गुरुवार को समाहरणालय परिसर से उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने डायन प्रथा जागरूकता से संबंधित दो रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। बताया गया यह जागरूकता रथ जिले के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्रों, विभिन्न प्रखण्डों के हाट बाजारों, भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर रोस्टर अनुसार घूम-घूम कर आम जनों को जागरूक करने का कार्य करेगी। ताकि सामाज में व्याप्त इस कुप्रथा के प्रति लोगों में जागरूकता लाया जा सके। इस ऑडियो जागरूकता वाहन के माध्यम से गांव में पहुंच कर ग्रामीणों के बीच डायन प्रथा उन्मूलन पर जन जागरूकता फैलाने का कार्य किया जाएगा। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत किसी महिला को डायन के रूप में पहचान करने वाले तथा उसे पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कार्रवाई करने वाले को अधिकतम 3 महीने तक कारावास की सजा तथा 1000 जुर्माना अथवा दोनों का प्रावधान है। इसके अलावा किसी महिला की डायन के रूप में पहचान कर उसे शारीरिक या मानसिक यातना देने, जानबूझकर या अन्यथा प्रताड़ित करने पर 6 माह की अवधि के लिए कारावास की सजा अथवा 2000 तक जुर्माना अथवा दोनों प्रावधानित है। उक्त के आलोक में उपायुक्त के द्वारा बताया गया कि जिला के सुदूरवर्ती ग्रामों से समय- समय पर डायन बिसाही के नाम पर महिलाओं के साथ क्रूरता के मामले प्रकाश में आते रहते हैं। डायन प्रथा मुख्यतः समाज के लिए एक अभिशाप है, जिसका शिकार ज्यादातर गरीब, कमजोर एवं विधवा, एकल महिलाएं होती है. समाज कल्याण विभाग, सिमडेगा द्वारा संचालित जागरूकता रथ गांवों में जन जागरूकता के साथ ही डायन प्रथा उन्मूलन के लिए कार्य करेगी।

# जनता दरबार उपायुक्त ने सुनी ग्रामीणों की समस्या



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** आम जनमानस के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा गुरुवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा।इस दौरान उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।उपायुक्त के जनता दरबार में खतियानी जमीन पर अवैध कब्जा, विद्यालय में नए चापाकल निर्माण कराने, तालाब निर्माण, विद्युत मीटर बंद कराने, अनुकंपा पर नियुक्ति एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आये। उपायुक्त द्वारा जनता दरबार में शिकायतकताओं की समस्याओं को सुनने के पश्चात सभी संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने हेतु अग्रसारित किया।

### भाजपा कोनपाला मंडल में लाभार्थी कार्यशाला का आयोजन

**ठेठईटांगर।** भारतीय जनता पार्टी कोनपाला मंडल में गुरुवार को लाभार्थी कार्यशाला का आयोजन मंडल अध्यक्ष विजय महतो के अध्यक्षता पर मंडल के सलंगापोछ में हुई।आयोजित कार्यशाला के मुख्य अतिथि पूर्व नगर परिषद उपाध्यक्ष ओमप्रकाश साहू ने कहा कि केंद्र सरकार आदरणीय मोदी के द्वारा, गरीब जनता के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं का बौछार पूरे देश में किए गए हैं जिसे भाजपा के कार्यकताओं को गांव बुथ में जाकर लाभार्थियों से सम्पर्क करके मोदी जी की याजनाओं के बारे बाताएं जैसे, गरीबों को पका मकान, शौचालय, गैस सिलेंडर चुल्हा, आयुष्मान कार्ड , सुकन्या लाडली योजना, कोरोना काल में मुफ्त आन्नाज किसान सम्मान निधि आदि योजनाओं के बारे में जानकारी देनी है उन्होंने कहा आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में 400 पार के बहुमत से केन्द्र में तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए अपने मंडल क्षेत्र में मेहनत करें।

# ईसाई समुदाय के लोगों को तीर्थ यात्रा के लिए सुविधा मुहैया कराए सरकारः विधायक भूषण बाड़ा

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने ईसाई समुदाय के लोगों को पवित्र तीर्थ स्थल हॉली शहर येरुशलम जाने हेतु सुविधा मुहैया कराने की विधानसभा सत्र के शून्यकाल में मांग की है। विधायक ने कहा कि राज्य के सनातन समुदाय जाती है। वहीं मुश्लिम समुदाय के लोगों को तीर्थ दर्शन की सुविधा राज्य सरकार द्वारा कराई जा चुकी है। सनातन समुदाय के लिए चार धाम, बद्रीनाथ, रामेश्वरम, द्वारिकाधीश, जगन्नाथ मंदिर प्रमुख तीर्थ स्थलों का तीर्थ दर्शन एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों को मक्का मदीना हज यात्रा हेतु सरकार द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। जबकि ईसाई समुदाय के लोगों को तीर्थ यात्रा के लिए कोई सरकारी सुविधा उपलब्ध नहीं मिलती है। विधायक ने कहा कि ईसाई समुदाय के लाखों लोग हर साल राज्य से तीर्थ यात्रा के लिए पवित्र तीर्थ स्थल



हॉली शहर येरुशलम जाते हैं। विधायक ने कहा कि राज्य में ईसाई समुदाय के लोगों की संख्या काफी अधिक है। पर सरकार से कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराए जाने से कई राज्य के ईसाई समुदाय के लोग पवित्र तीर्थ स्थल हॉली शहर येरुशलम जाने से वंचित रह जाते हैं। विधायक ने बताया कि हॉली शहर यरुशलम ही वो शहर है, जहां ईश्वर ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था और यहीं से वो अवतरित भी हुए थे। ईसा मसीह का मकबरा द चर्च ऑफ द होली सेपल्कर के भीतर है। दुनियाभर के करोड़ों ईसाइयों के लिए ये धार्मिक आस्था का मुख्य केंद्र हैं। उन्होंने कहा कि हर साल लाखों लोग यहां आकर प्रार्थना करते हैं। साथ ही देश दुनिया मे अमन, चैन, शांति और खुशहाली के साथ स्वयं के लिए भी खुशहाली की दुआ मांगते हैं। विधायक ने कहा कि यरूशलेम को आमतौर पर ईसाई धर्म का उद्गम स्थल माना जाता है।

**मुस्लिम समाज की आस्था के विरुद्ध गलत बयानी बंद करें**



सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने बिधानसभा मे दिए गए बयान पर आजाद समाज पार्टी झारखण्ड के प्रदेश महासचिव मोहम्मद शरीफ रजा खां ने विरोध जताया है। विधायक ने विधान सभा मे कहा की जिस तरह हिन्दू और मुस्लिम समाज को सरकारी खर्चे से धार्मिक यात्रा कराई जाती है उसी प्रकार से ईसाई समाज को भी इस प्रकार का लाभ मिलना चाहिए।शरीफ रजा ने कहा की विधायक महोदय को स्पीच देने से पहले उक्त मुद्दे पर खुद अच्छे से रीडिंग कर लेनी चाहिए या अपना सालाहकार बदल लेना चाहिए की मुस्लिम समाज को हज यात्रा हेतु किसी प्रकार की सब्सिडी भारत सरकार के तरफ से मिलती है।कांग्रेस सरकार के वक़्त हज यात्रा हेतु सब्सिडी एयरलाइन्स कंपनी को दी जाती थी जो मोदी सरकार ने बंद कर दी।लगभग 10 सालों से हज सब्सिडी पूर्ण रूप से बंद है ।आप हर धर्म के लिए सदन मे

## चीक-बड़ाईक उत्थान समिति की केरसई के बासेन में हुई बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। केरसई** चीक-बड़ाईक उत्थान समिति द्वारा बासेन पंचायत स्थित बाबा धनी नगर गढ़बासेन में पंचायत स्तरीय चीक-बड़ाईक समाज की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष सोहन बड़ाईक के नेतृत्व में हुई। उन्होंने बैठक में सबों का अभिवादन करते हुए समाज के उत्थान के संबंध गहन चर्चा किया और समाज को एक सूत्र में बांधकर चलने हेतु समाज के विभिन्न पारंपरिक रीति-रिवाज पर प्रकाश डालते हुए जागरूकता की बात कही बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित डॉ मोहन बड़ाईक जिला संगठन प्रभारी अनुसूचित जनजाति मोर्चा भाजपा शामिल हुए डॉ बड़ाईक ने अपने संबोधन में चीक-बड़ाईक समाज के उत्थान और विकास पर बल देते हुए कहा कि आज हमारी जाति समाज अन्य समाज के मुकाबले काफी पिछड़ा है और समाज के विकास की गति को आगे बढ़ाने के लिए समाजिक एकता और भाई चारा अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

**बेड़ाइरगी पंचायत भवन में शांति समिति की हुई बैठक**

# निकाली गई मतदाता जागरूकता रैली

**नवीन मेल संवाददाता। बानो** बानो प्रखंड के महाबुवांग थाना क्षेत्र के बेड़ाइरगी पंचायत भवन में बेड़ाइरगी मुखिया हेलेन कंडुलना की अध्यक्षता में बैठक हुई।बैठक में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ थाना प्रभारी महाबुआंग अभिषेक कुमार ने शांति समिति की बैठक कर समन्वय स्थापित किया।बैठक में नए थाना प्रभारी अभिषेक कुमार का सर्वप्रथम स्वागत किया गया तत्पश्चात स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों के साथ परिचय हुआ।।थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने कहा की महाबुवांग थाना क्षेत्र के हर पंचायत क्षेत्र में शांति बनाए रखने के लिए आप लोगो का सहयोग अति आवश्यक है। गांव,घर में शांति बना कर रखे आप के सहयोग के बिना शांति व्यवस्था बहाल नही की जा सकती हैं।गाँव मे महुआ शराब बनाने से गाँव का माहौल बिगड़




जाता है। बेडाइरगी, सिम्हातु, पंचायत जंगलों के बीच है।जंगली हाथियों का आना जाना होता रहता है।शराब व हड़िया के गंध से हाथी घरों को छतिग्रस्त कर सकते है। घटनाओं को अंजाम देते हैं। पंचायत क्षेत्र में किसी तरह की कोई भी घटना हो तुरन्त जनप्रतिनिधियों के माध्यम से या सीधे प्रशासन को जानकारी दे।महुआ चुनने के दरमियान जंगल क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र में हाथी का भी प्रकोप रहता है,उनसे सावधानी बरतनी है।बैठक के बाद नेहरू युवा केन्द्र सिमडेगा बानो के सदस्यों के साथ मतदाता जागरूकता व पंजीकरण के सम्बंध में पंचायत के ग्राम रबाई, सूत्रीउली , गटीगढ़ा आदि गावों में जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर नेहरू युवा केंद्र के चंद्रकांता कुमारी , ग्राम सभा अध्यक्ष इलियाजर कंडुलना ,दिनेश बड़ाईक आदि लोग उपस्थित थे।

### सांप के डसने से घायल सगे भाइयों में से एक की हुई मौत

**सिमडेगा।** बानो प्रखंड के लामगढ़ गांव में बुधवार को दो सगे भाइयों को सांप ने डसा था जिसमें एक भाई की गुरुवार को सिमडेगा सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में मौत हो गई । मृतक की पहचान अमृत जोजो 12 वर्षीय के रूप में हुई। बताया गया कि बुधवार को वह दोनों बच्चे अपने मां के साथ खेत में थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने दोनों को डसा और उनकी तबीयत बिगड़ी तब उन्हें बानो स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां से सिमडेगा सदर अस्पताल भेजा गया ।इधर सदर अस्पताल में इलाज के क्रम में अमृत जोजो की मौत हो गई ।जबकि विक्सल जोजो का इलाज सदर अस्पताल में चल रही है। इधर मामले की जानकारी मिलने के बाद पुलिस पहुंची एवं मृतक बच्चे के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया ।बताया गया कि मृतक के पिता काम करने के लिए पंजाब गया हुआ है।

**विकसित भारत मोदी की गारंटी भाजपा ने किया प्रेस कांफ्रेंस**

# भाजपा एकमात्र पार्टी जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की : विमला प्रधान

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**

सिमडेगा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा विकसित भारत मोदी की गारंटी अभियान के निमित्त गुरुवार प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रेस को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री व एचपीसीएल के स्वतंत्र निदेशक विमला प्रधान ने कहा की भारतीय जनता पार्टी ही एकमात्र पार्टी है ।जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। देश की आजादी का यह अमृत काल चल रहा है । यह भारत के इतिहास का वह कालखंड है ।जब देश विकास में एक लंबी छलांग लगाने जा रहा है।और इसी परिकल्पना के आधार पर भाजपा ने 'विकसित भारत मोदी की गारंटी' संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारम्भ करने जा रही हैं। जिसका उद्देश्य है जन-जन की आकांक्षाओं



को सीधा मोदी जी तक पहुँचाना ,ताकि वे भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सकें। आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र हेतु 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों, उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है।इस अभियान को दो चरणों में विभाजित किया गया है ।पहले चरण अभियान लॉन्च किया गया एवं दूसरे चरण में सुझाव एकत्रित के लिए जनसंपर्क गतिविधियां चलाई जाएंगे लॉन्च कार्यक्रम में सुझाव एकत्रित करने हेतु सुझाव पेटी मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई है ।जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई गई है ।साथ ही भारत के विभिन्न वर्गों और समुदायों से जोड़ने के लिए इस अभियान के अंतर्गत निम्नलिखित कार्यक्रम का क्रियान्वयन किया जाएगा 125 कोहॉर्ट मिलन एवं संवाद स्टार्टअप्स के फाउंडर राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता राष्ट्रीय खिलाड़ियों के साथ पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी नजन संवाद करेंगे एवं विकसित भारत बनाने के लिए उनसे सुझाव लेंगे। 500 एलईडी प्रचार वाहन देशभर में चलाए जाएंगे जो मोदी सरकार के विकास के संदेश गांव गली तक लेकर जाएंगे और साथ में जनता को उनके सुझाव भी एकत्रित करेंगे। मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 एवं नमो ऐप के माध्यम से जनता अपने सुझाव सीधा मोदी तक पहुंचा सकती है।

**लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणापत्र के लिए 1 करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है**

# 1 मार्च को वाहनों का परिचालन बन्द का निर्णय लिया वापस

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा सदर थाना परिसर में खड़िया समाज की गुरुवार को बैठक का आयोजन हुआ जहां पर आपसी समझौते के आधार पर 1 मार्च को सिमडेगा में परिवहन परिचालक बंद के निर्णय को जिला अध्यक्ष मतीयस कुल्लु के द्वारा वापस लिया गया । बताया गया कि बंद राहुल गांधी के कार्यक्रम के दिन तेलंगा खड़िया स्मारक समिति के अध्यक्ष मतियस कुल्लू को राहूल गांधी के कार्यक्रम में बाधा डालने की आशंका के गलत आधार पर थाना में घंटो बैठाए जाने के विरोध में बुलाय गया था।


**कार्यालय, अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा**
Tel No :- 06541-253420 E.Mail :- chatra8.jail@gmail.com
Jharnet I.P. No. 22057 dj-chatra@jharkhandmail.gov.in

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

मंडल कारा, चतरा के पत्रांक– 264 दिनांक 08.02.2024 के द्वारा मंडल कारा, चतरा में खाद्यान्नों यथा आलू हरी सब्जी एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति हेतु प्रथम त्रैमासिक ई–निविदा (01.01.2024 से 31.03.2024) अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में आमंत्रित किया गया था, जिसका PR No.- 318512 (Home Prison & Disaster Management ) 23-24 : (D) है।

उक्त ई0 निविदा अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा, चतरा

PR 320830 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D



**कार्यालय, अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा**
Tel No :- 06541-253420 E.Mail :- chatra8.jail@gmail.com
Jharnet I.P. No. 22057 dj-chatra@jharkhandmail.gov.in

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

मंडल कारा, चतरा के पत्रांक– 265 दिनांक 08.02.2024 के द्वारा मंडल कारा, चतरा में खाद्यान्नों यथा आलू हरी सब्जी एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति हेतु द्वितीय त्रैमासिक ई–निविदा (01.04.2024 से 30.06.2024) अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में आमंत्रित किया गया था, जिसका PR No.- 318518 (Home Prison & Disaster Management ) 23-24 (D) है।

उक्त ई0 निविदा अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा, चतरा

PR 320834 Home, Prison And Disaster Management(23-24)#D



**कार्यालय, अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा।**
Tel No :- 06541-253420 E.Mail :- chatra8.jail@gmail.com
Jharnet I.P. No. 22057 dj-chatra@jharkhandmail.gov.in

**निविदा रद्द संबंधी सूचना**

मंडल कारा, चतरा के पत्रांक– 266 दिनांक 08.02.2024 के द्वारा मंडल कारा, चतरा में खाद्यान्नों यथा आलू हरी सब्जी, आलू ,फल, मांश, सरसो का तेल, चीनी एवं अन्य विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति हेतु वार्षिक अवधि ई0 निविदा (01.04.2024 से 31.03.2025) अति अल्पकालीन ई0 निविदा सूचना विभिन्न दैनिक सामाचार पत्रों में आमंत्रित किया गया था, जिसका PR No.- 318521 (Home Prison & Disaster Management ) 23-24 # (D) है।

उक्त ई0 निविदा अपरिहार्य कारण से रद्द किया जाता है।

ह0/–
अधीक्षक,
मंडल कारा,चतरा

PR 320835 Home, Prison And Disaster Management(23-24)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-18/2023-24

पत्रांक –173 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | करौना मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार कार्य, प्रखण्ड–पाण्डू, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 65.715 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https://jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद

PR 320787 (District)23-24*D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-19/2023-24

पत्रांक –174 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | ओदकंडा आहर का जीर्णोद्धार , प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 27.471 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,हुसैनाबाद

PR 320788 District(23-24).D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/HUSSAINABAD/$F_2$-20/2023-24

पत्रांक –175 हुसैनाबाद, दिनांक –28/02/2024

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सुपारानी मध्यम सिंचाई योजना का जीर्णोद्धार, प्रखण्ड–नावाबाजार, जिला–पलामू |
| 2 | प्राक्कलित राशि (लाख में) | 58.943 लाख |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 06-03-2024 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 22-03-2024 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 23-03-2024 (04:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, हुसैनाबाद। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7765955362 eemidhus-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, हुसैनाबाद।

PR 320789 (District) 23-24 (D)

## खबरें व्यापार जगत की

# चुनावों में वोटिंग बढ़ाने में सहयोग करेंगे 48 हजार संगठनों से जुड़े 9 करोड़ कारोबारी

## कैट ने व्यापारियों के सहयोग की पेशकश के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा पत्र

**एजेंसी। नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में पूर्ण जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) भी चुनाव आयोग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। कैट से जुड़े करीब 48 हजार से व्यापारिक संगठन, जिनके साथ नौ करोड़ से ज्यादा छोटे-बड़े कारोबारी काम कर रहे हैं। वे लोकसभा के चुनाव में अपने सक्रिय सहयोग के द्वारा वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को एक पत्र भेजकर राजधानी दिल्ली सहित देशभर के व्यापारी संगठनों के सक्रिय सहयोग से लोकसभा चुनावों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग देने की पेशकश की है। खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली में करीब 3500 तथा देशभर में लगभग 48 हजार से ज्यादा व्यापारी संगठन कार्यरत हैं, जो पूरे देश में लगभग 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। खंडेलवाल ने बताया कि देश में घरेलू व्यापार से लगभग 25 करोड़ लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पाते हैं। इस बड़े नेटवर्क की पहुंच देश के कोने-कोने में गली मोहल्ले तक है। उन्होंने कहा कि ये व्यापारिक समुदाय, देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। खंडेलवाल ने कहा कि इस बड़े नेटवर्क का लाभ उठाते हुए कैट ने चुनाव आयोग के सहयोग से जनता को जागरूक करने, सूचनात्मक सामग्री प्रसारित करने और उन्हें मतदान के अधिकार प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की मंशा जताई है। इसी कारण चुनाव आयोग को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के साथ हाथ मिलाकर कैट व्यापारियों और विभिन्न समुदायों

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 195 अंक उछला

**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 195.41 अंक यानी 0.27 फीसदी की उछाल के साथ 72,500.30 के स्तर पर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 31.65 अंक यानी 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 21,982.80 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर आधा फीसदी से अधिक मजबूत हुआ। वॉयकॉम18 मीडिया और मनोरंजन संपत्ति के स्टार इंडिया के साथ विलय की घोषणा से कंपनी का शेयर चढ़ा है। वहीं, दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक मुख्य रूप से शामिल हैं।



# डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया एलरलाइंस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विमानन नियामक ने मुंबई एयरपोर्ट पर 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला यात्री की मौत के मामले में यह जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि डीजीसीए ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों के उल्लंघन करने को लेकर एयर इंडिया पर यह जुर्माना लगाया है। इससे पहले विमानन नियामक ने एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। डीजीसीए के मुताबिक एयर इंडिया एयरलाइन कंपनी ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों का उल्लंघन किया है। उल्लेखनीय है कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई एयरपोर्ट से जुड़ी यह घटना 12 फरवरी की है। उस दिन 80 साल की बुजुर्ग महिला यात्री बाबू पटेल को एयरपोर्ट पर कथित तौर पर व्हीलचेयर नहीं गई दी थी, जिसकी वजह से यात्री को खुद चलना पड़ा। चलने के क्रम में गिरने से इस महिला यात्री की मौत हो गई थी।




# डब्ल्यूटीओ में डिजिटल औद्योगीकरण के लिए नीतिगत स्थान की जरूरत पर भारत का जोर

**नई दिल्ली/अबू धाबी।** भारत ने अबू धाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन-13 में डिजिटल औद्योगीकरण के लिए नीतिगत स्थान की आवश्यकता पर जोर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में गुरुवार, 29 फरवरी को ई-कॉमर्स पर कार्य सत्र में डिजिटल औद्योगीकरण के महत्व पर अपना विचार रखा। भारत ने कहा कि किस तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ क्षेत्र सबसे कम विकसित देशों सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि का वादा करता है।

# रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन तय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन तय किया है। हालांकि, पिछले सत्र के मुकाबले गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है।
खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद की सीमा 300 से 320 लाख मीट्रिक टन तय की है। मंत्रालय के मुताबिक नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह लक्ष्य तय किया गया है।

# चिप क्षेत्र में 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि भारत को पैकेजिंग, डिजाइन और अनुसंधान एवं विकास सहित सेमीकंडक्टर क्षेत्र में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। एससीएल मोहाली में 'इंडिया सेमीकंडक्टर एंड पैकेजिंग इकोसिस्टम कॉन्फ्रेंस' (आईएसपीईसी) को वर्चुअल मोड में संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर के भविष्य में एक महत्वपूर्ण जगह बना रहा है। मंत्री ने बताया, हम एक मील के पत्थर पर पहुंच रहे हैं जहां भारत सरकार को कुल ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वह समय चला गया जब हम सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में लगभग नगण्य थे और वैश्विक सेमीकंडक्टर निमार्ताओं के लिए केवल प्रतिभा प्रदाता थे। अब निवेश प्राप्त करने और विनिर्माण से लेकर डिजाइन से सिस्टम तक स्पेक्ट्रम में महत्वपूर्ण क्षमता का निर्माण करने वाले गंतव्य बन गए हैं। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार सेमीकंडक्टर विनिर्माण और पैकेजिंग में निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित रखेगी। मंत्री ने कहा, ह्लसेमीकंडक्टर उद्योग के अनुसंधान और नवाचार घटकों पर हमारा बहुत ध्यान है। यह सम्मेलन नवाचार, पैकेजिंग नवाचार, सेमीकंडक्टर अनुसंधान, चिप डिजाइन और सिस्टम डिजाइन नवाचार पर केंद्रित एक जीवंत, मजबूत और प्रतिस्पर्धी पारिस्थितिकी तंत्र बनाने में हमारी गहरी रुचि को उजागर करता है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

**ई-प्रोक्योरमेंट अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा सूचना संख्या – DWSD/MED/RRP/12/2023-24 (1st Call) / दिनांक 28.02.2024

1. **कार्य का नाम** :– वित्तीय वर्ष 2023–24 के तहत पलामू जिला के मेदिनीनगर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न प्रखण्डों में 32mm व्यास के I.M-II हैण्ड पम्प के क्षतिग्रस्त राईजर पाईप, सी0आई0 सिलिन्डर एवं कनेक्टिंग रॉड इत्यादि को सम्परिवर्तित कर नलकूप को चालू करने का कार्य "टर्न की" के आधार पर।

| ग्रुप सं0 | नलकूपों की सं0 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| MED RRP-1 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-2 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-3 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-4 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-5 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |
| MED RRP-6 | 100 Nos. | 14,59,400/- | 29,500/- | 2500/- | 01 (एक) माह |

| | | |
|---|---|---|
| 2 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 01.03.2024 / 02.30 बजे अपराह्न में। |
| 3 | बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 08.03.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 4 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 08.03.2024 / 5.00 बजे अपराह्न तक। |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 09.03.2024 / 05.00 बजे अपराह्न में। |
| 6 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 7 | प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क नं0 | 7543089612 |
| 8 | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651-2480345 |

नोट:–
1. निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय मान्य होगा।
2. स्वीकृत्यादेश की प्रत्याशा में निविदा आमंत्रित की जा रही है।
3. विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाइट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, मेदिनीनगर

PR 320847 Drinking Water and Sanitation (23-24)_D



## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**दुकान आवंटन हेतु आम डाक सूचना**

दिनांक 02.12.2023 को संपन्न जिला परिषद बोर्ड की बैठक में लिए गए निर्णय के आलोक में एतद् द्वारा निम्नांकित प्रखण्डों में अवस्थित जिला परिषदीय रिक्त दुकान के आम डाक के माध्यम से आवंटन हेतु पलामू जिले के प्रमुख एवं लोकप्रिय समाचार पत्र के माध्यम से इच्छुक व्यक्तियों से विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | | रिक्त दुकान सं0 | कुल रिक्त दुकान | वार्षिक किराया दर प्रति दुकान | जमानत की राशि | डाक की न्यूनतम राशि (Non Refundable) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | NR-1, NR-2, NR-3, NR-4, NR-5, NR-6, NR-7, NR-8, NR-9, NR-10, NR-11 | 11 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 2 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | NL-1, NL-2, NL-3, NL-4, NL-5, NL-6, NL-7, NL-8, NL-9, NL-10, NL-11, NL-13, NL-14 | 14 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 3 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | WS-1, WS-2, WS-3, WS-4, WS-5, WS-6, WS-7, WS-8, WS-9, WS-10, WS-11, WS-12, WS-13, WS-14 | 14 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 4 | निलाम्बर–पीताम्बरपुर | भूतल | S-1, S-2, S-3, S-4, S-5, S-6, S-7, S-8, S-9, S-10, S-11, S-12, S-13, S-14 | 14 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 5 | सतबरवा | भूतल | B-12, C-04 | 2 | 8640.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| 6 | सतबरवा | प्रथम तल | C-08 | 1 | 5760.00 | 25000.00 | 50000.00 |
| | | | कुल :– | 56 | | | |

1. आवेदन पत्र बिक्री की तिथि :– 01.03.2024 से 07.03.2024 तक
2. आवेदन पत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
3. आवेदन पत्र का शुल्क (प्रत्येक दुकान के लिए अलग–अलग) :– 15000.00 (पन्द्रह हजार) रूपये मात्र।
4. आवेदन पत्र जमा करने की तिथि :– 01.03.2024 से 09.03.2024 तक
5. आवेदन पत्र जमा करने का स्थान :– कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
6. डाक की तिथि व समय :– 10.03.2024 को 11:00 बजे अपराह्न
7. डाक का स्थान :– Block-C DRDA, सभाकक्ष, पलामू।
8. आवेदन पत्र के साथ संलग्न कागजात :– वैद्य पहचान पत्र (आधार कार्ड), स्थानीय प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, दो पासपोर्ट साइज फोटो

नोट 1 :– दुकान का आवंटन खुली डाक द्वारा नीलामी प्रक्रिया के माध्यम से की जायेगी जिसमें सर्वोच डाकवक्ता को दुकान आवंटित किया जायेगा। डाक कॉलम संख्या– 7 में अंकित एकमुस्त Non Refundable राशि के आधार पर किया जायेगा। डाक में दो बोली के बीच की अन्तर राशि न्यूनतम 5000.00 (पाँच हजार) रूपये होगी। डाक समाप्ति के पश्चात संपूर्ण डाक राशि राशि (Non Refundable) 24 घंटा के अन्दर जमा करना होगा उसके उपरांत आवंटियों की सूची जारी की जायेगी।

नोट 2 :– दुकान आवंटन हेतु निर्धारित शर्त से संबंधित विस्तृत आम सूचना पलामू NIC के Website-www.palamu.nic.in, कार्यालय जिला परिषद, पलामू एवं संबंधित प्रखण्ड कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है। विस्तृत जानकारी हेतु मोबाईल संख्या– 9006083521, 7903556060 पर कार्यालय अवधि में संपर्क किया जा सकता है।

ह0/–
उप विकास आयुक्त –सह– मुख्य कार्यापालक पदाधिकारी, जिला परिषद, पलामू

PR 320861 District (23-24)_D



## प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा

(जिला भू–अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 130 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 27.02.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75** लगमा भाया करकोमा से हासनदाग तसरार पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण हेतु ग्राम–हासनदाग, थाना–मेराल, थाना सं0–194, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में कुल :– **0.848** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **0.848** एकड़ है और जो ग्राम–हासनदाग, थाना–मेराल, थाना सं0–194, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 24 | 1274 | रैयती | टॉड 3 | 0.08 | बुधु चौधरी वगै0, पिता–स्व0 रामधनी चौधरी, | 1275 | 1275 | 1253 | 1275 |
| 2 | 24 | 1274 | रैयती | टॉड 3 | 0.08 | सूर्यदेव चौधरी वगै0, पिता–स्व0 बरन चौधरी | 1275 | 1275 | 1253 | 1275 |
| 3 | 24 | 1274 | रैयती | टॉड 3 | 0.08 | रामवृक्ष चौधरी वगै0, पिता–स्व0 जानकी चौधरी | 1275 | 1275 | 1253 | 1275 |
| 4 | 17 | 1276 | रैयती | टॉड 3 | 0.086 | रामवृक्ष चौधरी वगै0, पिता–स्व0 जानकी मलाह | 1273 | 1278 | 1275 | 1273 |
| 5 | 141 | 1287 | रैयती | टॉड 3 | 0.061 | मुन्द्रीका चौधरी वगै0, पिता–स्व0 जोखन चौधरी | 1278 | 1288 | 1278 | 1292 |
| 6 | 137 | 1288 | रैयती | टॉड 3 | 0.113 | जगनारायण चौधरी वगै0, पिता0 स्व0 बिरझु चौधरी | 1287 | 1389 | 1285 | 1289 |
| 7 | 35 | 1290 | रैयती | टॉड 3 | 0.06 | बिहारी चौधरी वगै0, पिता–स्व0 कईल चौधरी | 1292 | 1298 | 1389 | 1291 |
| 8 | 35 | 1290 | रैयती | टॉड 3 | 0.06 | हिरामण चौधरी वगै0, पिता–स्व0 नन्हकु चौधरी | 1292 | 1298 | 1389 | 1291 |
| 9 | 24 | 1292 | रैयती | टॉड 3 | 0.095 | भिखारी चौधरी वगै0, पिता–स्व0 मखनु चौधरी | 1294 | 1290 | 1289 | 1293 |
| 10 | 35 | 1299 | रैयती | टॉड 3 | 0.03 | बिहारी चौधरी वगै0, पिता–स्व0 कईल चौधरी | 1298 | 1300 | 1389 | 1298 |
| 11 | 35 | 1299 | रैयती | टॉड 3 | 0.06 | हिरामण चौधरी वगै0, पिता–स्व0 नन्हकु चौधरी | 1298 | 1300 | 1389 | 1298 |
| 12 | 146 | 1300 | रैयती | टॉड 3 | 0.043 | मुसन चौधरी वगैरह पिता– सोमारू चौधरी | 1299 | 1297 | 1393 | 1297 |
| | कुल :– | | | | 0.848 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,
जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–हासनदाग, थाना–मेराल, थाना सं0–194, अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा
, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 320697 District(23-24).D



## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
### ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज

**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 12RI / 2023–24/EE/RWD/DALTONGANJ**

**कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है।**

दिनांक–29.02.2024

1.कार्य का नाम :

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/DALTONGANJ/37/23-24 | कचनपुर पंचायत में रामविलास पासवान के घर से भिखन यादव के घर होते हुए करूपा तक पथ निर्माण कार्य। (3.20कि0मी0) | 371.099 लाख | तीन करोड़ एक्हतर लाख नौ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 12 माह | द्वितीय |

2. बेवसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 04.03.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 18.03.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 20.03.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595

विस्तृत जानकारी के लिए बेवसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज।

PR 320844 (Rural Development) 23-24 (D)



## प्रपत्र VII
## समाहरणालय, गढ़वा
### (जिला भू-अर्जन शाखा, गढ़वा) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार

**अधिघोषणा**

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–19(1) के अधीन)

अधिघोषणा संख्या 128 / भू0अ0,गढ़वा, दिनांक 27.02.2024

चूंकि झारखण्ड सरकार / समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा परियोजना **NH-75 लगमा भाया करकोमा से हासनदाग तसरार पथ का चौड़ीकरण एवं मजबुतीकरण** हेतु ग्राम–करकोमा, थाना–मेराल, थाना सं0–225 अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में कुल :– **3.209083** एकड़ भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खण्ड है, जो मानक माप से कमोवेश **3.209083** एकड़ है और जो ग्राम–करकोमा, थाना–मेराल, थाना सं0–225 अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा में है, जिसका विवरण निम्नलिखित है :–

| क्र. | खाता संख्या | सर्वे प्लॉट संख्या | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में) | पूरा पता सहित वर्तमान रैयत का नाम | सीमा (भूखंड सं) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 85 | 1077 | रैयती | टांड़ दो | 0.037 | पचु भुईयां पिता–स्व0 किशुन भुईयां, सुकन राम वगैरह पिता–स्व0 विगन राम | | | | |
| 2 | 85 | 1497 | रैयती | टांड़ दो | 0.026 | सावित्री देवी, पति–उमाशंकर तिवारी | | | | |
| 3 | 85 | 1499 | रैयती | टांड़ तीन | 0.141 | रामराज विश्वकर्मा पिता–दशरथ विश्वकर्मा | 811 | 809 | 809 | 812 |
| 4 | 85 | 1501 | रैयती | टांड़ तीन | 0.0385 | कृष्णकांत तिवारी पिता–मथुरा तिवारी | 1099 | 881 | 1102 | 885 |
| 5 | 85 | 1501 | रैयती | टांड़ तीन | 0.0385 | उमाशंकर तिवारी वगैरह पिता–स्व0 नागेन्द्र तिवारी | 1099 | 881 | 1102 | 885 |
| 6 | 85 | 1511 | रैयती | टांड़ दो | 0.0845 | उमाशंकर तिवारी वगैरह पिता–नागेश्वर तिवारी | 1075 | 1079 | नीज | 1076 |
| 7 | 85 | 1511 | रैयती | टांड़ दो | 0.019 | कमलावती कुंवर पति–स्व0 उमाशंकर दुबे | 1075 | 1079 | नीज | 1076 |
| 8 | 85 | 1511 | रैयती | टांड़ दो | 0.06550 | कृष्णकांत तिवारी पिता–स्व0 मथुरा तिवारी | 1075 | 1079 | नीज | 1076 |
| 9 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.01147 | ज्ञानती देवी पति–रामकांत चौधरी | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 10 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.005727 | विक्रम चौधरी व गुड्डू चौधरी पिता–धुरा चौधरी | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 11 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.005727 | सोहराई चौधरी व गुड्डू चौधरी पिता–बुधुनाथ चौधरी | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 12 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.01377 | बलराम विश्वकर्मा पिता–हरिचरण विश्वकर्मा | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 13 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.02525 | नान्हु चौधरी पिता–स्व0 विश्वनाथ चौधरी | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 14 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.012094 | राकेश तिवारी व राजेश तिवारी पिता–उमाशंकर तिवारी | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 15 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.004 | नान्हु चौधरी पिता–स्व0 विश्वनाथ चौधरी | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 16 | 85 | 1540 | रैयती | टांड़ दो | 0.004045 | प्रभु राम दुबे वगैरह पिता–स्व0 श्यामनारायण दूबे | 1100 | 883 | 1102 | 1099 |
| 17 | 88 | 1533 | रैयती | टांड़ दो | 0.002 | रिसकन चौधरी व सुखदेव चौधरी पिता–स्व0 मुन्द्रिका चौधरी | 1082 | 1098 | 1102 | 1095 |
| 18 | 88 | 1534 | रैयती | टांड़ दो | 0.005 | नाला | 1498 | 1496 | 1496 | नीज |
| 19 | 88 | 1535 | रैयती | टांड़ दो | 0.009 | अयोध्या चौधरी व प्रभु दयाल चौधरी पिता–स्व0 प्रयाग चौधरी | 1510 | 1498 | 1498 | 1500 |
| 20 | 91 | 1531 | रैयती | टांड़ दो | 0.0019 | अवध चौधरी पिता–स्व0 विगन चौधरी | 1515 | 1510 | 1539 | नीज |
| 21 | 91 | 1531 | रैयती | टांड़ दो | 0.0011 | परशुराम दुबे वगैरह पिता–श्यामनारायण दुबे | 1515 | 1510 | 1539 | नीज |
| 22 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.004 | कामेश्वर चौधरी पिता–स्व0 विगन चौधरी | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 23 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.0044 | रामानुज चौधरी पिता–स्व0 विगन चौधरी | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 24 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.0025 | अवध चौधरी पिता–स्व0 विगन चौधरी | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 25 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.0027 | परशुराम दुबे वगैरह पिता–स्व0 श्यामनारायण दुबे | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 26 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.00688 | बुधन चौधरी पिता–स्व0 जगेश्वर चौधरी | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 27 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.007460 | कामेश्वर चौधरी पिता–स्व0 विगन चौधरी | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 28 | 91 | 1532 | रैयती | टांड़ दो | 0.00706 | परशुराम दुबे वगैरह पिता–स्व0 श्यामनारायण दुबे | 1532 | 1539 | 1532 | 1532 |
| 29 | 92 | 1537 | रैयती | टांड़ दो | 0.012 | अशोक तिवारी वगैरह पिता–स्व0 सत्यानारायण तिवारी | 1524 | 1539 | 1590 | 1527 |
| 30 | 92 | 1537 | रैयती | टांड़ दो | 0.019 | शिवशंकर तिवारी वगैरह पिता–स्व0 केश्वर तिवारी | 1524 | 1539 | 1590 | 1527 |
| 31 | 101 | 1592 | रैयती | टांड़ दो | 0.03 | परशुराम दुबे पिता–स्व0 श्यामनारायण दुबे वो बृजमोहन तिवारी वगैरह पिता–स्व0 लालजी तिवारी | 1527 | 1539 | 1532 | 1534 |
| 32 | 98 | 1593 | रैयती | टांड़ दो | 0.028 | युगुल किशोर दुबे वगैरह पिता–स्व0 सुरेश दुबे | 1533 | 1535 | 1533 | 1536 |
| 33 | 101 | 1624 | रैयती | टांड़ दो | 0.169 | सिताराम तिवारी वगैरह पिता–स्व0 भुवनेश्वर तिवारी वो मृत्युंजय तिवारी वगैरह पिता–स्व0 रामनाथ तिवारी | 1534 | 1539 | 1534 | 1537 |
| 34 | 101 | 1689 | रैयती | टांड़ दो | 0.178 | उमाशंकर तिवारी पिता–स्व0 नागेश्वर तिवारी वो कृष्णकांत तिवारी पिता–स्व0 मथुरा तिवारी | 1521 | 1539 | 1533 | 1514 |
| 35 | 101 | 1689 | रैयती | टांड़ दो | 0.28 | कन्हैया तिवारी वगैरह पिता–वछीमद्र तिवारी | 1521 | 1539 | 1533 | 1514 |
| 36 | 104 | 1594 | रैयती | टांड़ दो | 0.058 | परशुराम दुबे वगैरह पिता–स्व0 श्यामनारायण दुबे वगैरह वो शशिभूषण वगैरह पिता–स्व0 छेदी दूबे वो लखन चौधरी वगैरह | 1539 | 1546 | 1549 | 1539 |
| 37 | 104 | 1623 | रैयती | टांड़ दो | 0.033 | युगुल किशोर दुबे वगैरह पिता–स्व0 सुरेश दुबे | 1593 | 1586 | 1588 | 1590 |
| 38 | 106 | 1627 | रैयती | टांड़ दो | 0.005 | युगुल किशोर दुबे वगैरह पिता–स्व0 सुरेश दुबे | 1630 | 1590 | 1590 | 1591 |
| 39 | 192 | 810 | रैयती | टांड़ दो | 0.174 | रमेश चौधरी वगैरह पिता–रटहा चौधरी, भूषण चौधरी पिता–स्व0 बेलास चौधरी वो दशरथ राम वगैरह रामनाथ राम वगैरह पिता–स्व0 हलकन राम | 1590 | 1589 | 1595 | 1590 |
| 40 | 192 | 883 | रैयती | टांड़ दो | 0.111 | श्यामनारायण तिवारी वगैरह पिता–स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी वो मुनेश्वर तिवारी वगैरह पिता–स्व0 रामप्यारी तिवारी | 1590 | 1595 | 1596 | 1590 |
| 41 | 152 | 883 | रैयती | टांड़ दो | 0.08 | रमेश चौधरी वगैरह पिता–स्व0 रटहा चौधरी वो भूकन चौधरी पिता–स्व0 बेलास चौधरी | 1590 | 1595 | 1596 | 1590 |
| 42 | 164 | 1100 | रैयती | टांड़ दो | 0.05 | सुभाष भुईयां वगैरह पिता–स्व0 राजमुनी भुईयां | | | | |
| 43 | 164 | 1100 | रैयती | टांड़ दो | 0.009 | बृजमोहन भुईयां पिता–स्व0 माधव भुईयां | | | | |
| 44 | 164 | 1100 | रैयती | टांड़ दो | 0.019 | सुकन भुईयां पिता–स्व0 ननहकेश्वर भुईयां | | | | |
| 45 | | 1403 | रैयती | टांड़ दो | 0.062 | छवीन्द्र तिवारी पिता–स्व0 रामवृक्ष तिवारी | | | | |
| 46 | | 1403 | रैयती | टांड़ दो | 0.104 | भुवनेश्वर तिवारी वगैरह पिता–रामप्यारी तिवारी | | | | |
| 47 | | 1403 | रैयती | टांड़ दो | 0.013 | भुकन भुईयां वगैरह पिता–स्व0 ननेश्वर भुईयां | | | | |
| 48 | 189 | 1815 | रैयती | टांड़ दो | 0.22 | अम्बीका दत्त तिवारी वगैरह पिता–स्व0 राजकुमार तिवारी, उदीत नारायण तिवारी वगैरह पिता–स्व0 सरयु तिवारी वो शारदा देवी पति–मुरली मिश्रा पाँचो बहन वगैरह वो सुरेन्द्र चौधरी पिता–स्व0 जगदीश चौधरी | 1690 | 1688 | 1688 | 1686 |
| 49 | 189 | 1817 | रैयती | टांड़ दो | 0.08 | अम्बीका दत्त तिवारी वगैरह पिता–स्व0 राजकुमार तिवारी, उदीत नारायण तिवारी वगैरह पिता–स्व0 सरयु तिवारी वो शारदा देवी पति–मुरली मिश्रा पाँचो बहन वगैरह वो सुरेन्द्र चौधरी पिता–स्व0 जगदीश चौधरी | | | | |
| 50 | 193 | 1589 | रैयती | टांड़ दो | 0.02 | नारायण चौधरी वगैरह पिता–स्व0 झरी चौधरी वो विगन चौधरी वगैरह पिता–स्व0 फागु चौधरी | 1695 | 1618 | 1814 | 1690 |
| 51 | 152 | 808 | रैयती | टांड़ दो | 0.01 | नंदकिशोर तिवारी पिता–स्व0 गोपाल तिवारी 1/2 भाग में छवीन्द्र तिवारी पिता–स्व0 रामवृक्ष तिवारी | | | | |
| 52 | 164 | 1098 | रैयती | टांड़ दो | 0.017 | बृजमोहन भुईयां पिता–स्व0 माधव भुईयां | | | | |
| 53 | 164 | 1098 | रैयती | टांड़ दो | 0.022 | श्यामनारायण तिवारी वगैरह पिता–स्व0 गुप्तेश्वर तिवारी वो मुनेश्वर तिवारी वगैरह पिता–स्व0 रामधारी तिवारी | | | | |
| 54 | | 1628 | रैयती | टांड़ दो | 0.009 | युगुल किशोर दुबे वगैरह पिता–स्व0 सुरेश दुबे | 1818 | 1816 | रास्ता | नीज |
| 55 | 101 | 1629 | रैयती | टांड़ दो | 0.168 | उदय तिवारी वगैरह पिता–स्व0 जनार्दन तिवारी वगैरह गोखुलानंद तिवारी पिता–स्व0 विश्वनाथ तिवारी वगैरह प्रेमकांत तिवारी वगैरह पिता–स्व0 सुदामा तिवारी वो सुजान्ती देवी पति–कृष्णा तिवारी वो नांगवती देवी पति–रामनारायण दुबे वो उमाशंकर तिवारी वो कृष्णकांत तिवारी वो अनिल वगैरह पिता–स्व0 लालीक तिवारी वो महेन्द्र तिवारी, उपेन्द्र तिवारी पिता–सरयु तिवारी | | | | |
| 56 | 101 | 1687 | रैयती | टांड़ दो | 0.195 | कन्हाई तिवारी पिता–स्व0 कलीन्दर तिवारी वगैरह | | | | |
| 57 | 189 | 1818 | रैयती | टांड़ दो | 0.231 | अम्बीका दत्त तिवारी वगैरह पिता–स्व0 राजकुमार तिवारी, उदीत नारायण तिवारी वगैरह पिता–स्व0 सरयु तिवारी, शारदा देवी वगैरह पाँचो बहन | | | | |
| 58 | 196 | 1626 | रैयती | टांड़ दो | 0.217 | कन्हाई तिवारी वगैरह पिता–स्व0 वछीन्दर तिवारी | नदी | रास्ता | 1819 | नीज |
| | | | | कुल :– | 3.209083 | | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30 / 2013 की धारा 15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या :– शून्य,
जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए है, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :– ग्राम–करकोमा, थाना–मेराल, थाना सं0–225 अंचल–मेराल, जिला–गढ़वा, क्षेत्रफल– 0, एकड़– 0, जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, गढ़वा के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
पुनर्वासन और पुनर्व्यव्यस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :– शून्य

उपायुक्त,
गढ़वा

PR 320700 District (23-24)_D

**सुप्रभात**

**अपमान करना किसी व्यक्ति के स्वभाव में हो सकता हैं किन्तु सम्मान करना हम सबके संस्कार में अवश्य शामिल होना चाहिए : अज्ञात**



# बहस नहीं मतदान से बदलेगा देश

***प्रधानमंत्री*** मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र के बलशाली होने का प्रमाण तो है ही जनता की सक्रिय भागीदारी का भी सूचक है। आगामी लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की अनुमानित संख्या लगभग 97 करोड़ है जिसमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये पीएम मोदी से लेकर चुनाव आयोग ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चचाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गये मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जायेगा। लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और और आचार संहिता किसी भी दिन लागू हो जायेगी। चूंकि सभी के मतों का महत्व समान है और अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है इसलिए अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता है, क्योंकि झारखंड सहित देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह भी है कि झारखंड बिहार जैसे कम विकसित प्रदेशों के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता रहा है। जब कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना करने में महानगरों के आभिजात्य वर्ग सहित उच्च शिक्षित या धनाढ्य वर्ग आगे रहता है लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए क्योंकि मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है। उल्लेखनीय है कि अधिकतम मतदान के लिए नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री काल में अनिवार्य वोट कानून लागू करने की जोरदार मांग उठाई थी आज आमजन इस पहल को आगे बढ़ाएं तो सभी दलों को बाध्य होना ही होगा जैसी व्यवस्था दुनिया के 32 देशों में है। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते। भारत में जितने मतदाता हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं पर पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थन वाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है?

**विश्व वन्य जीव दिवस पर विशेष**

# पर्यावरण संतुलन के लिये वन्यजीवों की रक्षा जरूरी



**ललित गर्ग**



***अपने*** स्वार्थ के लिए प्रकृति का अंधाधुंध दोहन करने में डूबे इंसान को अब यह अंदाजा ही नहीं रह गया है कि वह अपने साथ-साथ लाखों वन्य जीवों के लिए इस धरती पर रहना कितना दूभर कर दिया है। तथाकथित विकास एवं स्वार्थ के नाम पर धरती पर मौजूद संसाधनों का प्रबंधन और दोहन इस तरह से किया जा रहा है कि वन्य जीवों का अस्तित्व ही समाप्त हो रहा हैं। कितने ही पशु-पक्षियों की प्रजातियाँ विलुप्त हो चुकी हैं, तो कितनी विलुप्ती कगार पर हैं। दुनियाभर में तेजी से विलुप्त हो रहे वन्य पेड़-पौधों और जीव-जंतुओं के संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी आदि अन्य खतरों पर नियंत्रण के उद्देश्य से विश्व वन्य जीव दिवस हर साल 3 मार्च को मनाया जाता है। इस दिन लोगों को जंगली वनस्पतियों और जीवों की विभिन्न प्रजातियों के संरक्षण के फायदे बताकर जागरूक किया जाता है और वन्यजीव अपराध और वनों की कटाई के कारण वनस्पतियों और जीवों को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए आह्वान किया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 20 दिसंबर 2013 को, अपने 68वें अधिवेशन में वन्यजीवों की सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने एवं वनस्पति के लुप्तप्राय प्रजाति के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस मनाने की घोषणा की थी। महासभा ने वन्यजीवों के पारिस्थितिकी, आनुवांशिकी, वैज्ञानिक, सौंदर्य सहित विभिन्न प्रकार से अध्ययन अध्यापन को बढ़ावा देने को प्रेरित किया। विभिन्न जीवों और वनस्पतियों की प्रजातियों के अस्तित्व की रक्षा भी इसका उद्देश्य कहा जा सकता है। इस दिवस की शुरूआत थाईलैंड में हुई थी। विश्व वन्यजीव दिवस मनाये जाने का मुख्य उद्देश्य वन्यजीवों से हमें भोजन तथा औषधियों के अलावा और भी कई प्रकार के लाभ मिलते हैं। इसमें से एक है वन्यजीव जलवायु संतुलित बनाये रखने में मदद करते हैं। वन्यजीव मानसून को नियमित रखने तथा प्राकृतिक संसाधनों की पुनःप्राप्ति में सहयोग करते हैं। पर्यावरण में जीव-जंतु तथा पेड़-पौधों के योगदान को पहचानकर तथा धरती पर जीवन के लिए वन्यजीवों के अस्तित्व का महत्व समझते हुए हर साल विश्व वन्यजीव दिवस अथवा वर्ल्ड वाइल्ड लाइफ डे मनाया जाता है। वन्य जीवों के सामने तस्करी के अलावा अन्य अनेक खतरे हैं। अब इन वन्य जीवों में 'फॉरएवर केमिकल्स' पाये जाने से इनका जीवन लुप्त होने की कगार पर पहुंच गया है। वैज्ञानिकों को ध्रुवीय भालू से लेकर बाघ, बंदर और डॉलफिन जैसी मछलियों की 330 वन्यजीव प्रजातियों में 'फॉरएवर केमिकल्स' के पाये जाने के सबूत मिले हैं। जो दशार्ते हैं कि इंसानों द्वारा बनाया यह केमिकल न केवल पर्यावरण बल्कि उसमें रहने वाले अनगिनत जीवों के शरीर में पहुंच चुका है और उन्हें नुकसान पहुंचा रहा है। इनमें से कई प्रजातियां पहले ही खतरे में हैं। यूरोप, अफ्रीका, एशिया सहित दुनिया के कई हिस्सों में मछलियों और अन्य जलीय जीवों में यह फॉरएवर केमिकल मिले हैं। वैज्ञानिकों के मुताबिक चूंकि यह केमिकल्स आसानी से नष्ट नहीं होते ऐसे में यह लम्बे समय तक वातावरण में मौजूद रहते हैं। इतना ही नहीं यह वातावरण के माध्यम से लंबी दूरी तक भी जा सकते हैं। इसका मतलब है कि दुनिया के सुदूर क्षेत्रों में जो जहां जीव अभी भी औद्योगिक स्त्रोतों से दूर है जैसे अंटार्कटिका में पेंगुइन या आर्कटिक में ध्रूवीय भालू भी इन हानिकारक केमिकल्स के चपेट में आ सकते हैं। अन्य शोधों से पता चला है कि इन हानिकारक केमिकल्स के संपर्क में आने से वन्यजीवों को भी इसी तरह नुकसान हो सकता है। वैज्ञानिकों के मुताबिक यह संभावित स्वास्थ्य समस्याएं लुप्तप्राय या संकटग्रस्त प्रजातियों के लिए विशेष रूप से चिंता का विषय हैं, क्योंकि उन्हें अब अपने अस्तित्व के लिए अन्य खतरों के साथ-साथ इन हानिकारक रसायनों से भी जूझना पड़ रहा है। 'फॉरएवर केमिकल्स' की ही भांति वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी के कारण भी वन्य जीवों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। पिछले कुछ सालों में तस्करों के अंतरराष्ट्रीय स्तर के नेटवर्क एवं गिरोहों के कारण वन्यजीवों की तस्करी बढ़ी है। लम्बे समय से यह जरूरत महसूस की जा रही है कि वन्यजीव और इनके अंगों के तस्करों के नेटवर्क को तोड़ने का काम तेजी से होना चाहिए। लेकिन, यह काम आगे नहीं बढ़ पाया। वन्यजीवों की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तस्करी को रोकने के लिए भारत समेत पांच देशों की सामूहिक रणनीति से काम करने की पहल को सकारात्मक ही कहा जायेगा। तस्करी के कारण जिन देशों में वन्यजीव खतरे में नजर आते हैं, वहां समन्वय की कमी भी एक कारण माना जाता है। इसकी वजह से यह गैरकानूनी काम बेरोकटोक होता रहा है। आमतौर पर तस्करी के जरिये दूसरे देश से ऐसे वन्यजीव लाये जाते हैं, जो स्थानीय जंगल में नहीं मिलते। भारत ने हाल ही में बांग्लादेश, थाईलैंड, मलेशिया और इंडोनेशिया के विशेषज्ञों के साथ मिलकर दो दिन तक इस संकट पर गहन मंथन भी किया है। इन देशों ने वन्यजीवों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साझा तंत्र विकसित करने की योजना बनाई है। यह तंत्र इन देशों में वन्यजीवों की बरामदगी के प्रकरणों का विश्लेषण करेगा। साथ ही तस्करों के नेटवर्क की पहचान कर इसे इंटरपोल की मदद से तस्करों के वित्तीय प्रवाह के तंत्र को तोड़ने का काम भी करेगा। यह सर्वविदित बात है कि वन्यजीवों की तस्करी के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बड़ा नेटवर्क सक्रिय है, जिसके ज्यादातर उन देशों में अपने संपर्क हैं, जिनके सहयोग से संरक्षित श्रेणी के वन्यजीवों की तस्करी एक देश से दूसरे देश में की जाती है। जहां इन वन्यजीवों की मांग होती है, उन देशों से ये तस्कर मोटी कमाई भी करते हैं। यह तथ्य भी सामने आया कि इन दिनों वन्यजीवों की तस्करी के लिए वायु मार्ग प्रमुख माध्यम बन गया है। इन जीवों को अफ्रीकी देशों से दक्षिण-पूर्वी एशियाई देशों में लाया जा रहा है। वहां से इन्हें चीन व भारत में भेजा जा रहा है। भारत ने विदेशी वन्य जीवों की तस्करी रोकने के लिए अपने स्तर पर पहले ही व्यापक पहल की है। हवाई अड्डों पर सख्त जांच व निगरानी से विदेशी जीवों की तस्करी पर रोक लगाने के प्रयास रंग लाये हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने वर्ष 2022 में 50 बार विदेशी वन्यजीवों को तस्करों से अपने कब्जे में लिया है। इनमें हुलॉक गिबन, विदेशी कछुए, बड़ी छिपकलियां, बीवर, मूर मकैक, बौने नेवले, पिग्मी मामोर्सेट बंदर, डस्की लीफी मंकी और बॉल पाइथन जैसे विदेशी जीव शामिल हैं। विश्व वन्य जीव दिवस जैसे आयोजनों पर यह अभियान और गति पकड़े ताकि विभिन्न एजेंसियों के सामूहिक तंत्र के जरिये लुप्त होते वन्यजीवों की तस्करी पर प्रभावी अंकुश लग सके। विश्व वन्यजीव दिवस को मनाने का मकसद बहुत ही साफ है कि दुनियाभर में जिस भी वजहों से वन्यजीव और वनस्पतियों लुप्त हो रही हैं उन्हें बचाने के तरीकों पर काम करना। पृथ्वी की जैव विविधता को बनाये रखने के लिए वनस्पतियां और जीव-जंतु बहुत जरूरी हैं। पृथ्वी पर जीवन का विकास पर्यावरण के अनुकूल ऐसे माहौल में हुआ है, जिसमें जल, जंगल, जमीन और जीव-जंतु सभी आपस में एक-दूसरे से परस्पर जुड़े हुए हैं। प्रकृति ने धरती से लेकर वायुमंडल तक विस्तृत जैवविविधता को इतनी खूबसूरती से विकसित एवं संचालित किया है कि अगर उसमें से एक भी प्रजाति का वजूद खतरे में पड़ जाय तो सम्पूर्ण जीव-जगत का संतुलन बिगड़ जाता है। प्राकृतिक संतुलन के लिए सभी वन्य प्राणियों का सरंक्षण बेहद जरूरी है, अन्यथा किसी भी एक वन्य प्राणी के विलुप्त होने पर पूरी संरचना धीरे-धीरे बिखरने लगती है। चूंकि पारिस्थितिकी तंत्र में विभिन्न जीव एक दूसरे पर निर्भर हैं, इसलिए अन्य प्राणियों की विलुप्ति से हम इंसानों पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

## आपकी बात

### डॉ. रीता माहेश्वरी को अभिव्यक्ति सम्मान

एनसीसी अधिकारी डॉ.रीता माहेश्वरी ,शासकीय बालक उ.मा.नागदा को इस वर्ष 2024 अभिव्यक्ति सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें छात्र सैनिकों का नेतृत्व करने, कंधे पर टू स्टार लगने, शिक्षा के साथ एन. सी. सी के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यो के लिए दिया गया। उपरोक्त सम्मान अभिव्यक्ति विचार मंच के मुख्य अतिथि प्रो . डॉ शीला ओझा, एबीपीएस प्राचार्य शिखा सक्सेना, एबीपीएस उप प्राचार्य ऐश्वर्या सिन्हा,प्रीति जायसवाल , मंच अध्यक्ष डॉ इंदू सिंह, सचिव संगीता गुप्ता ,मंच संचालक डॉ सुरेंद्र मीणा द्वारा दिया गया । उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता दिनेश मालू शकुंतला मालू , बहन डॉ रीना मालपानी , लेखा अधिकारी रक्षा मंत्रालय रवि मालपानी, विधायक डॉ तेज बहादुर सिंह चौहान, भारतीय जनता पार्टी प्रभारी सत्कार मंत्री इंदौर घनश्याम काकाणी , शा. कन्या महाविद्यालय जन भागीदारी अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाह, डॉ एस.जोशी, डॉ अरुण सिंह, डॉ शैलेंद्र शर्मा ,डॉ गीता नायक , डॉ हरचरण सिंह चावड़ा, एस डी एम एस.एन.सोनी, तहसीलदार ओम प्रकाश चोरमा, कर्नल नीरज तिवारी ,कर्नल सौरभ मिश्रा कर्नल विकास कोहले , कर्नल अहलावत कर्नल हर्ष सेठी ,माहेश्वरी समाज अध्यक्ष महेंद्र बिसानी , महिला मंडल अध्यक्ष ज्योति मोहता , समाज के वरिष्ठ गोविंद मोहता ,रमेश मोहता, सतीश बजाज ,मामा श्याम डागा, ललित काकाणी,दिलीप काकाणी, आलोक काकाणी ,ब्यूरो चीफ शरद गुप्ता , कवि बाबूलालजी नाहर ,प्राचार्य प्रतिभा बोराल , समस्त शाला परिवार एवं नागदा शहर के समस्त गणमान्य नागरिकों द्वारा हर्ष जताते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### छात्र-छात्राएं कैसे करें आवेदन

हजारों छात्र-छात्राओं का जाति, आवासीय व आय प्रमाण पत्र नहीं बन पा रहा है। इससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सीओ के आईडी में करीब दो हजार आवेदन लंबित है। छात्र-छात्राओं को स्कॉलरशिप , नामांकन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व नियुक्तियों के फार्म भरने के लिए आय,जाति व आवास प्रमाण पत्र की जरूरत है, लेकिन प्रमाण पत्र नहीं बनने के कारण छात्र-छात्राएं व अभ्यर्थी परेशान हैं। प्रमाणपत्र के लिये अभ्यर्थी रोज अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहे हैं। इस संबंध में अभ्यर्थी लता प्रकाश रवि ने बताया कि 29 दिसम्बर को मैंने जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया है।,

**– अनिल कुमार पलामू**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

**राजनीति**

# इस बार लोक सभा चुनाव में बसपा संकट में




**मृत्युंजय दीक्षित**

***लोकसभा*** चुनाव का शंखनाद होने ही वाला है। सीटों की संख्या की दृष्टि से सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में सभी दल अधिकतम सीटें जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। इस लक्ष्य को साधने के लिए प्रदेश में विपक्ष का इंडी गठबंधन बनकर तैयार हो गया है, जिसमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस का काफी ना-नुकुर के बाद तालमेल हो गया है। भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार है। बसपा अभी तक अकेले ही चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। वह भी तब, जब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है। कहा जा रहा है कि वह अपने सभी 10 सांसदों के टिकट काटने जा रही हैं। ऐसे में टिकट कटने के भय व अपनी राजनीति को सुधारने की दृष्टि से कई सांसद पाला बदलने की तैयारी में हैं। कुछ ने को पाला बदल भी लिया है। त्रिकोणीय संघर्ष में मायावती के समक्ष सबसे बड़ी चुनौती अपना पिछला प्रदर्शन बचाकर रखना है। 2019 के लोकसभा चुनाव में बसपा को सपा-रालोद गठबंधन के साथ लड़ने के कारण 10 लोकसभा सीटों पर विजय प्राप्त हुई थी। अब समीकरण और गठबंधन दोनों ही काफी बदल गये हैं। बसपा सांसद एक के बाद एक मायावती का साथ छोड़कर जा रहे हैं। अभी तक बसपा के जो सांसद पाला बदल चुके हैं उनमें जेल में बंद माफिया मुख्तार अंसारी के भाई अफजाल अंसारी सपा में जा चुके है जबकि बसपा का एक और चर्चित मुस्लिम चेहरा दानिश अली कांग्रेस में जा चुके हैं तथा एक और सांसद श्याम सिंह पहले यह भारतीय जनता पार्टी के साथ संपर्क में थे, किंतु टिकट पक्का न हो पाने के कारण कांग्रेस में चले गये हैं। बसपा को सबसे बड़ा झटका दिया है उसके एकमात्र ब्राहण सांसद रितेश पाण्डेय ने जो अब भारतीय जतना पार्टी का दामन थाम चुके हैं। बसपा सांसद रितेश पाण्डेय उन सांसदों के समूह में भी शामिल थे, जिन्हें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद के बजट सत्र के दौरान भोज पर बुलाया था। अंबेडकरनगर से बसपा सांसद रितेश पाण्डेय ने पार्टी पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए बसपा से इस्तीफा दिया और उसी दिन कुछ ही क्षणों के बाद भाजपा में शामिल हो गये।

> **भारतीय जनता पार्टी सभी 80 सीटों पर विजय प्राप्त करने के लिए तैयार है। बसपा अभी तक अकेले ही चुनाव मैदान में उतरने की बात कह रही है। वह भी तब, जब अपने ही सांसदों पर भरोसा नहीं रह गया है।**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




# माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखनेवाले औलाद को सख्त सजा



**किशन भावनानी**

***भारतीय*** शास्त्रों और संस्कृतियों में मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव की शिक्षा दी जाती है। हमारे घर में भी यही सीख दी जाती थी। माता-पिता और गुरु तथा बड़ों का सम्मान करना हमारी ग्रामीण संस्कृति में अधिक स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ता है। परंतु बड़े बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें वर्तमान परिपेक्ष में अटूट सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है कि, समय का चक्र चलते बदलते रहता है जहां शास्त्रों वेदों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है। परंतु वर्तमान बदलते परिपेक्ष में बढ़ते आध्यात्मिक ट्रेंड में हमारे मान्यवर श्रद्धेय बाबाओं की संख्या में काफी बढ़ोतरी भी आई है, वही मीडिया में आई जानकारी में हम जानते हैं कि कई पर लंबी कार्यवाही भी हुई है खैर हमारा आज का विषय वस्तु यह नहीं है बल्कि हम चर्चा करेंगे कि आज की औलाद अपने माता पिता से अधिक महत्व अपने श्रद्धेय बाबा, गुरु, आचार्य को दे रहे हैं,अपने घर से अधिक आध्यात्मिक स्थल पर सेवा को अधिक महत्व दे रहे हैं, अपने घर परिवार माता-पिता को तरसाकार अपने आध्यात्मिकता पर अधिक व्यय कर रहे हैं और बड़े रौब से कहते हैं, मैं फलाने आध्यात्मिक स्थल का सेवादार, भगवान ईश्वर अल्लाह का भगत हूं बंदा हूं। परंतु मेरा मानना है, ये कैसी आध्यात्मिक सेवा है? जो माता-पिता को बोझ और अनावश्यक श्रेणी में रखकर उन पर शाब्दिक कटु बाण चलाकर अपने आचार्य के सामने, अपने आध्यात्मिक स्थल पर तन-मन-धन से सेवा करते हैं। मेरा मानना है या तो पाप से भी बड़ा पाप है। इसलिए आज जरूरत है, हमारे श्रद्धेय आध्यात्मिक बाबाओं द्वारा अपने प्रवचनों में माता-पिता की सेवा सर्वश्रेष्ठ पर, बल देना समय की मांग है। चूंकि माननीय उपराष्ट्रपति महोदय द्वारा एक कार्यक्रम में संबोधन पर कहा कि माता-पिता का ख्याल रखें, शिक्षकों का सम्मान करें और बढ़ते वृद्धआश्रमों पर दुख व्यक्त किया है, इसलिए आज हम पीआईबी में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मातृ देवो भव, पितृ देवो भव, आचार्य देवो भव।

> **बुजुर्गों द्वारा कही कहावतें सटीक सत्य प्रमाणित हो रही है जहां शास्त्रों वेदों और भारतीय संस्कृति में माता पिता को सर्वश्रेष्ठ गुरु माना गया है उसके बाद आचार्य को पदवी दी गई है।**

**बोधि वृक्ष**

# गढ़वा जिले का श्रीबंशीधर मंदिर

इस तरह श्री बंशीधर मंदिर को श्रीकृष्ण सर्किट से जोड़ने का कार्य प्रक्रियाधीन है।

**दो बार हुआ श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन**

श्री बंशीधर मंदिर को विकसित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार की ओर से श्री बंशीधर महोत्सव का शुभारंभ किया गया था। पर यह आयोजन पहली बार वर्ष 2017 में तथा दूसरी बार 2018 में हुआ। इसके बाद पिछले 3 वर्षों से श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन राज्य सरकार की ओर से नहीं किया जा रहा है। इसके कारण श्रद्धालुओं में सरकार के प्रति क्षोभ व्याप्त है। सरकार की ओर से प्रतिवर्ष दो दिवसीय श्री बंशीधर महोत्सव का आयोजन किया जाना था। पर यह आयोजन मात्र दो बार ही हो सका है। पहली बार बंशीधर महोत्सव का उद्घाटन तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास व दूसरी बार तत्कालीन राज्यपाल के द्वारा किया गया था।

**(समाप्त)**



**बेहद प्रसिद्ध है गढ़वा का मां गढ़देवी मंदिर, नवरात्र में भक्तों की उमड़ती है भीड़, जानें इसका इतिहास**

श्रद्धालुओं की इस भीड़ में मन्नत मांगनेवाले और मन्नत पूरी होने पर मां के दर्शन करनेवाले दोनों शामिल होते हैं। वर्ष के दोनों नवरात्र के अलावा इस मंदिर में श्रावण मास में भी भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

# गलत यूपीआई पर हो गया पैसा ट्रांसफर तो ना हों परेशान

इन दिनों हर दूसरा व्यक्ति भुगतान के लिए यूपीआई पेमेंट का इस्तेमाल कर रहा है। किसी भी बिल का भुगतान करना और पैसे ट्रांसफर करना बहुत आसान हो गया है। बस कुछ ही सेकंड में किसी के भी खाते में पैसे भेज सकते हैं। लेकिन तब क्या होगा जब आप यूपीआई के जरिये गलत ट्रांजेक्शन कर देते हैं। कई लोग गलत ट्रांजेक्शन होने के बाद परेशान होते रहते हैं लेकिन ऐसे समय पर घबराने की बजाय बस कुछ सरल स्टेप्स का पालन करके पैसा वापस पा सकते हैं। जैसे ही आपसे गलत यूपीआई पेमेंट हो जाय तो सबसे पहले बैंक के कस्टमर सर्विस सेंटर को कॉल करें। आप चाहे तो यूपीआई सर्विस प्रोवाइडर से भी कांटेक्ट कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर 18001201740 पर फोन करके भी शिकायत की जा सकती है। जिसमें आपको भुगतान की सारी जानकारी देनी होगी। आरबीआई ने भी इस बारे में लोगों को जानकारी दी थी। आरबीआई के नियमों के अनुसार अपने पेमेंट सर्विस प्रोवाइडर को सबसे पहले गलत भुगतान की जानकारी देकर रिफंड जल्दी पा सकते हैं। इसके अलावा आप समाधान से संतुष्ट नहीं होते हैं तो




एनपीसीआई पोर्टल के जरिये भी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर जाकर आपको व्हाट वी डू के विकल्प पर क्लिक करना होगा। जहां कई विकल्प मिलेंगे। जिसमें से यूपीआई के विकल्प का चुनाव करें। अब कम्प्लेंट वाले सेक्शन में जाकर सारी जानकारी दर्ज करें। अगर आपकी शिकायत के 30 दिन बाद भी आपको पैसा वापस नहीं मिलता तो बैंकिंग लोकपाल को शिकायत करके भी पैसा वापस पाया जा सकता है। **(समाप्त)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बाइक और साइकिल की टक्कर में महिला की मौत

**कुडू।** थाना क्षेत्र में चेटर मोड़ के समीप बाइक और साइकिल की भिड़ंत में बाइक सवार एक महिला की मौत हो गयी। घटना गुरुवार की शाम 6: 45 की है। रांची जिले के चान्हो थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा गांव निवासी पिंकी देवी (45) अपने पति सुकरा उरांव के साथ बाइक से कुडू थाना क्षेत्र के लावागाई से किसी समारोह में शामिल होकर वापस अपने गांव जा रही थी। तभी कुडू रांची मुख्य पथ एनएच 75 पर स्थित चेटर मोड़ के समीप एक साइकिल से टक्कर हो गयी। टक्कर के बाद पीछे बैठी पिंकी देवी नीचे गिर गयी जिससे मौके पर ही मौत हो गयी।

### बोलेरो पलटी, 4 जख्मी

**कुडू।** लोहरदगा से परीक्षा देकर लौट रही छात्रों से भरी बोलेरो कुडू कैरो मुख्य पथ टाटी नर्सरी के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में चार लोगों के घायल होने की सूचना है। इनमें कैरो निवासी जसिर खान की पुत्री 15 वर्षीय जूही प्रवीण का कुडू सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज किया गया।

### एसडीपीओ ने की बैठक

**चैनपुर।** अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राधा अमिता लकड़ा ने गुरुवार को अपने कार्यालय में अनुमंडल क्षेत्र के सभी थाना प्रभारियों के साथ बैठक की। एसडीपीओ अमिता लकड़ा ने कहा कि हर हाल में अपराध पर नियंत्रण होना चाहिए। वारंटी को भी गिरफ्तार कर जेल भेजे। सभी थानेदार को जनता से अच्छा व्यवहार करने की जरूरत है। कोई भी व्यक्ति अपनी फरियाद को लेकर थाना पहुंचता है तो पुलिस पदाधिकारी अच्छा से व्यवहार करें। मौके पर चैनपुर, डुमरी, कुरुमगढ़, जारी, रायडीह, सुरसांग थाना के थाना प्रभारी उपस्थित थे।

### पत्थर लोड ट्रैक्टर जब्त

**भंडरा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मसमानो मोड़ के समीप बुधवार की देर शाम पुलिस व खनन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में अवैध पत्थर लोड ट्रैक्टर को जब्त किया है। साथ ही चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने कहा कि इस मामले को लेकर मामला दर्ज किया गया है। जब्त ट्रैक्टर सदर प्रखंड के रामपुर गांव निवासी अख्तर अंसारी का है।

### आंगनबाड़ी सेविकाओं को दी गई जानकारी

**सिसई।** प्रखंडबाल विकास परियोजना पदाधिकारी सुधा सिन्हा की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में कल 120 आंगनबाड़ी सेविकाओं को गूगल रीड अलांग एप्लीकेशन के 2.0 के बारे में पूर्ण जानकारी प्रदान की गई। इसमें महिला पर्यवेक्षिका सरिता कुमारी, जहां अरा, पीरामल फाउंडेशन से आए प्रोग्राम लीड प्रमोद कुमार जायसवाल आदि शामिल रहे।

### डीसी ने की समीक्षा

**लोहरदगा।** उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला बाल संरक्षण इकाई, लोहरदगा वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा जिला से पीएम केयर फॉर चिल्ड्रेन योजना में पंजीकृत दो बालकों के साथ, उनके शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण एवं अन्य विषयों पर समीक्षा की गई। कॅरियर संबंधी सुझाव दिए गये जिसमें एसएससी/ यूपीएससी/ पीएचडी/आर्कियोलॉजी के बारे में बताया गया। रिसर्च स्कॉलर/बैंकिंग सेक्टर के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया गया। दोनों बच्चों को प्रेरणात्मक किताब/ चॉकलेट/ बैडमिंटन रैकेट खेल सामग्री उपहार स्वरूप दिए गए।

# गुणवत्ताविहीन विकास कार्य पर भड़के ग्रामीण



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
विकास कार्य में गुणवत्ता की कमी को देखते ही ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का बहिष्कार कर मुखिया एवं जिला परिषद को अवगत कराया। यह मामला अरु पंचायत के बांधटोली में देखने को मिला। अरु पंचायत में एनएच 143 ए मुख्य पथ से लगभग 15 किलोमीटर तक पथ निर्माण कार्य प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का कार्य भारद्वाज कंस्ट्रक्शन द्वारा निर्माण कराया जा रहा है। इसमें कालीकरण तथा जगह-जगह पर पीसीसी पथ निर्माण किया जाना है। इस निमित अरु बांधटोली में पीसीसी पथ निर्माण कराया जा रहा था, जिसमें अनियमितता को देख ग्रामीणों ने कार्य को गुणवत्ता का अभाव बताते हुए बंद कराने की गुहार लगाई और बुधवार शाम जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में काम रुकवाने का कार्य किया गया, परंतु निर्माण कार्य में गुणवत्ता के अभाव को सुधारने की बात पर कार्य आरंभ किया गया। इसके अलावे पूर्व से पथ के किनारे लगाया गया साइज पत्थर को संवेदक द्वारा निकाल कर पुल पुलिया में लगाने की बात सामने आई है, जो कार्य स्थल पर स्पष्ट नजारा देखने को मिल रहा है। आखिर इन लापरवाही के पीछे किन अधिकारियों की संलिप्तता है। प्राक्कलन स्वीकृति के पूर्व बनाए गए रूप रेखा को अनदेखी कर आज भी कार्य आरंभ है तथा उस मैट्रेरियल का पैसा सीधा संवेदक के खाते में जा रहा है, जो जांच का विषय बना हुआ है।

### जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक में मुआवजा की स्वीकृति

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकार की बैठक आयोजित हुई। इसमें छह एजेंडों पर चर्चा हुई और मुआवजा संबंधी निर्णय लिये गये। इसमें पानी में डूबने से दो मामले, सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को मुआवजा भुगतान के 11 मामले, आगजनी से मृत्यु का एक मामला, आगजनी से मकान क्षतिग्रस्त होने के दो मामले (आंशिक क्षति), अतिवृष्टि से आंशिक/पूर्ण मकान क्षति के लाभुकों को मुआवजा भुगतान के 50 मामले, वज्रपात से मृत्यु के 7 मामले और सर्पदंश से मृत्यु के मामले में विचारोपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुंडा, एसडीओ अमित कुमार, एसडीपीओ, सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक, जिला सहकारिता पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित




**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने गुरुवार को समाहरणालय कक्ष में नेशनल खेल कराटे स्कूल गेम, साइकलिंग एवं राज्य स्तरीय गतका प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले लोहरदगा जिले के खिलाड़ियों, गतका प्रतियोगिता के विजेता मुकेश उरांव, कुमकुम कुमारी, संतोषी कुमारी, अंजलि कुमारी और मिहिर कुमार त्रिपाठी। नेशनल खेल स्कुल कराटे गेम में शानदार प्रदर्शन करने वाले राज बाबु महली, हेमा कुमारी, करुणा उरांव, सोनिका कुमारी, अनुष्का लोहरा, काजल कुमारी, रीना उरांव, सरिता कुमारी और गायत्रि कुमारी एवं साइकलिंग में तीन बार के गोल्डमेडलिस्ट रहे रामबिलास पासवान शामिल हैं। इनके अलावा बेस्ट कोच अवार्ड से सम्मानित हुए खिलाड़ियों के कोच अमित कुमार सिंह को भी मेमोंटो देकर सम्मानित किया। बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए भविष्य में झारखंड समेत लोहरदगा का नाम रौशन करने की बात कही। मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी नूर आलम, एडीपीओ अंबुजा पांडेय, केजीबीजी कुजरा की वार्डेन मेनका उपस्थित थे।

# फ्लाइंग स्क्वाड व स्टेटिक सर्विलांस टीम को दिया गया चुनाव का प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोकसभा निर्वाचन-2024 के लिए प्रतिनियुक्त फ्लाइंग स्क्वायड और स्टेटिक सर्विलांस टीम को समाहरणालय परिसर स्थित अभिलाषा कक्ष में मास्टर प्रशिक्षक के रूप में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी श्रद्धा केरकेट्टा और जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी आकाश सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। इसमें भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रदत्त आवश्यक दिशा-निदेशों के पालन के बारे विस्तार से बताया गया। इलेक्शन सीजर मैनेजमेंट सिस्टम अंतर्गत शराब, नकदी, समेत अन्य का वितरण के दौरान मॉनिटरिंग, रिपोर्टिंग व कार्रवाई हेतु आवश्यक जानकारी दी गई। साथ ही रिपोर्टिंग व उसकी डेटा इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। इंट्री किये गये रिपोर्ट की किन-किन स्तर पर समीक्षा की जानी है, उसकी जानकारी दी गई। सभी प्रशिक्षणार्थियों को ईएसएमएस पोर्टल व मोबाईल एप के कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन में ईएसएमएस एप व पोर्टल एवं सी-सिविल एप द्वारा रिपोर्टिंग व मॉनिटरिंग की जानकारी मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा दी गई।

### डीसी ने की लोकसभा चुनाव के तैयारियों की समीक्षा

**गुमला।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर गुरुवार को उपायुक्त कर्ण सत्यर्थी की अध्यक्षता में बसिया प्रखंड कार्यालय सभागार में बसिया एवं पालकोट अंतर्गत चुनावी तैयारियों से संबंधित विशेष समीक्षात्मक बैठक की गई। उपायुक्त ने मतदान केंद्रों में सुविधाओं से संबंधित जानकारी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर समाहर्ता गुमला, अनुमंडल पदाधिकारी बसिया, उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीपीओ, जिला परिवहन पदाधिकारी बीडीओ पालकोट, बीडीओ बसिया सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे।

# नक्सल प्रभावित इलाकों में ग्रामीणों के बीच बांटे गए आवश्यक सामान




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी एवम थाना प्रभारी, सेरेंगदाग के नेतृत्व में नक्सलियों के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। यह अभियान सेरेंगदाग थाना के ग्राम मुंगो, जवाल, तुरियाडीह, दुंदरू, हुंडी, जुरनी, पीरतोल, हेनहे, चपरोंग, मनहेपात तथा गमहरिया के सुदूरवर्ती पहाड़ी ग्रामीण नक्सल प्रभावित क्षेत्र में चलाया गया।

अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक, हारिस बिन जमां ग्रामीणों से मिले। उनसे अपनत्व का बोध कराया। इसके बाद ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं से एसपी को अवगत कराया। एसपी ने ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक करवाई करने की बात कही। अभियान के क्रम में आगामी लोकसभा चुनाव हेतु पोलिंग बूथ का निरीक्षण भी किया गया। इसी क्रम में ग्राम जूरनी के ग्रामिणों एवम बच्चों के बीच सामुदायिक पुलिसिंग के तहत बैग, कोपी, स्टूमेंट बॉक्स, ग्रामीणों के बीच कंबल एवम आवश्यक सामग्री का वितरण किया गया। मुख्यधारा से भटके लोगो को वापस मुख्यधारा में जुड़ने के लिए अपील किया गया। इस अभियान में पुलिस अधीक्षक, लोहरदगा, सहायक समादेस्टा सीआरपीएफ 158/सी एवम थाना प्रभारी, सेरेंगदाग,एवम सैट 76के जवान शामिल थे।

### ओलावृष्टि से बर्बाद फसल के मुआवजे के लिए 130 किसानों ने किया आवेदन

**भंडरा।** प्रखंड के अंदर पिछले दिनों हुई बारिश व ओलावृष्टि से फसलों में भारी नुकसान सामने आया है। फसल नुकसान के मुआवजे के लिए भंडरा अंचल कार्यालय में आवेदन के लिए किसानों की लंबी लाइन लगी थी। गुरुवार को करीब 130 किसानों ने नष्ट फसल के मुआवजे के लिए आवेदन किया। आवेदन करने को लेकर किसानों में अफरातफरी का माहौल रहा। ग्रामीणों के अनुसार, प्रखंड उदरंगी, सेगरा टोली, अकाशी, बंडा आदि गावों के अंदर करीब 10 सौ हेक्टेयर गेहूं व 12 सौ हेक्टेयर मटर, ईख की फसल में नुकसान पहुंचा है। दरअसल, प्रखंड में मंगलवार की शाम को बारिश हुई। कई स्थानों पर हुई ओलावृष्टि से किसानों को भारी नुकसान हुआ। बारिश से गेहूं व ईख की फसल पूरी तरह से लेट गई तथा मटर सब्जी की फसल में भारी नुकसान हुआ। ओलावृष्टि से गेहूं की बाल टूट कर गिर गई। इधर अंचलाधिकारी दुर्गा कुमार ने कहा कि बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे के लिए किसान अंचल कार्यालय में आवेदन जमा करे। किसानों को परेशानी न हो, इसके लिए विशेष डेस्क बनाए गए हैं। गुरुवार को 130 किसानों ने आवेदन किया है। जल्द मुआवजा के लिए प्रयास किया जायेगा। किसान मुआवजा के लिए लिखित आवेदन, खेत की फोटो, आधार कार्ड व बैंक पासबुक की छायाप्रति संलग्न कर अंचल में जमा करें।

# बिना सड़क बने टोल टैक्स की वसूली करना एजेंसी की मजबूरी : रविंद्र तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**
उपाध्यक्ष अखिल भारतीय पंचायत परिषद और सदस्य राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा परिषद सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार रविंद्र तिवारी ने कहा कि बिना सड़क बने टोल टैक्स लेना एजेंसी की मजबूरी है। क्योंकि करोड़ों रुपए खर्च हो गए, निर्माण भी अटक-अटक कर हो रहा है।

ऐसे में नुकसान से बचने के लिए टोल टैक्स प्रारम्भ किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार को भूमि का मुआवजा देते हुए भूमि खाली करा कर विभाग को सौंपने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की है पर राज्य सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। नतीजा सड़क निर्माण में देरी हो रही है। इसमें ना ही विभाग और ना ही संवेदक जिम्मेवार हैं। भूमि का मुआवजा तय करना और भूमि उपलब्ध कराना राज्य सरकार का विषय है, परंतु झारखंड सरकार ईमानदारी से काम नहीं कर रही है। राज्य सरकार भूमि का रेट इतना कम तय करती है कि हमें भी शर्म आती है। कई बार रैयतों की भूमि का रेट तय करने की बात कही गई और अब तक रेट तय नहीं किया गया। राज्य सरकार किसी भी परियोजना को पूरा कराने में अपने धर्म का पालन नहीं करा पा रही है। उन्होंने कहा कि पंचायती राज के लिए पंचायत प्रतिनिधियों को सजग होते हुए अपने अधिकार को प्राप्त करना होगा। इस मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ शाहदेव उपस्थित थे।

# भाजपा चलाएगी संकल्प पत्र सुझाव अभियान




**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी ने बख्शीडिपा में विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान को लेकर झारखंड भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अरुण उराव प्रेस को संबोधित किया। इसमें मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव एवं मीडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस उपस्थित रहे। अरुण उरांव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की एकमात्र पार्टी है जिसने विकसित भारत की परिकल्पना की है और इसे पूरा करने का वादा भी किया है। भाजपा विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ करने जा रही है। इसका उद्देश्य जन जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी जी तक पहुंचाना है ताकि वह भाजपा के विकसित भारत संकल्प पत्र का आधार बन सके। आकांक्षा संग्रह अभियान कार्यक्रम जनता के समर्पण और विश्वास का प्रमाण होगा। इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र हेतु एक करोड़ से अधिक लोगों का सुझावों उनकी आकांक्षाओं और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। सुझाव पत्र पेटी का भी लॉन्चिंग किया गया। बताया कि इस कार्यक्रम का लॉन्चिंग भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के द्वारा दिल्ली कार्यालय में किया गया था। सुझाव एकत्रित करने हेतु पेटी में मिस्ड कॉल नंबर 9090902024 और नमो ऐप की सुविधा लॉन्च की गई। जन-जन का सुझाव पत्र एकत्रित करने के लिए पार्टी द्वारा एलईडी प्रचार गाड़ी भी क्षेत्र में भ्रमण करेगी। सुझाव पत्र सादे कागज एवं सुझाव पत्रक के द्वारा पेटी में रखे जा सकते हैं। सीटों एवं नाम की घोषणा केंद्रीय समिति बोर्ड के द्वारा की जाती है वह एक अलग प्रक्रिया है। मौके पर जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, मंत्री अनिल उरांव, किसान मोर्चा अध्यक्ष जितेंद्र महतो, बाघम्बर ओहदार उपस्थित थे।

### मोदी की गारंटी पत्र का किया वितरण

**कैरो।** भारतीय जनता पार्टी के केंद्रीय कमेटी के निर्देशानुसार प्रखंड अध्यक्ष लखन उरांव के नेतृत्व में गुरुवार को प्रखंड के गजनी गांव में घर घर जाकर कार्यकर्ताओं ने देशवासियों के नाम प्रधानमंत्री मोदी का पत्र व लाभार्थियों की समृद्धि मोदी की गारेंटी पत्र का वितरण करते हुए केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दीं। मौके पर लखन उरांव ने कहा कि प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबकी प्रेरणा के साथ देश को आगे ले जाने का काम कर रहे हैं। भाजपा सरकार सभी गरीब किसान, मजदूर, जरूरतमंद के लिए काम कर रहे हैं। मौके पर विशेश्वर प्रसाद दीन, कैलाश महतो आदी उपस्थित थे।

## कवायद: मतदाता जागरूकता के लिए स्वीप कार्यक्रम चलाने का निर्देश

# स्वीप कार्यक्रम को लेकर बीडीओ-सीओ ने की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
आम निर्वाचन 2024 के दौरान मतदान प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता जागरूकता हेतु सामान्य स्वीप गतिविधियों के आयोजन के संबंध में बीडीओ रंजीत सिन्हा, सीओ दुर्गा कुमार ने गुरुवार को प्रखंड सभागार में सभी सुपरवाइजरों संग की बैठक की। आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से प्रखंड स्तरीय स्वीप कोर कमेटी की बैठक आयोजित कर स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

निर्देश में उल्लेखित है कि स्वीप गतिविधियों के संचालन एवं पर्यवेक्षण हेतु तत्काल प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र स्तर पर एक स्वीप नोडल अधिकारी की नियुक्ति की गई है। इसके साथ-साथ समस्त उच्च शिक्षण संस्थानों में नवप्रवेशित नये छात्र-छात्राओं को मतदान प्रक्रिया से जोड़ने हेतु प्रेरक कार्यक्रम चलाया जाये, जिसमें कैम्पस एम्बेसडर एवं प्रोफेसर नोडल अधिकारी (स्वीप) का विशेष सहयोग लिया जाए। लोक सभा आम निर्वाचन 2024 में मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु प्रखंड स्तर पर संचालित अधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाए। मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी/ स्टेट आईकन के संदेशों का रिकार्डेड मेसेज (ऑडियो-विडियो) का प्रसारण स्थानीय सिनेमाघरों, स्थानीय केबल टीवी, सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों द्वारा प्रचारित किया जाए। साथ ही ग्रामीण इलाकों एवं हाट बाजारों में कोटवार के माध्यम से निर्वाचन से संबंधित विभिन्न सूचनाएं यथा मतदान तिथि, मतदान समयावधि तथा मतदान केंद्र पर मतदाताओं हेतु उपलब्ध सुविधाओं का मुनादी के माध्यम से प्रचार कराया जाये। निर्वाचन से संबधित प्रमुख तिथियों एवं मतदान करने हेतु प्रेरक संदेशयुक्त पोस्टर डिजाइन तैयार कर सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर मतदाता जागरूकता के संदेशों का प्रचार-प्रसार हेतु पोस्टर, बैनर, स्टैण्डी, होर्डिंग्स का प्रयोग किया जाए। इस मौके पर थाना प्रभारी अरबिंद सिंह, धर्मदास भगत, गौरव गौरीश, बीणा आदि मौजूद थे।

# बिजली दर में बढ़ोतरी के विरोध में भाजयुमो का प्रदर्शन, पुतला फूंका



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष मनिष शिखर के नेतृत्व में झारखंड सरकार के द्वारा बिजली दर में वृद्धि किए जाने के विरोध में झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला दहन किया गया। मौके पर मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, ओमप्रकाश सिंह, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो उपस्थित थे। मनीर उरांव ने कहा कि बिजली यंत्रों की चोरी सरकार और उनके महकमा द्वारा रोकी तो नहीं जा सकी परंतु बिजली दर में बढ़ोतरी कर गरीबों का उद्धार करने की घोषणा करने वाली गठबंधन सरकार का अब असल चेहरा सबके सामने आ गया है। बिजली दर की बढ़ोतरी में मुख्यमंत्री चंपई सोरेन शहर के साथ-साथ ग्रामीण गरीब जनता को भी नहीं बख्शा। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, राजकिशोर महतो, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव, राकेश प्रसाद, अजय पंकज, बालकृष्ण सिंह, राजकुमार वर्मा, नीरज नलिन, सरोज प्रजापति, अनिल उरांव, जगनंदन पौराणिक, मीणा बकाला, पशुपतिनाथ पारस, सूरज दसुंधी, अमरेश भारती, राजेश महतो सजल कुमार, श्याम वर्मा, वाल्मीकि साहू, रेखा देवी, बृजनंदन यादव, मंगल गोप, कुलदीप कुमार, विजय महतो, दिग्गज सिंह, पवन प्रजापति, यशश्वी ओझा, नीरज गुप्ता, रवी शंकर कुमार आदि मौजूद थे।

### सीएम का पुतला फूंका

**गुमला।** भाजपा ने गुरुवार की शाम टावर चौक पर मुख्यमंत्री चंपई सोरेन का पुतला फूंका। बिजली दर में बढ़ोतरी और भ्रष्टाचार को लेकर भाजपाइयों ने सरकार पर जमकर निशाना साधा और जल्द से जल्द बिजली दर में की गई बढ़ोतरी को वापस लेने की मांग की गई।

## एक नजर

### नव पदस्थापित थाना प्रभारी का मुखिया ने किया स्वागत



**मयूरहंड।** प्रखंड क्षेत्र के मंझगावा मुखिया सह दिशा सदस्य मंजित कुमार सिंह ने गुरुवार को नव नियुक्त थाना प्रभारी राहुल सिंह से औपचारिक भेंटकर पुष्प गुच्छ व अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत किया।इस दौरान मुखिया श्री सिंह ने क्षेत्र में बढते नशाखोरी व स्पीड ड्राइव पर प्रतिबंध लगाने की अपील की। वही थाना प्रभारी ने मुखिया श्री सिंह को आश्वस्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में कानून व्यवस्था व अमन चौन हेतु सभी तरह के प्रयास करेंगे। साथ हीं पुलिस-पब्लिक सम्बंध मधुर बनाने का हर प्रयास किया जाएगा। इसके लिए क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों व समाजसेवीयों का सहयोग की जरुरत है।

### मोबिलाइजर व सप्लायर की चयन प्रक्रिया स्थगित

**बारियातु।** प्रखंड की शिबला पंचायत भवन परिसर में स्वयंसेवकों में से एक मोबिलाइजर व सप्लायर का चयन किया जाना था। चयन टीम के रूप में मुखिया सुरेश उरांव, पंचायत सचिव शेराफेनुस खलखो, रोजगार सेवक सुरेंद्र यादव पहुंचे। मोबिलाइजर व सप्लायर के लिए मोहम्मद सरफराज अहमद, लवकुश यादव, पूनम कुमारी व कौलेश्वर यादव ने आवेदन किया। चार आवेदनों में से मोबिलाइज और सप्लायर दो का चुनाव किया जाना था। चुनाव के क्रम में विवाद हो गया। विवाद उत्पन्न होने के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया। ज्ञात हो कि उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के आलोक में लातेहार जिला अंतर्गत अवस्थित पैसा ग्राम पंचायत में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए अनुसूचित क्षेत्र के प्रत्येक पंचायत में एक-एक मोबाइलजर चयन किया जाना था।

### लाभार्थी संपर्क अभियान को लेकर भाजपा की बैठक



**प्रतापपुर।** लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत भारतीय जनता पार्टी प्रतापपुर मंडल की बैठक गुरुवार को मंडल अध्यक्ष बिनोद कुमार शौण्डिक की अध्यक्षता में स्थानीय राजागढ़ परिसर में की गई। इसमें कार्यक्रम के मंडल संयोजक गौतम कुमार सिंह उपस्थित थे। मंडल अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाए गए योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें प्रधानमंत्री द्वारा दिए गए पत्रक को देने का आग्रह किया। वहीं भाजयुमो मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मोदी जी के द्वारा किये गए कार्यों के संबंध में लाभुकों से बातचीत करने के लिए हमारें पास बहुत कुछ है, जबकि झारखण्ड सरकार की नाकामियां भी अनगिनत हैं।

# विधायक ने विस में उठाया मंडल रोड का मुद्दा जनहित में निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

मनिका विधानसभा के उत्कृष्ट विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को अपने विधानसभा क्षेत्र के बरवाडीह मंडल मुख्य मार्ग को विधानसभा में शून्यकाल के दौरान जनहित में शुरू करवाने की मांग की है। विधायक रामचंद्र सिंह ने विधानसभा में कहा कि मनिका विधानसभा के अंतर्गत बरवाडीह से मंडल मुख्य मार्ग लगभग 25 किलोमीटर सड़क की स्थिति अत्यंत दयनीय है। यह अत्यंत नक्सलवाद प्रभावित इलाका है। यह सड़क झारखंड को छत्तीसगढ़ राज्य से भी जोड़ती है। जनहित में यह रोड बनना



अत्यंत आवश्यक है। पथ निर्माण विभाग द्वारा सड़क निर्माण हेतु आवश्यक कार्रवाई करते हुए डीपीआरओ तैयार कर तकनीकी स्वीकृति भी प्रदान की गई है, लेकिन प्रशासनिक स्वीकृति नहीं मिलने से सड़क निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है। विधायक ने पथ निर्माण विभाग की इस अति महत्वपूर्ण सड़क निर्माण को जनहित में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने की मांग की। जानकारी हो कि मंडल बरवाडी मुख्य मार्ग अत्यंत दयनीय हालत में रहने के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। 45 मिनट का सफर 2 घंटे से अधिक का समय लग रहा है। विशेष कर बरसात के दिनों में इस सड़क में वाहनों से भी चलना काफी मुश्किल है।

# शत प्रतिशत मतदान कराने की दिलाई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के सफल आयोजन के लिए गुरुवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान की शुरुआत प्रखंड कार्यालय से की गई। प्रखंड विकास पदाधिकारी रेखा रेशमा मिंज ने सर्वप्रथम प्रखंड के बरवाडीह, छिपादोहर थाना प्रभारी, सभी पंचायत के मुखिया, सभी वार्ड सदस्य, प्रखंड व अंचल के सभी कर्मियों को शत प्रतिशत मतदान कराने की सामूहिक शपथ दिलाई। वहीं शत प्रतिशत मतदान करने हेतु एक माह तक चलाए जाने वाले मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने के लिए जानकारी दी गई। एक माह तक चलाए



जाने वाले कार्यक्रम में अगले एक माह तक तिथिवार साइकिल रेस, मानव श्रृंखला, पेंटिंग, मेंहदी, प्रतियोगिता के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जाएगा। इसके साथ ही जागरूकता अभियान के तहत 1 मार्च से 30 मार्च तक सभी गांवों में रात्रि चौपाल का आयोजन करने के दिशा निर्देश दिए गए। कार्यक्रम में बरवाडीह थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार, छिपादोहर थाना प्रभारी धीरज कुमार सिंह, पंचायत सेवक अरविंद कुमार रवि, देवलाल राम, बीपीओ त्रिवेणी राम, मुखिया कालो देवी, रेखा पाठक, आशीष कुमार सिंह, अंचल निरीक्षक सुरेश राम आदि शामिल थे।

# अचानक विद्यालय का छज्जा गिरा

## बारियातु प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिबला की घटना में बाल-बाल बचे बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**




प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय शिबला का छज्जा गिरने से विद्यालय में पढ़ने आए छात्र-छात्राएं बाल-बाल बच गए। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को विद्यालय खुलने के बाद सभी बच्चे बरामदे मे खड़े थे। अचानक छज्जा गिरने की आवाज सुनकर दौड़कर सभी बच्चे बाहर निकल गए। पच्चीस फीट तक छज्जा गिर गया। जिस समय छज्जा गिर रहा था उस समय वहां लगभग बीस बच्चे खड़े थे। अपनी सूझबूझ से बच्चों ने अपनी जान बचाई अन्यथा बड़ी घटना घट सकती थी। छज्जा गिरने की खबर मिलते ही अभिभावक विद्यालय पहुंचे। ग्रामीण मो सकिल, मो फिदाउल्लाह, तुलसी पांसी, संतोष ठाकुर, अनिल कुमार ठाकुर मो सुहैल, नरेश यादव, मिन्हाज सहित अन्य ग्रामीणों ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्रेमचंद प्रसाद पर आरोप लगाते हुए कहा कि विकास फंड की राशि डकार लेते हैं। विकास फंड की राशि नियमित उपयोग किया जाता तो शायद अचानक छज्जा नहीं गिरता। प्रधानाध्यापक मनमानी करते हैं।

### दनदहा घाटी में छर्री लदा ट्रक दुर्घटना ग्रस्त, बाल-बाल बचा चालक

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहड(चतरा)**

मयूरहंड थाना क्षेत्र के इटखोरी जिहू मुख्य मार्ग दनदहा घाटी करमा के समीप गुरुवार को अनियंत्रित छर्री लदा ट्रक दुर्घटना ग्रस्त हो गया, जिसमें चालक व उप चालक बाल-बाल बचे। ट्रक एमएल 01 एआर 6647 टाटा से इटखोरी की ओर तेज गति से जा रही थी। तभी दनदहा घाटी में तीखा मोड होने के कारण चालक वाहन को नियंत्रित नहीं कर पाया और दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दुर्घटना की सूचना पाकर ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच वाहन में फंसे चालक व उप चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। वहीं घटना की सूचना स्थानीय थाना को दिया। सूचना पाकर थाना प्रभारी राहुल सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच वाहन को अपने कब्जा में लिया। मालुम हो कि दनदहा घाटी में इससे पूर्व भी कई दो पहिया व चार पहिया वाहन दुर्घटना ग्रस्त होने से असमय दर्जनो युवा काल के गाल में समा चुके हैं। दुर्घटना से बचाव को लेकर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व स्थानीय ग्रामीण वरीय अधिकारियों व पीडब्लूडी के अधिकारियों से घाटी में स्पीड ब्रेकर लगवाने की मांग करते आ रहे हैं। पर जिम्मेदार अधिकारियों ने अबतक कोई ठोस कदम उठाने का जहमत नहीं उठा रहे हैं। परिणाम स्वरुप आए दिन बाहरी वाहन चालक के साथ स्थानीय लोग भी दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं।

# पुलिस ने साइबर ठगी करने वाले युवक के साथ 4 ब्राउन शुगर तस्कर किए गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**

पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक साइबर ठगी करने वाले युवक के साथ अन्य 4 ब्राउन शुगर तस्कर को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक दीपक सिंह सिमरिया थाना क्षेत्र के जिरवाखुर्द पंचायत अंतर्गत कुरूमडाड़ी गांव का रहने वाला है। पुलिस ने गिरफ्तार युवक के पास से दो मोबाइल, चार एटीएम कार्ड, एक बैंक पासबुक, एक डायरी जिसमें गूगल एकाउंट का आईडी पासवर्ड और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। साथ ही दीपक

**गिरफ्तार युवक के पास से दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, एक बैंक पासबुक, एक डायरी और एक बाइक बरामद**

के पास से बरामद मोबाइल में दो पुड़िया ब्राउन शुगर भी जब्त किया गया। वही युवक के निशानदेही पर ब्राउन शूगर की तस्करी और खरीद बिक्री करने वाले सलगी गांव निवासी अंकित कुमार उर्फ. गोलू, आजाद नगर सदर के दो भाई सद्दाम, जस्सीम और गिद्धौर निवासी सुनील कुमार को भी गिरफ्तार किया गया है। उक्त आशय की जानकारी सिमरिया थाना प्रभारी चंदन कुमार ने देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि कुरूमडाड़ी का एक युवक ऑनलाइन साइबर ठगी घटना को अंजाम दे रहा है। सूचना पर टीम गठित कर त्वरित कार्रवाई की गई। मामले को लेकर सिमरिया थाना कांड संख्या 30/2024 में एनडीपीएस और आईटी एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी के अलावा एसआई नंदलाल कुमार, एएसआई विनोद कुमार तिवारी आदि शामिल थे।

### तीनदिनी प्रशिक्षण का समापन

**बालूमाथ।** प्रखंड की बसिया पंचायत में आत्मा लातेहार व एनजीओ लोक कल्याण परिषद् समिति के संयुक तत्वाधान में चल रहे तीन दिवसीय समेकित कृषि प्रणाली प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हुआ। इसमें मुखिया विमला देवी व कृषक मित्र रामकुमार यादव, बाबूलाल गंजू, जागेश्वर गंजू, समीम अंसारी व लोक कल्याण परिषद समिति के अध्यक्ष आशीष सिंह ने प्रमाण पत्र का वितरण किया। लगभग 50 किसानों के साथ प्रशिक्षक समीम अंसारी, लोक कल्याण परिषद् समिति के अध्यक्ष आशीष कुमार सिंह, प्रियांशु कुमार, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

### राजद की डूमारो पंचायत अध्यक्ष बने भरतेश यादव, गणेश सचिव

**चंदवा।** राष्ट्रीय जनता दल का संगठन विस्तार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को वरिष्ठ राजद नेता सह प्रखंड अध्यक्ष अजित सिन्हा की अध्यक्षता में डुमारो पंचायत के बैलगाड़ा गांव में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में संगठन विस्तार पर विशेष चर्चा की गई और सर्वसम्मति से भरतेश यादव को पंचायत अध्यक्ष तथा गणेश गंझू को सचिव तथा राजेश गोप कोषाध्यक्ष चुना गया। इस मौके पर प्रखंड महासचिव तपवन यादव भी बतौर प्रवेक्षक मौजूद रहे। उन्होंने चयनित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# बारियातु थाना परिसर में पुलिस अवर निरीक्षक को दी गई विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

थाना परिसर में गुरुवार को विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर पुलिस अवर निरीक्षक आनंद कुमार सिंह को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बालूमाथ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम ने की। इसका संचालन थाना प्रभारी राजा दिलावर ने किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमार, अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के अलावा कई जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे। सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरिक्षक सिंह को थाना परिवार की ओर से सूटकेस में अंगवस्त्र के साथ कई अन्य उपहार देकर उन्हें विदाई दी गई। अंचलाधिकारी राम ने कहा कि अनंद कुमार सिंह का कार्यकाल सराहनीय रहा है। पुलिस और जनता के बीच जो समन्वय स्थापित होना चाहिए वह बनाया है। सरकारी कर्मी कभी सेवानिवृत्त नहीं होते उनके कार्यकाल का अनुभव हमेशा संबंधित विभाग को काम आता है। सेवा रह कर आमजनों के समस्या सुलझाने को लेकर अपने परिवार से दूर रहते हैं। अब वे घर जा कर एक बचपना के तरह बीना कोई चिंता के परिवार के साथ समय बिताएंगे। इसके पश्चात सेवानिवृत्त पुलिस अवर निरिक्षक सिंह ने अपने पूरे कार्यकाल का अनुभव साझा करते हुए कहा कि अगस्त 1994 में बहाली हुई थी। एक वर्ष पीटी प्रशिक्षण के पश्चात मुझे सबसे से पहले चाईबासा सदर थाना में कार्य करने का मौका मिला, जहां मैं 9 वर्ष कार्य किया। इसके पश्चात पाकुड़ जिला में 6 वर्ष, पलामू, रांची व लातेहार में पांच पांच वर्ष सेवा देने का मौका मिला। चार नवंबर 2023 को बारियातु थाना में योगदान दिया। उन्होंने आमजनों से अपील करते हुए कहा कि आप सभी युवा थाना प्रभारी को सहयोग करें। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्यम ने कहा कि इनका कार्यकाल बहुत ही सराहनीय रहा है। इनकी कमी थाना को खलेगी। सरकारी सेवा में सेवानिवृत्त व स्थानांतरण सहित अन्य प्रक्रिया होता रहता है।

प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिमा कुमारी, एसआई जितेंद्र कुमार,संतोष कुमार पाठक, एएसआई निरज दुबे सहित अन्य वक्ताओं ने भी उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनके कार्यकाल को सराहा। कार्यक्रम के पश्चात पुलिस स्टॉप सहित क्षेत्रीय लोगों के द्वारा फुल माला शॉल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी गई। मौके पर बीस सुत्री अध्यक्ष राजेन्द्र गंझु, पुलिस अवर निरिक्षक राजकिशोर प्रसाद, संतोष कुमार पाठक, द्वारिका नाथ पांडे, बालेश्वर गंझु, मिथलेश कुमार सिंह, समाजसेवी लाल आशिस नाथ शाहदेव, सुमीत कुमार उर्फ चिंटु, निर्मल यादव, लवकुश सिंह, मंगर गंझु, तुला गंझु उपस्थित थे।



### सेवानिवृत्त अधिकारी को दी गई विदाई

**टंडवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मगध-संघमित्रा के परियोजना कार्यालय कुंडी में गुरुवार को सेवानिवृत्त उप-प्रबंधक (खनन) तपन कुमार रुईदास को समारोह का आयोजन कर विदाई दी गई। समारोह में उन्हें अंगवस्त्र, श्रीफल व माला पहनाकर विदाई दी गई। जिससे समारोह में वे भाव विभोर नजर आये। इसके पूर्व वक्ताओं ने श्री रुईदास के कार्यकाल की प्रशंसा करते हुवे उनके कर्तव्यनिष्ठा के कई उदाहरण भी दिये। मौके पर परियोजना पदाधिकारी सदाला सत्यनारायण, खान प्रबंधक मोहम्मद अकरम, कल्याण अधिकारी आकाश वरूण कुल्लू समेत ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधि व तमाम कर्मी मौजूद थे।

# बालू तस्करी के खिलाफ वन विभाग की कार्रवाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

अवैध बालू तस्करी के खिलाफ वनविभाग द्वारा गिद्धौर प्रखंड में कड़ी कार्रवाई की गई है। दक्षिणी वन प्रमंडल द्वारा गिद्धौर प्रखंड के सिंदुआरी वन क्षेत्र से अवैध रूप से बालू उठा में लगे एक ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। जबकि ट्रैक्टर चालक को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया गया। बताया गया कि गुप्त सूचना के आधार पर संलग्न पदाधिकारी बाघ पवन शालिग्राम के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस क्रम में ट्रैक्टर जब्त करने के साथ चालक को गिरफ्तार किया गया। टीम में वनपाल कमल किशोर, रोहित प्रसाद यादव, वनरक्षी प्रकाश राणा, अनुज कुमार, राजेश कुमार, राकेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, गोपाल गंझु, तरुण रंजन, मुकेश कुमार सिंह सहित अन्य शामिल थे। इस कार्रवाई से अवैध रूप से बालू खनन करने वाले चालकों में हड़कप मच गई है।

### 'सीसीएल की दोहरी नीति बर्दाश्त से बाहर'

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

प्रखंड क्षेत्र में संचालित देश की महारत्न का दर्जा प्राप्त सीसीएल द्वारा संचालित आम्रपाली कोल परियोजना से विस्थापित-प्रभावित परिवारों की उपेक्षा करने का आरोप विस्थापित-प्रभावित वाहन मालिक संघ के पूर्व संयोजक सह भू-रैयत नेता आशुतोष मिश्रा ने लगाया है। उन्होंने आरोप लगाते हुवे कहा है कि परियोजना प्रबंधन ग्रामीणों को तोहफे में गंदगी और बीमारियां बांट रही है। वहीं प्रबंधन के कुनीतियों के कारण विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के वाहन मालिकों का अब भारी शोषण होने से सभी परेशान हैं। स्थानीय कामगार पलायन करने के लिए विवश हैं, जबकि बाहरी ठेकेदार व कामगार यहां के संभावना व संसाधनों का दोहन कर रहे हैं।

# अनियंत्रित कार पेड़ से टकराई, एक व्यक्ति गंभीर

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना क्षेत्र के बारियातु पंचायत अंतर्गत भुरकुंडा प्राथमिक विद्यालय के समीप गुरुवार को एक कार अनियंत्रित हो कर पेड़ में टकरा गई। जिससे कर पर सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे बेहतर इलाज के लिए चतरा रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि कार अंचल के हल्का कर्मचारी प्रमोद कुमार सिन्हा का है। श्री सिन्हा मतदान केंद्र निरीक्षण



को ले निकले थे। लौटने के क्रम में प्राथमिक विद्यालय भुरकुंडा के समीप कार अनियंत्रित हो गई और पेड़ से जा टकराई। कार वे स्वयं चला रहे थे। परंतु उन्हें किसी प्रकार की कोई क्षति नहीं हुआ। जबकि पास में बैठे चालक को माथे में गंभीर चोट आई है। चालक का नाम धीरज कुमार बताया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभार अमित कुमार गुप्ता घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की तहकीकात की और 108 एंबुलेंस के सहयोग से घायल को बेहतर इलाज के लिए चतरा भेज दिया गया।

### पीएम आज टंडवा के दो बड़े प्रोजेक्टों का करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन

**टंडवा(चतरा)।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा धनबाद में



आयोजित कार्यक्रम स्थल से हीं टंडवा प्रखंड के दो बड़े प्रोजेक्टों का आनलाइन उद्घाटन शुक्रवार को करेंगे। जिसको लेकर एनटीपीसी व सीसीएल प्रबंधन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई है। प्रधानमंत्री एक साथ 18 हजार करोड़ रुपए की लागत से निमार्णाधीन एनटीपीसी उत्तरी कर्णपुरा मेगा विद्युत परियोजना व 894 करोड़ रुपए की लागत से लगभग 44 किलोमीटर निर्मित टोरी-शिवपुर के तीसरे रेल लाईन का ऑनलाईन उद्घाटन करेंगे। दरअसल प्रधानमंत्री आज धनबाद में आयोजित जनसभा मे शामिल होगें। जहां से दोनों योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा परियोजना परिसर में निर्मित उड़ान स्टेडियम में कार्यक्रम का आयोजन किया है जहां श्री मोदी के संबोधन को ऑनलाइन सुना जाएगा। दूसरी ओर सीसीएल प्रबंधन ने शिवपुर स्टेशन में भव्य तैयारी की गई है। बताया गया कि सुबह के 11 बजकर 30 मिनट में प्रधानमंत्री दोनों योजनाओं का एक साथ ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे।

## पहल विकास के कार्यों में वार्ड सदस्यों की भूमिका अहम : बीडीओ

# वार्ड सदस्यों के प्रशिक्षण का शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर प्रखंड कार्यालय सभागार में वार्ड सदस्यों का तीन दिवसीय प्रारंभिक प्रशिक्षण गुरुवार से शुरू हुआ। प्रशिक्षण ग्रामीण विकास विभाग के तत्वाधान में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण का विधिवत उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव ने दीप प्रज्वलित कर किया।

उन्होंने कहा ग्राम पंचायत स्तर पर विकास के कार्यों में वार्ड सदस्यों की भूमिका अहम है। विकास के कार्यों में सहयोग के साथ ग्राम पंचायत के अधिकारों को लेकर वार्ड सदस्यों को प्रशिक्षित होना अति आवश्यक है। वार्ड सदस्यों को पंचायत के विभिन्न




कार्यक्रमों के बारे में प्रोजेक्टर के माध्यम से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण दल में व्याख्याता प्रशिक्षक प्रकाश राणा, सुभाष जगने, सुरेश प्रसाद राणा व अमित कुमार उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों को आगे ग्राम पंचायत की व्यवस्था, उसका संचालन, योजनाओं का क्रियान्वयन, गुणवत्ता का ध्यान, सामाजिक अंकेक्षण आदि पर विस्तृत जानकारी दिया जाएगा। प्रशिक्षण में गिद्धौर उप मुखिया मंजू देवी, वार्ड सदस्य ममता कुमारी, सहित दर्जनों वार्ड सदस्य उपस्थित थे।

### भाजयुमो का चौपाल कार्यक्रम आयोजित

**महुआडांड़।** प्रखंड अंतर्गत दिन गुरुवार को रामपुर के पास भाजयुमो ने युवा चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो प्रखंड अध्यक्ष दीपेंद्र नाथ शाह की। चौपाल का आयोजन भाजपा द्वारा आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर किया गया। चौपाल में अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का संकल्प लिया गया। वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष शुम्भ प्रसाद ने कहा कि मोदी ने जनता के हित के लिए कार्य किए हैं। जैसे-राम मंदिर, धारा 370, प्रधान मंत्री आवास, उज्जवला गैस योजना। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा जिला उप अध्यक्ष भानु प्रसाद, चंदन शाह, आलोक कुमार, मुकेश जायसवाल, सोनू कुमार, प्रशांत नाथ शाह, शुभम कुमार, कृष्ण कुमार आदि उपस्थित थे।

# तूफान में जलमीनार का सोलर प्लेट उड़ा, बीस घरों में पानी सप्लाई बंद

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

प्रखंड की परहाटोली पंचायत के परहाटोली गांव में जल नल योजना के तहत जल मीनार लगाया गया था। बीते दिन आये तूफान के कारण जलमीनार में लगा सोलर प्लेट उड़ गया। इसके कारण बीस घरों में पानी की सप्लाई बंद है। ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार निर्माण में बहुत ही घटिया सामाग्री को लगाया गया। साथ ही सोलर सिस्टम को ठीक ढंग से मजबूती के साथ फिट नहीं करने से तूफान में गिर गया। साथ ही पंचायत के विभिन्न गांवों में लगाये गये अधिकांश जलमीनार एक महीने के अंदर ही खराब हो गये हैं। एक



बार भी संवेदक द्वारा खराब जलमीनार की मरम्मत करने की पहल नहीं की गई है। मुखिया, वार्ड सदस्य को खराब जलमीनार की शिकायत करने बाद भी सुधार कार्य शुरू नहीं किया जा सका है।

# एसजीएसई ने महेश भूपति को मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया



**एजेंसी। नई दिल्ली।** एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने गुरुवार को टेनिस स्टार महेश भूपति को कंपनी का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया है। 2001 में पद्मश्री से सम्मानित, महेश भूपति भारत के सबसे प्रतिष्ठित टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं और उनका करियर दो दशकों से अधिक का है।

एसजीएसई के सीईओ के रूप में, महेश भूपति व्यवसाय की व्यापक रणनीतिक दिशा और विकास पहल को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे। दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ, भूपति का लक्ष्य आईपी बनाने के साथ-साथ प्रशंसक और उपभोक्ता जुड़ाव बढ़ाने में मदद करने के लिए उभरती प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाना है। इसके अलावा, वह एक सहायक पारिस्थितिकी तंत्र बनाने के लिए महत्वपूर्ण साझेदारियां स्थापित करने पर ध्यान देंगे जो एक ही आईपी के तहत खेल और मनोरंजन से मेल खा सके।

भूपति की नियुक्ति को लेकर एसजी स्पोर्ट्स एंड एंटरटेनमेंट के संस्थापक, रोहन गुप्ता ने कहा हमें इस बात पर गर्व है कि महेश जैसा कोई व्यक्ति एसजीएसई के सीईओ के रूप में कंपनी में आया है, जो देश के अग्रणी खेल आइकन में से एक है, जिसने अपने खेल के दौरान वैश्विक मंच पर भारतीय टेनिस की प्रतिष्ठा बढ़ाने में मदद की है। मुझे यकीन है कि उनके नेतृत्व में एसजीएसई जल्द ही आने वाले वर्षों में गेम चेंजर बन जाएगा।

अपने पूरे करियर में महेश भूपति ने एटीपी टूर पर प्रभावशाली 52 खिताब हासिल किये हैं। जिसमें कई ग्रैंड स्लैम जीत भी शामिल हैं। उन्होंने फ्रेंच ओपन और विंबलडन जैसे प्रतिष्ठित टूर्नामेंटों में युगल खिताब जीतकर ऐतिहासिक टेनिस उपलब्धियां भी हासिल की हैं। अपने प्रसिद्ध टेनिस करियर के अलावा वह 2002 में भारत की पहली प्रतिभा प्रबंधन फर्म ग्लोबोस्पोर्ट की स्थापना करके सक्रिय रूप से अपनी उद्यमशीलता की भावना को आगे बढ़ा रहे हैं।

# इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम टेस्ट मैच से राहुल बाहर, जसप्रीत की वापसी

- वॉशिंगटन सुंदर को रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए किया गया रिलीज
- मो शमी के दाहिनी एड़ी की सफलता पूर्वक हुई सर्जरी




**एजेंसी। नई दिल्ली।** भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट मैच से बाहर हो गए गए हैं। वहीं, जसप्रीत बुमराह, जिन्हें रांची टेस्ट में आराम दिया गया था, धर्मशाला में 7 मार्च से खेले जाने वाले पांचवें और आखिरी टेस्ट के लिए टीम में लौट आए हैं।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा केएल राहुल जिनकी इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम आईडीएफसी फर्स्ट बैंक टेस्ट मैच में भागीदारी फिटनेस पर निर्भर थी, को धर्मशाला में पांचवें और अंतिम टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। बीसीसीआई की मेडिकल टीम उन पर कड़ी निगरानी रख रही है और उनकी समस्या के आगे के प्रबंधन के लिए लंदन में विशेषज्ञों के साथ समन्वय कर रही है।

बीसीसीआई ने आगे कहा जसप्रीत बुमराह, जिन्हें रांची में चौथे टेस्ट के लिए टीम से रिलीज किया गया था, 5वें टेस्ट के लिए धर्मशाला में टीम के साथ जुड़ेंगे, जबकि वॉशिंगटन सुंदर को टीम से रिलीज कर दिया गया है, वह 2 मार्च, 2024 से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के लिए अपनी रणजी ट्रॉफी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे। जरूरत पड़ने पर वह पांचवें टेस्ट के लिए घरेलू मैच पूरा होने के बाद भारतीय टीम में शामिल होंगे।

इसके अलावा बीसीसीआई ने तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के फिटनेस पर भी जानकारी दी। बीसीसीआई ने कहा कि मो. शमी की दाहिनी एड़ी की समस्या के लिए 26 फरवरी, 2024 को सफलतापूर्वक सर्जरी की गई। वह ठीक हो रहे हैं और जल्द ही अपनी पुनर्वास प्रक्रिया शुरू करने के लिए बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) जाएंगे।

**इंग्लैंड के खिलाफ 5वें टेस्ट मैच के लिए भारतीय टीम**

रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर. अश्विन, रवींद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मो. सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# खबरें व्यापार जगत की

## चुनावों में वोटिंग बढ़ाने में सहयोग करेंगे 48 हजार संगठनों से जुड़े 9 करोड़ कारोबारी


### कैट ने व्यापारियों के सहयोग की पेशकश के साथ मुख्य चुनाव आयुक्त को भेजा पत्र




**एजेंसी। नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों में पूर्ण जन-भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) भी चुनाव आयोग के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करेगा। कैट से जुड़े करीब 48 हजार से व्यापारिक संगठन, जिनके साथ नौ करोड़ से ज्यादा छोटे-बड़े कारोबारी काम कर रहे हैं। वे लोकसभा के चुनाव में अपने सक्रिय सहयोग के द्वारा वोटिंग प्रतिशत को बढ़ाने में अहम भूमिका निभाएंगे।


कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने गुरुवार को मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को एक पत्र भेजकर राजधानी दिल्ली सहित देशभर के व्यापारी संगठनों के सक्रिय सहयोग से लोकसभा चुनावों में वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग देने की पेशकश की है। खंडेलवाल ने बताया कि दिल्ली में करीब 3500 तथा देशभर में लगभग 48 हजार से ज्यादा व्यापारी संगठन कार्यरत हैं, जो पूरे देश में लगभग 9 करोड़ से अधिक व्यापारियों का प्रतिनिधित्व करते हैं। खंडेलवाल ने बताया कि देश में घरेलू व्यापार से लगभग 25 करोड़ लोग प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पाते हैं। इस बड़े नेटवर्क की पहुंच देश के कोने-कोने में गली मोहल्ले तक है। उन्होंने कहा कि ये व्यापारिक समुदाय, देश की सामाजिक-आर्थिक संरचना का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। खंडेलवाल ने कहा कि इस बड़े नेटवर्क का लाभ उठाते हुए कैट ने चुनाव आयोग के सहयोग से जनता को जागरूक करने, सूचनात्मक सामग्री प्रसारित करने और उन्हें मतदान के अधिकार प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने की मंशा जताई है। इसी कारण चुनाव आयोग को पत्र भेजा गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग के साथ हाथ मिलाकर कैट व्यापारियों और विभिन्न समुदायों के बीच नागरिक जिम्मेदारी एवं भागीदारी की संस्कृति को विकसित कर सकता है।

## हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार सेंसेक्स 195 अंक उछला



**नई दिल्ली।** हफ्ते के चौथे कारोबारी दिन गुरुवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार के बाद शेयर बाजार हरे निशान पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 195.41 अंक यानी 0.27 फीसदी की उछाल के साथ 72,500.30 के स्तर पर बंद हुआ है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 31.65 अंक यानी 0.14 फीसदी की बढ़त के साथ 21,982.80 के स्तर पर बंद हुआ। आज के कारोबार में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड का शेयर आधा फीसदी से अधिक मजबूत हुआ। वॉयकॉम18 मीडिया और मनोरंजन संपत्ति के स्टार इंडिया के साथ विलय की घोषणा से कंपनी का शेयर चढ़ा है। वहीं, दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, भारती एयरटेल, टाटा मोटर्स, आईटीसी, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक मुख्य रूप से शामिल हैं।

## डीजीसीए ने एयर इंडिया पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया




**नई दिल्ली।** नागर विमानन महानिदेशालय ने एयर इंडिया एलरलाइंस पर बड़ी कार्रवाई करते हुए 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विमानन नियामक ने मुंबई एयरपोर्ट पर 80 वर्षीय बुजुर्ग महिला यात्री की मौत के मामले में यह जुर्माना लगाया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को दी जानकारी में बताया कि डीजीसीए ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों के उल्लंघन करने को लेकर एयर इंडिया पर यह जुर्माना लगाया है। इससे पहले विमानन नियामक ने एयर इंडिया को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। डीजीसीए के मुताबिक एयर इंडिया एयरलाइन कंपनी ने पर्याप्त व्हीलचेयर नहीं होने के मानदंडों का उल्लंघन किया है। उल्लेखनीय है कि देश की आर्थिक राजधानी मुंबई एयरपोर्ट से जुड़ी यह घटना 12 फरवरी की है। उस दिन 80 साल की बुजुर्ग महिला यात्री बाबू पटेल को एयरपोर्ट पर कथित तौर पर व्हीलचेयर नहीं गई दी थी, जिसकी वजह से यात्री को खुद चलना पड़ा। चलने के क्रम में गिरने से इस महिला यात्री की मौत हो गई थी।

## डब्ल्यूटीओ में डिजिटल औद्योगीकरण के लिए नीतिगत स्थान की जरूरत पर भारत का जोर

**नई दिल्ली/अबू धाबी।** भारत ने अबू धाबी में आयोजित विश्व व्यापार संगठन के मंत्रिस्तरीय सम्मेलन-13 में डिजिटल औद्योगीकरण के लिए नीतिगत स्थान की आवश्यकता पर जोर दिया है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि भारत ने डब्ल्यूटीओ के 13वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में गुरुवार, 29 फरवरी को ई-कॉमर्स पर कार्य सत्र में डिजिटल औद्योगीकरण के महत्व पर अपना विचार रखा। भारत ने कहा कि किस तरह वैश्विक अर्थव्यवस्था का यह उभरता हुआ क्षेत्र सबसे कम विकसित देशों सहित विकासशील देशों के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि का वादा करता है।

## रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन तय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने रबी विपणन सत्र 2024-25 के लिए गेहूं खरीद का लक्ष्य 320 लाख मीट्रिक टन तय किया है। हालांकि, पिछले सत्र के मुकाबले गेहूं खरीद के लक्ष्य को कुछ कम माना जा रहा है। खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि सरकार ने आगामी रबी विपणन सत्र 2024-25 के दौरान गेहूं की खरीद की सीमा 300 से 320 लाख मीट्रिक टन तय की है। मंत्रालय के मुताबिक नई दिल्ली में बुधवार को केंद्रीय खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा की अध्यक्षता में हुई बैठक में राज्यों के खाद्य सचिवों के साथ विचार-विमर्श के बाद यह लक्ष्य तय किया गया है।

## चिप क्षेत्र में 2.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले : केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को कहा कि भारत को पैकेजिंग, डिजाइन और अनुसंधान एवं विकास सहित सेमीकंडक्टर क्षेत्र में ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। एससीएल मोहाली में 'इंडिया सेमीकंडक्टर एंड पैकेजिंग इकोसिस्टम कॉन्फ्रेंस' (आईएसपीईसी) को वर्चुअल मोड में संबोधित करते हुए केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि देश सेमीकंडक्टर के भविष्य में एक महत्वपूर्ण जगह बना रहा है। मंत्री ने बताया, हम एक मील के पत्थर पर पहुंच रहे हैं जहां भारत सरकार को कुल ढाई लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। वह समय चला गया जब हम सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र में लगभग नगण्य थे और वैश्विक सेमीकंडक्टर निमार्ताओं के लिए केवल प्रतिभा प्रदाता थे। अब निवेश प्राप्त करने और विनिर्माण से लेकर डिजाइन से सिस्टम तक स्पेक्ट्रम में महत्वपूर्ण क्षमता का निर्माण करने वाले गंतव्य बन गए हैं। राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि सरकार सेमीकंडक्टर विनिर्माण और पैकेजिंग में निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित रखेगी।

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2027 की मेजबानी करेगा बीजिंग



**एजेंसी। नई दिल्ली।** विश्व एथलेटिक्स परिषद ने 2027 विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए बीजिंग, चीन को चुना है। विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप (1-3 मार्च) से पहले ग्लासगो में आयोजित 234वीं विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया। चीन अगले साल नानजिंग में विश्व एथलेटिक्स इंडोर चैंपियनशिप की भी मेजबानी करेगा।

विश्व एथलेटिक्स द्वारा गुरुवार को जारी एक आधिकारिक बयान में अध्यक्ष सेबेस्टियन कोए ने कहा हमारे वैश्विक शोपीस के 15वें संस्करण के लिए हमारे एथलीटों द्वारा नेशनल स्टेडियम को रोशन करने के 12 साल बाद 2027 में विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के लिए उनकी सफल बोली पर बीजिंग को बधाई।

उन्होंने कहा 1.4 बिलियन से अधिक की आबादी के साथ, चीन दुनिया के सबसे बड़े खेल बाजारों में से एक है। यह 2023 में 368.9 मिलियन की संचयी दर्शकों के साथ वांडा डायमंड लीग प्रसारण खपत के लिए शीर्ष प्रदर्शनकर्ता था। यह दुनिया के सबसे बड़े वाणिज्यिक बाजारों में से एक में हमारे खेल और प्रशंसक आधार को बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है।

विश्व एथलेटिक्स परिषद के सदस्य और चीनी एथलेटिक्स एसोसिएशन (सीएए) के उपाध्यक्ष वांग नान ने कहा चीन और बीजिंग में मान्यता और विश्वास के लिए विश्व एथलेटिक्स को धन्यवाद। सीएए चैंपियनशिप की तैयारी के लिए हर संभव प्रयास करने के लिए बीजिंग आयोजन समिति के साथ मिलकर काम करेगा, यह सुनिश्चित करेगा कि चैंपियनशिप उच्चतम गुणवत्ता मानक पर आयोजित की जाएगी, और दुनिया भर में एथलेटिक्स के विकास में अधिक योगदान देने के लिए एक अद्भुत विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप पेश करने का प्रयास करेगा।

# कैमरून ने रिगोबर्ट सॉन्ग के साथ अनुबंध किया समाप्त



**एजेंसी। याउंडे।** कैमरून फुटबॉल फेडरेशन ने राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच रिगोबर्ट सॉन्ग के साथ अपना अनुबंध समाप्त कर दिया है। फेडरेशन ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। फेडरेशन के महासचिव ब्लेज डजौनांग ने एक आधिकारिक बयान में अपने अनुबंध को समाप्त करने का कोई कारण बताए बिना, राष्ट्र की सेवा के प्रति समर्पण के लिए सॉन्ग और उनके सहायकों को धन्यवाद दिया।

# एनएसएफ अधिक पारदर्शिता के लिए एथलीटों को केवल डिजीलॉकर के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी करें : खेल मंत्रालय



**एजेंसी। नई दिल्ली।** देश में खिलाड़ियों को योग्यता और भागीदारी प्रमाणपत्र जारी करने में अधिक पारदर्शिता और दक्षता लाने के उद्देश्य से खेल मंत्रालय ने सभी राष्ट्रीय खेल महासंघों को प्रमाणपत्र जारी करने के लिए तकनीकी प्रगति डिजीलॉकर को अपनाने का निर्देश दिया है। डिजीलॉकर, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की एक पहल है। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा इस साल 1 जून से, डिजीलॉकर के माध्यम से फेडरेशन द्वारा जारी किए गए प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे और जारी किए गए किसी भी भौतिक प्रमाण पत्र को सरकार और अन्य लाभों के लिए मान्यता नहीं दी जाएगी। हमने फेडरेशनों को सलाह दी है कि उनकी संबद्ध इकाइयों को भी अगले साल 1 जनवरी से डिजीलॉकर के माध्यम से प्रमाण पत्र जारी करना शुरू करना चाहिए। प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करने की ऐसी पद्धति प्रशासनिक बोझ को कम करेगी और योग्य एथलीटों को प्रमाणपत्र वितरित करने में लगने वाले समय को कम करेगी और कदाचार की गुंजाइश को खत्म करने के लिए तकनीकी प्रगति के उपयोग के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करेगी।

# अभिषेक झुनझुनवाला ने इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग अवधारणा की सराहना की




**एजेंसी। ग्रेटर नोएडा (यूपी)।** पूर्व भारतीय घरेलू क्रिकेटर अभिषेक झुनझुनवाला ने इंडियन वेटरन प्रीमियर लीग के उद्घाटन संस्करण के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त की है और टूर्नामेंट की असाधारण अवधारणा और उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट मैचों पर प्रकाश डाला है।

झुनझुनवाला जो मौजूदा आईवीपीएल में मुंबई चैंपियंस के लिए खेलते हैं। लीग में खेले जा रहे खेल के स्तर को देखकर सुखद आश्चर्यचकित थे। आईवीपीएल 23 फरवरी से 3 मार्च तक यहां ग्रेटर नोएडा के शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेला जा रहा है। झुनझुनवाला ने बुधवार को आईवीपीएल के 11वें मैच में मुंबई चैंपियंस द्वारा वीवीआईपी उत्तर प्रदेश को 8 विकेट से रौंदने के बाद कहा यह एक शानदार टूर्नामेंट है और शुरू में जब हम आये थे तो हमें अहसास नहीं था कि क्रिकेट का स्तर कितना अच्छा होगा। कुछ उत्कृष्ट स्थानीय खिलाड़ियों के साथ कुछ आइकन खिलाड़ी इसलिए मुझे लगता है कि यह एक शानदार अवधारणा है और टूर्नामेंट अब तक शानदार रहा है। अपने प्रदर्शन पर विचार करते हुए, अभिषेक ने कहा, ₹बेहतर हो सकता था लेकिन सौभाग्य से मैंने खुद को लाइन पर पा लिया। आज (28 फरवरी) मेरे लिए बहुत अच्छी पारी थी, नॉट आउट, मैच जीत लिया, आप इसी के लिए खेलते हैं। पिछले मैच में मैंने अच्छी बल्लेबाजी की लेकिन गलत समय पर आउट हो गया। कुल मिलाकर, आईवीपीएल का अनुभव हम सभी के लिए बहुत अच्छा रहा है।

# यूएन वूमेन ने जनरेशन इक्वेलिटी सहयोगी के रूप में यूपी वारियर्स को दी मान्यता




**एजेंसी। बेंगलुरु।** कैपरी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) टीम यूपी वारियर्स को यूएन वूमेन द्वारा 'जनरेशन इक्वेलिटी सहयोगी' के रूप में मान्यता दी गई है।

लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए समर्पित संयुक्त राष्ट्र इकाई, यूएन वूमेन ने यूपी वारियर्स को 'पीढ़ी समानता सहयोगी' के रूप में स्वीकार किया है। यूपी वारियर्स, अन्य जेनरेशन इक्वेलिटी सहयोगियों में शामिल होने वाली एकमात्र खेल इकाई होगी, जिसे लिंग-समान दुनिया में चैंपियन बनने के लिए यूएन वूमेन द्वारा चुना गया है। क्रिकेट टीम के साथ यूएन वूमेन की साझेदारी खेलों में समानता की वकालत करने पर केंद्रित होगी, जिसमें महिला एथलीटों द्वारा सामना की जाने वाली रूढ़िवादिता को संबोधित करना भी शामिल है। यूएन वूमेन की प्रतिनिधि सुसान फर्ग्यूसन ने कहा खेल महिला सशक्तीकरण का एक शक्तिशाली उपकरण है। मैं खेलों में हमारे पहले 'जनरेशन इक्वेलिटी सहयोगी' के रूप में यूपी वारियर्स का स्वागत करते हुए रोमांचित हूं। यह साझेदारी खेलों में लैंगिक मानदंडों और रूढ़िवादिता को चुनौती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और लैंगिक-समान दुनिया की वकालत करने के हमारे मिशन के साथ पूरी तरह से मेल खाती है।

# अमेरिकी विशेषज्ञ स्टीव को भारतीय जिमनास्टों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद



**एजेंसी। मुंबई।** भारतीय जिमनास्टों ने अब तक विश्व स्तर पर कोई बड़ी उपलब्धि हासिल नहीं की है लेकिन कुछ भारतीय जिमनास्टों के पास इस साल जुलाई-सितंबर में पेरिस में होने वाले आगामी ओलंपिक खेलों के लिए क्वालीफाई करने का अच्छा मौका है।

भुवनेश्वर में हाई परफॉर्मेंस सेंटर के कार्यक्रम निदेशक स्टीव बुचर का मानना है कि आगामी मई में होने वाली एशियन चैंपियनशिप भारतीय जिमनास्टों के लिए काफी अहम होगी।

आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक के लिए ओलंपिक क्वालिफिकेशन प्रोग्राम में तीन विश्व कप स्पधाओं और कॉन्टिनेंटल चैम्पियनशिप में अच्छा प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागी शामिल हैं।

अपने संबंधित विषयों में तीन विश्व कपों में शीर्ष स्थान पर रहने वाले और कॉन्टिनेंटल चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले जिमनास्टों के पास पेरिस में जगह बनाने का मौका है।

शीर्ष भारतीय जिमनास्ट प्रणति नायक ने कुछ दिन पहले काहिरा में पहले एफआईजी आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक उपकरण विश्व कप 2024 में कांस्य पदक जीता था, जबकि हमवतन दीपा करमाकर उसी स्पर्धा में पांचवें स्थान पर रहीं। दोनों अब विश्व कप सर्किट के अगले दो आयोजनों और 24-26 मई तक ताशकंद, उज्बेकिस्तान में होने वाली 11वीं सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

प्रणति नायक को भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम कॉम्प्लेक्स में ओडिशा एएम/एनएस जिमनास्टिक्स हाई-परफॉर्मेंस सेंटर में तैयारी करते हुए करीब से देखने के बाद स्टीव बुचर का कहना है कि सभी जिमनास्ट क्वालीफाइंग कार्यक्रम में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

# मेरे सीनियर्स के शब्दों से मुझे अपनी घबराहट शांत करने में मदद मिली : सुनेलिता टोप्पो



**एजेंसी। नई दिल्ली।** ओडिशा में हॉकी के गढ़ सुंदरगढ़ ने सुनेलिता टोप्पो के रूप में देश को एक और शानदार खिलाड़ी दिया है। 16 वर्षीय खिलाड़ी सुनलिता ने 3 फरवरी को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में चीन के खिलाफ भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए पदार्पण किया।

एक उत्सव में अपने गाँव की महिलाओं को हॉकी खेलते देखकर सुनेलिता हॉकी की ओर आकर्षित हुईं। उन्होंने बांस की छड़ियों से हॉकी खेलना शुरू किया, उन्हें गुजरात में 2022 के राष्ट्रीय खेलों में अपनी पहचान बनाने में ज्यादा समय नहीं लगा। इसके बाद, उन्हें जूनियर भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए चुना गया। जैसे ही टीम ने 2023 में महिला जूनियर एशिया कप में अपना पहला खिताब जीता, सुनेलिता को सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया।

राष्ट्रीय टीम के लिए अपना पहला मैच खेलने से पहले अपनी भावनाओं को याद करते हुए, सुनेलिता ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा शुरूआत में, मुझे विश्वास नहीं हो रहा था कि मैंने भुवनेश्वर और राउरकेला में एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 में भाग लेने वाली टीम में जगह बना ली है। जब मुझे पता चला कि मैं अपना पहला मैच चीन के खिलाफ खेलूंगी तो मुझ पर घबराहट हावी हो गई। पहली सीटी बजने तक मैं सोचती रही कि क्या मैं राष्ट्रीय टीम के लिए अपने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन करूंगी। हालाँकि, खेल शुरू होने के बाद, मैंने मैच से पहले अपने वरिष्ठों द्वारा दी गई सलाह पर ध्यान केंद्रित किया और इससे मेरे सभी संदेह दूर हो गए।

उन्होंने कहा मैंने खुद को शांत करने में मदद के लिए मैच से पहले लालरेम्सियामी, नवनीत कौर और निक्की प्रधान से बात की। वंदना कटारिया ने भी मुझे आश्वस्त किया कि अगर चीजें गलत होंगी तो वह मदद के लिए मौजूद रहेंगी। स्टेडियम के रास्ते में, सविता ने मुझे सलाह दी कि ज्यादा न सोचें, खुलकर खेलें और इस विशेष अवसर का आनंद लें। इन शब्दों ने वास्तव में मुझे अपनी नसों को शांत करने और पिच पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने में मदद की।

चीन से 1-2 की हार के बाद, सुनेलिता ने 4 फरवरी को नीदरलैंड और 7 फरवरी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैचों में भाग लिया, इसके बाद 12 फरवरी को फिर से चीन और 14 फरवरी को राउरकेला में नीदरलैंड का सामना किया। अपने प्रो लीग अनुभव पर विस्फोटक मिडफील्डर ने कहा चीन के खिलाफ पहले मैच में हर किसी ने मेरे प्रदर्शन की सराहना की, और नीदरलैंड के खिलाफ खेल के बाद, टीम ने मुझे और प्रोत्साहित किया, कहा कि यह बहुत अच्छा है कि मैं इतना अच्छा खेल रही हूं। कम उम्र में, मुझे खेल की पूरी समझ है और मुझे पिच पर आनंद लेना जारी रखना चाहिए।

सुनेलिता ने कहा मैं इसी तरह खेलना जारी रखना चाहती हूं। सभी ने बहुत सहयोग किया है और मैं इस पल का फायदा उठाने और टीम में अपने लिए जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करूंगी। प्रो लीग मैचों से, मुझे एहसास हुआ कि मुझे शूटिंग सर्कल के आसपास अपने निर्णय लेने पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता है। स्थिति के आधार पर पासिंग, शूटिंग या पेनल्टी कॉर्नर निकालने के बीच सही विकल्प चुनने से मेरी टीम को मदद मिलेगी और एक खिलाड़ी के रूप में सुधार होगा।

# बजट कटौती प्रस्ताव पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच तीखी नोंक-झोंक

## कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई विभागों के बजट पारित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के पांचवें दिन सदन में कटौती प्रस्ताव चर्चा पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों ने अपनी बात रखी। सत्ता पक्ष के विधायकों ने जहां चंपाई सरकार के बजट की मेज थपथपा कर जमकर सराहना की। उन्हें विपक्षी दल के विधायकों ने बजट पर आधी राशी ही खर्च करने को लेकर घेरा। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2024-25 का कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग समेत कई विभागों का बजट पारित किया गया। उसके बाद सदन की कार्यवाही कल तक के लिए स्थगित कर दी गयी।







कटौती प्रस्ताव पर सरकार के बजट पर बोलते हुए मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि राज्य में हड़िया दारु बेचने वाली महिलाओं को फूलों झानो आशीर्वाद योजना का लाभ मिल रहा है। आदिवासी बच्चे विदेश में पढ़ाई करने जा रहे हैं। हमारी सरकार को पिछले दरवाजे से गिराने की कोशिशें की गईं। सफलता नहीं मिलने पर हमारे नेता हेमंत सोरेन को साजिश के तहत जेल में डाल दिया। झामुमो विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि देश में कई घोटाले हुए हैं, लेकिन किसी पर कार्रवाई नहीं हुई लेकिन जब हेमंत सोरेन झारखंड को अच्छे ढंग से चला रहे थे तो उन्हें एक साजिश के तहत गिरफ्तार किया गया और जेल भेज दिया गया। झामुमो विधायक ने कहा कि ये लोग नहीं चाह रहे थे कि कोई आदिवासी 5 साल का कार्यकाल पूरा करे। बाबूलाल मरांडी की सरकार ने ओबीसी का आरक्षण कम किया था, उस वक्त आजसू विधायक लंबोदर महतो कहां थे।

कांग्रेस की तरफ से विधायक इरफान अंसारी और राजेश कच्छप ने चंपाई सरकार के बजट की सराहना करते कहा कि इसकी जितनी प्रशंसा कि जय कम है। दोनों कांग्रेस विधायक ने कहा कि यह बजट आदिवासियों, दलितों, मूलवासियों, किसानों अल्पसंख्यक और ओबीसी समुदायों के हितों का ध्यान में रख कर बनाया गया है।

विपक्ष की तरफ से भाजपा विधायक नवीन जायसवाल और मनीष जायसवाल ने कटौती प्रस्ताव पर बोलते हुए सोरेन सरकार की जबरदस्त खिंचाई की। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सरकार हर बजट की राशी बढ़ा रही लेकिन खर्च आधी कर रही है। भाजपा विधायक ने चुटकी लेते कहा कि सत्ता पक्ष के विधायक कभी रायपुर, कभी हैदराबाद कभी दिल्ली में डेरा जमा लेते है, जिस पर पानी कि तरह पैसा खर्च किया जाता है, फिर सरकार अपनी कुर्सी बचने में जुट जाती है, ऐसे में सत्ता पक्ष के पास योजनाओं पर ध्यान ही जाता हैं जिसके कारण बजट कि राशी खर्च नहीं हो पाती है।

आजसू के लंबोदर महतो ने भी कटौती प्रस्ताव पर सरकार से उनके पहले के वायदों की जानकारी मांगते कहा कि सरकार को अपनी पिछली योजनाओं और वादों के वस्तुस्थिति को भी सदन में रखना चाहिए। आजसू विधायक ने कहा कि सरकार ने हर गांव में किसान बैंक, महिला खोलने का वायदा किया था। ये बैंक कहां-कहां चल रहे हैं, सरकारी नौकरियों में महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण, पिछड़ों को 27 फीसदी आरक्षण और निजी क्षेत्र में बेरोजगारों को 75 फीसदी आरक्षण देने का वादा किया गया था। सरकार को बताना चाहिए कि इन लोगों को कहां-कहां लाभ मिला।

### सदन में लोबिन का दिखा तल्ख तेवर, बोले

## मुद्दों को छोड़कर एक-दूसरे पर सिर्फ टीका-टिप्पणी करते हैं विधायक

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** चंपाई सरकार के बजट कटौती प्रस्ताव पर झामुमो के वरिष्ठ विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने अपनी ही सरकार को घेरने में कोई संकोच नहीं किया। अपने लंबे भाषण के दौरान झामुमो नेता ने अपनी सरकार को आईना दिखने में कोई कसार नहीं छोड़ी, वहीं सत्ता और विपक्ष दोनों पक्ष के विधायकों की भी जमकर क्लास ली। लोबिन जब बोल रहे थे तब पूरे सदन में सन्नाटा छा गया था।



झामुमो के वरीय नेता ने कहा कि अलग राज्य बनने के 23 साल हो गया। 23 बार बजट बना, भाजपा, झामुमो, कांग्रेस, राजद आजसू सभी दलों ने बारी-बारी से शासन किया, इसके बाद भी राज्य के आदिवासियों, मूलवासियों, दलितों और गरीबों की क्या हालत है। यह किसी से छुपा नहीं है। झामुमो नेता ने कहा कि राज्य में सीएनटी और एसपीटी एक्ट लागू है, फिर आदिवासियों की जमीं लुटी जा रही है। इस कानून को सख्ती से लागू करना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा हाथ में डिग्री लेकर घूम रहे है। उनके लिए योजना बन रही है, फिर वे लोग बेरोजगार क्यों घूम रहे है। इसके लिए सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस पर राज्य सरकार को श्वेत पत्र लाना चाहिए। विधायक लोबिन हेम्ब्रम ने मुख्यमंत्री की तारीफ करते हुए कहा कि वे जमीन के नेता है, सारी वस्तुस्थिति से अवगत हैं। उनके पास समय कम है और काम ज्यादा है लेकिन भरोसा है कि वे अपने कार्य में सफल होंगे।

## विपक्ष के नेता के बनने के छह माह बाद भी सूचना आयुक्त की नहीं हुई नियुक्ति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** रांची। झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन भाजपा विधायक बिरंची नारायण ने सदन में कहा कि नेता प्रतिपक्ष बने 6 महीने हो गये, लेकिन अब तक सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं हुई है। हजारों अपील पेंडिंग हैं। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए जल्द आयोग का पुनर्गठन किया जाये। जबकि इरफान अंसारी ने जामताड़ा रेल हादसे का मामला सदन में उठाया। कांग्रेस विधायक ने कहा कि रेलवे की लापरवाही से हादसा हुआ है। मृतकों के परिजनों को 50 लाख मुआवजा और सरकार नौकरी दी जाये।



कांग्रेस विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि सरकार पेशा की नियमावली कब तक बनाने का विचार रखती है। इसपर सरकार की ओर से जवाब देते हुए मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि नियमावली के प्रारूप का प्रकाशन किया गया है। सरकार द्वारा इसकी स्वीकृति की कार्रवाई की जा रही है। नीलकंठ सिंह मुंडा ने सूखा पीड़ित किसानों को मुआवजा नहीं मिलने का मामला सदन में उठाया। इसपर मंत्री बादल पत्रलेख ने बताया कि मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के तहत (2022-23) में 3363201 आवेदन मिले थे। इनमें से 13.66 लाख किसानों को 478.4 करोड़ राशि का भुगतान किया गया है। 5.57 किसानों का सत्यापन हो चुका है। उन्हें जल्द पेमेंट किया जायेगा। 4.90 लाख किसानों का सत्यापन बाकी है। सत्यापन के बाद उन्हें पेमेंट होगा। मंत्री ने कहा कि जिन किसानों का सत्यापन हो चुका है, उन्हें 3 महीने में पेमेंट कर दिया जायेगा।

## सड़कों पर गड्ढों के मामले की जांच करेगी विधानसभा की विशेष कमेटी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** विधानसभा के पांचवें दिन ध्यानाकर्षण के दौरान भाजपा विधायक सीपी सिंह ने सदन में पेयजल और अन्य योजनाओं के लिए सड़क की खुदाई करने के बाद उन्हें लंबे समय तक नहीं भरे जाने का मामला उठाया।



उन्होंने कहा कि रांची में जुडको और नगर निगम ने कई कंपनियों से पाइपलाइन बिछाने के लिए खुदाई का काम करवाया। कई जगहों पर खुदाई करने के बाद सालभर से सड़क को नहीं बनाया गया है।

नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि सिर्फ रांची ही नहीं चास और आदित्यपुर में भी यही स्थिति है. उन्होंने स्पीकर से इसकी जांच के लिए विशेष कमेटी बनाने की मांग की। इसपर संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने विधानसभा की विशेष कमेटी बनाने की बात कही। इस कमेटी में विधायक सीपी सिंह और सत्ता पक्ष और विपक्ष के एक-एक विधायक रहेंगे। रांची के भाजपा विधायक के कहा कि पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाया जा रहा है. नई सड़क को जगह जगह काट दिया गया है. गड्ढों को स्टोन डस्ट से भरवा दिया गया है। इसकी वजह से राजधानी वासियों का सांस लेना मुश्किल हो गया है। ना सड़क को दुरुस्त किया गया और ना ही फिर जलापूर्ति शुरू हुई है। इस पर प्रभारी मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि मामले को दिखवा लिया जाएगा। इस जवाब पर काफी देर तक सदन में गहमागहमी बनी रही। बाद में स्पीकर ने दखल देते हुए नोडल पदाधिकारी नियुक्त करने को कहा।

## सदन में राम और अंबेडकर के नाम पर जब भिड़ गए इरफान और अमर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा में कटौती प्रस्ताव पर जब कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी अपना भाषण पढ़ रहे थे। इस दौरान कई बार उन्होंने भाजपा पर तीखा हमला किया। तब भाजपा विधायकों ने उनपर जमकर पलटवार भी किया। सबसे पहले इरफान ने कहा कि भाजपा सरकार में भाजपा कार्यकर्ताओं को किसान बना कर इजरायल भेजा गया। इसके बाद विपक्ष के नेता अमर बावरी ने कहा कि उनके क्षेत्र का एक मुस्लिम किसान को उनकी सरकार वे इजरायल भेजा थे लेकिन वह भाजपा के कार्यकर्त्ता नहीं है। इसके बाद भी इरफान यही नहीं रुके उसके बाद अमर बावरी पर निशाना साधते कहा कि दलित होने के कारण भाजपा आपको यूज कर रही है। भाजपा दलितों और आदिवासियों का सम्मान नहीं करती है। एक दलित राष्ट्रपति राम मंदिर के शिलान्यास और आदिवासी महिला राष्ट्रपति को राम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा में नहीं जाने दिया। इरफान के इन आरोपों का जवाब देने के लिए अमर बावरी पूरी तरह से हमलावर हो गये। बीच में भाजपा विधायक सीपी सिंह भी अमर बावरी का साथ देने लगे। भाजपा के दोनों विधायको ने न सिर्फ इरफान को लपेटे में लिया बल्कि कांग्रेस को भी लपेटा। इस दौरान मुद्दा राम, हनुमान, पाकिस्तान, आरएसएस, बांग्लादेश, इटली और अंबेडकर के शब्दों से खूब गूंजा। इरफान ने पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को राम और खुद को उनका हनुमान बताया।





इरफान ने कहा कि आप लोग क्या सोच रहे हैं कि हमारे राम को जेल भेज देंगे और हनुमान चुप रहेगा। जेल का ताला टूटेगा और हमारे राम हेमंत छूटेंगे। भाजपा विधायकों को इरफान ने कहा कि आपलोग नकली रामभक्त हैं। आप लोग राम के पुजारी नहीं, राम के व्यापारी हैं। जिसके जवाब ने भाजपा नेताओं ने कहा कि कांग्रेस के लोग इटली के नुमाइंदे हैं जो नेहरू, इंदिरा, राजीव का जन्मदिन-पुण्यतिथि तो मनाते हैं लेकिन फिरोज गांधी का जन्मदिन-पुण्यतिथि नहीं मनाते हैं।

## राजनीति पार्ट टाइम नहीं फुल टाइम जिम्मेदारी और जवाबदेही : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** आजसू पार्टी अपनी क्षमता से राज्य में सकारात्मक बदलाव ला सकती है। आप सभी अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए प्रतिदिन जमीनी स्तर पर कार्य करें। राजनीति पार्ट टाइम नहीं फुल टाइम जिम्मेदारी है। पार्टी मुद्दों के साथ ही सेवाभाव से भी काम करें। पार्टी कार्यकर्ता के साथ सामाजिक कार्यकर्ता बनने की आवश्यकता है। हमें आपस में समन्वय और सामंजस्य बना कर काम करना है। संगठनात्मक स्वरूप को धरातल में ले जाने की तैयारी है। रांची के हर घर, गली, अपार्टमेंट में पार्टी के शुभचिंतक हैं, उन्हें पार्टी से जोड़ने की जरूरत है।

उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने केंद्रीय कार्यालय में आयोजित रांची लोकसभा एवं रांची जिले के प्रभारियों की बैठक में कही। इस दौरान नवनियुक्त लोकसभा, विधानसभा एवं प्रखंड प्रभारियों का स्वागत और सम्मान किया गया। सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने की ज़िम्मेदारी का निष्ठापूर्वक वहन करने का संकल्प लिया।

मौके पर उपस्थित सभी प्रभारियों और पदाधिकारियों को सुदेश कुमार महतो ने डी थ्री का मंत्र दिया। उन्होंने कहा कि हम सभी को डेडिकेशन, डिसिप्लिन और डिटरमिनेशन यानी समर्पण, अनुशासन और दृढ़ निश्चय के साथ संगठन विस्तार, मजबूती और क्षेत्र की समस्या को उठाने तथा जनता के बीच रहकर उनके विश्वास को जीतना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को घर-घर जाने और राज्य सरकार की वादाखिलाफियों के बारे में जनता को अवगत कराने को कहा। आजसू आंदोलन से उपजी पार्टी है। सभी कार्यकर्ता एसी कमरों में बैठ कर नहीं जमीनी स्तर पर उतरकर काम करें। पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली विधानसभा समेत रांची जिला के बेस्ट कैडर शादाब राजा को बताया। बैठक में अखिल झारखंड बुद्धिजीवी मंच के प्रदेश अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, महासचिव मुकुंद चन्द्र मेहता, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह रांची लोकसभा प्रभारी हसन अंसारी, राजेंद्र मेहता, तमाड़ विधानसभा प्रभारी हरेलाल महतो, खिजरी विधानसभा प्रभारी जयपाल सिंह, कांके विधानसभा प्रभारी अशोक नाग, मंडर विधानसभा प्रभारी निर्मला भगत समेत सभी प्रखंड प्रभारी मुख्य रूप से उपस्थित रहें।

## कुड़मी जाति में शामिल करने की मांग आजसू विधायक ने दिया धरना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड विधानसभा बजट सत्र के पांचवें दिन आजसू विधायक लंबोदर महतो ने कुरमी/कुड़मी को एसटी में शामिल करने सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर सदन के बाहर धरना दिया। लंबोदर महतो ने कहा कि बेरमो को जिला बनाने की मांग वर्षो से की जा रही है। लेकिन सरकार इस पर कुछ फैसला नहीं ले रही है। आजसू विधायक ने कहा कि झारखंड सरकार के कैबिनेट में 23 नवंबर को 2004 को यह निर्णय हुआ था कि कुरमी/कुड़मी और कोटवार जाति को अनुसूचित जाति में शामिल किया जायेगा। इस निर्णय के 20 साल हो गये, लेकिन अब तक इसको लागू नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि 8 जनवरी 2013 को कैबिनेट में यह निर्णय हुआ लिया गया था कि बेरमो को नये प्रखंड बनाया जायेगा। इस पर भी अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। एक ही जाति, संस्कृति और धर्म के होने के बावजूद लोहार और लोहरा का अलग-अलग जाति प्रमाण पत्र होता है। सरकार कमार, करमाली, लोहार, लोहरा, बड़ाईक और चिकबड़ाइक सभी को अनुसुचित जाति का प्रमाण पत्र जारी करें। बेरमो अनुमंडल को जिला और खैराचातर, महुआटांड और चतरोचट्टी को प्रखंड बनानेर भी सरकार जल्द निर्णय लें।



### सीएम से मिले टाटा स्टील के उपाध्यक्ष

**मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में टाटा स्टील के उपाध्यक्ष (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी।**

## देवघर से डिब्रूगढ़ तक चलने वाली दूसरी ट्रेन, गोड्डा से मुंबई तक सीधी ट्रेन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धनबाद से ऑनलाइन देवघर से गोड्डा को सीधे जोड़ने वाली मोहनपुर-हंसडीहा नयी रेललाइन का उद्घाटन और देवघर डिब्रूगढ़ ट्रेन का शुभारंभ सुबह साढ़े ग्यारह बजे करेंगे। इधर मोहनपुर जंक्शन में आयोजित होने वाले समारोह में गोड्डा सांसद डॉ निशिकांत दुबे ट्रेन को हरी झंडी दिखायेंगे। शुक्रवार को ही गोड्डा-मुंबई की पहली ट्रेन गोड्डा स्टेशन पर रात 8:30 बजे पहुंचेगी। सांसद इससे पहुंचे यात्रियों का भी स्वागत करेंगे। बताते चलें कि देवघर से डिब्रूगढ़ तक चलने वाली पूर्वोत्तर के लिए देवघर से यह दूसरी ट्रेन होगी। पहली ट्रेन देवघर-अगरतला एक्सप्रेस बांका और भागलपुर रूट से चलती है। देवघर से डिब्रूगढ़ ट्रेन का परिचालन मोहनपुर से हंसडीहा होकर होगा। इस रूट से ट्रेन का परिचालन होने से देवघर, दुमका व गोड्डा जिले के रेल यात्रियों को सीधे तौर पर सुविधा हो जायेगी। रेलवे के अनुसार इस खंड पर इस ट्रेन को चलाने के लिए कोई इंजन रिवर्सल नहीं होगा। इसके साथ ही इस मार्ग से ट्रेन चलने से देवघर, भागलपुर, मुंगेर, खगड़िया व कटिहार जैसे शहर कनेक्ट होंगे। डिब्रूगढ़ से नॉर्थ बैंक होते हुए देवघर तक वर्तमान में कोई सीधी रेल कनेक्टिविटी नहीं है। इस ट्रेन का परिचालन शुरू होने से कनेक्टिविटी हो जायेगी।

### देवघर से गोड्डा तक रेल लाइन चालू करने का वादा किया पूरा : निशिकांत दुबे

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने कहा कि शुक्रवार को प्रधानमंत्री तीन जिलों के यात्रियों को जोड़ने वाली मोहनपुर-हंसडीहा नयी रेल लाइन का तोहफा देंगे। साथ ही देवघर-डिब्रूगढ़ ट्रेन का शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री ने मुझे भाजपा कार्यकर्ता के तौर पर जो अधिकार दिये, उस अनुसार मैंने 2019 के चुनाव में लोगों से अगले चुनाव में देवघर से गोड्डा तक रेल लाइन चालू करने का वादा किया था, वह वादा पूरा होने जा रहा है। इस रेल सेवा से इलाके में काफी उत्साह है।

### यह है समय सारणी

पूर्वी रेलवे द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार सुबह 11 बजे देवघर डिब्रूगढ़ साप्ताहिक ट्रेन देवघर स्टेशन से खुलेगी। 11:25 बजे मोहनपुर, 12:12 बजे हंसडीहा, 12: 36 बजे मंदारहिल, 2: 20 बजे भागलपुर, 2: 55 बजे सुल्तानगंज, 3:18 बजे बरियारपुर, 4: 15 बजे मुंगेर, 4:58 बजे खगड़िया, 6 बजे नवगछिया, 7:58 बजे कटिहार, 8: 45 बजे बारसोइ, 9:50 बजे किशनगंज के साथ साथ इस ट्रेन का ठहराव आलूबाड़ी रोड, न्यू जलपाईगुड़ी, न्यू कूचविहार, कोकरझार, न्यू बोगाइंगांव, बारपेटा रोड, नालबाड़ी, रंगिया, उदालगुड़ी, रांगापाड़ा नार्थ, विश्वनाथ चार्ली, हारमोती, नार्थ लखीमपुर, धेमाजी होते हुए और शाम चार बजे डिब्रूगढ़ पहुंचेगी।

## वैश्य मोर्चा का विधानसभा के समक्ष चेतावनी महाधरना

**नवीन मेल संवाददाता। रांची।** झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा द्वारा ओबीसी को 27% आरक्षण देने, जाति आधारित जनगणना कराने, वैश्य आयोग का गठन, छोटे व्यवसायियों के 10 लाख रु. तक की ऋण माफी, वैश्यों लूटी गई जमीन वापस करने, हत्या, रंगदारी के खिलाफ विधानसभा भवन (कुट्टे ग्राम मैदान) के समक्ष 'चेतावनी महाधरना' का आयोजन किया गया। इस महाधरना में विभिन्न जिलों से आये वैश्य मोर्चा के केंद्रीय पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष एवं प्रमुख कार्यकर्ता शामिल हुए। अध्यक्षता केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहू एवं संचालन उप प्रधान महासचिव उपेन्द्र प्रसाद ने किया।

इस महाधरना को संबोधित करते हुए केंद्रीय अध्यक्ष महेश्वर साहु ने कहा कि झारखंड में पिछड़ों के साथ धोखा किया जा रहा है। सत्ताधारी नेता झूठे आश्वासन दे रहे हैं। हमारी नौकरियों को किसी और को दिया जा रहा है। ओबीसी के छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा में सुविधाएं उपलब्ध नहीं है। सरकार को समझना चाहिए कि ओबीसी को 27% आरक्षण से वंचित करना डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान की अवहेलना है। जब तक ओबीसी को 27% आरक्षण नहीं मिल जाता है। वैश्य मोर्चा लड़ाई जारी रखेगी।

इस कार्यक्रम में वरीय उपाध्यक्ष मोहन साव, अश्विनी साहु, संजीव चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष सह अधिवक्ता सहदेव चौधरी, लक्ष्मण साहू, प्रधान महासचिव बीरेन्द्र कुमार, उप-प्रधान महासचिव इंदुभूषण गुप्ता, केंद्रीय महासचिव कपिल प्रसाद साहु, दिनेश्वर मंडल, संगठन महासचिव कृष्णा प्रसाद साहू, केंद्रीय सचिव रामाशंकर राजन, गुड्डू साहा, शिव नंदन प्रसाद, राजीव कुमार, संगठन सचिव अनिल वैश्य, केंद्रीय सदस्य नरेश साहु, भुनेश्वर साव,राजेश साव, जिलाध्यक्ष रोहित कुमार साहू, बसंत प्रसाद साहू, महिला मोर्चा की कार्यकारी अध्यक्ष नम्रता सोनी, महासचिव पूनम जायसवाल, युवा मोर्चा अध्यक्ष हलधर साहू व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पेज एक के शेष

### अब बीस लाख लोगों को...

टाना भगत समुदाय की करीब 30 हजार की आबादी इस फैसले से लाभान्वित होगी।

**जेसी बोस यूनिवर्सिटी को मिली मंजूरी :** इसके अलावा गिरिडीह में जगदीश चंद्र बोस यूनिवर्सिटी की स्थापना के प्रस्ताव पर भी कैबिनेट ने मुहर लगाई। गिरिडीह और कोडरमा जिले के कॉलेज इस यूनिवर्सिटी के अंतर्गत आएंगे। कैबिनेट ने सिमडेगा जिले में रामरेखा जलाशय योजना के लिए 130 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। कैबिनेट ने उस प्रस्ताव को भी मंजूरी दी है, जिसके तहत राज्य में केंद्रीय योजनाओं के तहत कोषागारों से राशि निकासी की व्यवस्था पूरी तरह पेपरलेस होगी। राज्य में पहले से संचालित मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत अब सिविल सर्जन के स्तर पर 5 लाख तक की राशि मंजूर की जा सकेगी। 5 लाख से ज्यादा और 10 लाख तक की राशि राज्य सरकार की कमेटी की अनुशंसा पर मंजूर होगी। राज्य सरकार के वैसे कर्मी जिनका नियुक्ति विज्ञापन एक बार 2004 के पहले हुआ था पर वह योगदान 01-12-2004 के बाद किए थे, उनकी नियुक्ति के पहले जो कंट्रीब्यूशन था वह उन्हें अब लौटना नहीं होगा। ओल्ड पेंशन का भी लाभ होगा। वहीं राज्यकर्मियों के पोशाक भत्ते में वृद्धि की गई है। अब 2500 के बदले 5000 रुपये उन्हें पोशाक भत्ता मिलेगा। केंद्र सरकार के राशि देने से इनकार करने के बाद अब राज्य सरकार अपने फंड से वर्ल्ड ट्रेड सेंटर का निर्माण कराएगी। इसके लिए राशि का आवंटन किया गया है।

**कर्मियों को पांच लाख का हेल्थ इंश्योरेंस :** राज्य सरकार के विभिन्न सेवा के कर्मियों को पांच लाख का जो हेल्थ इंश्योरेंस बीमा कंपनी के माध्यम से दिया जाना है, वहीं पांच लाख से ऊपर के खर्चे पर सूचीबद्ध अस्पताल के अलावा अन्य अस्पताल यानी सीजीए के तहत भुगतान होगा। राशि अधिक मिलेगी। एयर एंबुलेंस और अंग प्रत्यारोपण के लिए भी पैसा मिलेगा। ग्लाइडर पायलट और प्रभावित पायलट को 37,500 का भत्ता, 166 स्कूलों को प्लस टू स्कूल में उत्क्रमित किया गया। नेताजी आवासीय विद्यालय, कस्तूरबा विद्यालय खाने के खर्च को 1400 से बढ़कर 2290 रुपये प्रति छात्र प्रतिमाह कर दिया गया है। इसके अलावा बिजली और अन्य खर्चों में भी राशि बढ़ाई गई है। इसमें विविध अनुदान 2.50 लाख और बिजली के लिए 3.50 लाख रुपये दिए जाएंगे।

### दूसरी श्रेणी में आवेदन करने ...


अंसारी एवं अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी। अक्टूबर 2023 में इससे संबंधित एक मामले में हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की अपील पर फैसला सुनाते हुए एकल पीठ के आदेश को सही ठहराया था। कोर्ट ने एकल पीठ द्वारा पारित आदेश उचित बताया था। कोर्ट ने उस मामले में प्रतिवादी अभ्यर्थी जो पारा शिक्षक थे, लेकिन उन्होंने गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन दिया था और वे अंतिम चयनित अभ्यर्थियों से अधिक अंक प्राप्त किए थे, उनके लिए अतिरिक्त काउंसिल कर नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया था। इसी से संबंधित एक अन्य मामले में झारखंड सरकार ने एकल पीठ के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की खंडपीठ में चुनौती दी थी। बता दें कि एकल पीठ में सुनवाई के दौरान पूर्व में राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि वर्ष 2015 की प्राथमिक शिक्षक में गैर पारा शिक्षक श्रेणी में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अब कोई काउंसलिंग नहीं की जाएगी। प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति के लिए उनका कंसीडरेशन नहीं किया जाएगा। इस पर याचिकाकर्ता पारा शिक्षकों की ओर से एकल पीठ से कहा गया था कि राज्य सरकार द्वारा उन्हें नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं करने का निर्णय गलत है।

### 27 आईपीएस अधिकारियों का ...

को अपने नव पदस्थापन जगह पर योगदान देने का निर्देश दिया गया है। इन अधिकारियों में आरके मलिक को पुलिस एडीजी मुख्यालय, प्रभात कुमार को आईजी विशेष शाखा, पंकज कंबोज को आईजी प्रोविजन, राजकुमार लकड़ा को आईजी जैप, नरेंद्र कुमार सिंह को आईजी पलामू जोन, अजय लिंडा को डीआईजी गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवाएं, मनोज रतन चौथे को डीआईजी कोल्हान क्षेत्र, कार्तिक एस को डीआईजी स्पेशल ब्रांच, शैलेंद्र प्रसाद वर्णवाल को डीआईजी एसीबी रांची,वाई एस रमेश को डीआईजी बजट, सुमित कुमार अग्रवाल को ट्रैफिक एसपी रांची, प्रवीन पुष्कर को रेल एसपी जमशेदपुर, शंभू कुमार सिंह को एसपी गुमला, हरविंदर सिंह को वायरलेस एसपी रांची, आनंद प्रकाश को समादेष्टा झारखंड आर्म्ड पुलिस 6, मूमल राजपुरोहित को एसपी विशेष शाखा रांची, ऋषभ कुमार झा को एसपी झारखंड एटीएस, विमल कुमार को एसपी रामगढ़, राकेश रंजन को समादेष्टा झारखंड आर्म्स पुलिस एक, मनीष टोप्पो को एसपी सरायकेला खरसावां, विकास कुमार पांडे को एसपी चतरा, चंदन कुमार झा को अतिरिक्त प्रभार झारखंड पुलिस अकादमी हजारीबाग , प्रिया दुबे को झारखंड सशस्त्र पुलिस बल रांची का डीजी, पियूष पांडेय को रांची का ग्रामीण एसपी, प्रियदर्शी आलोक को झारखंड जगुआर रांची का एसपी और पूज्य प्रकाश को बोकारो का एसपी शामिल हैं। हालांकि, अंजनी अंजन को अपने पूर्व के पद पर लातेहार एसपी के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### राज्य सरकार के...

का कोई तरीका नहीं है, उसकी जमीन पर सरकार के अधिकारी कब्जा कर भवन निर्माण करा ले रहे हैं। ये सरकार के अधिकारी लैंड माफिया की तरह काम कर रहे हैं। इन अधिकारियों और माफियाओं में क्या अंतर रह गया है? कोर्ट ने दोषी अधिकारी को चिह्नित करने के लिए सेवानिवृत्त ज्यूडिशियल अफसर के नेतृत्व में वन मैन कमेटी बनाने का निर्देश दिया। इस कमेटी की फीस का वहन याचिकाकर्ता की जमीन पर कब्जा करने एवं उसपर भवन बनवाने वाले जिम्मेदार अफसर या जिम्मेदार सरकारी एजेंसी करे। कोर्ट ने निर्देश दिया कि राज्य सरकार तीन माह के भीतर याचिकाकर्ता को उक्त जमीन के बदले मुआवजा राशि का भुगतान करे। अगर दोषी सरकार के अधिकारी सेवानिवृत्त हो चुके हैं, तो उनके सेवानिवृत्ति लाभ की राशि से पांच लाख रुपये की राशि का भुगतान किया जाए।





## एक नजर

### मोदी ने अपने पूर्ववर्ती मोरारजी देसाई को श्रद्धांजलि अर्पित की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने पूर्ववर्ती और 1977 में देश की पहली गैरकांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री बनने वाले मोरारजी भाई देसाई को उनकी जयंती पर याद किया। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मिशिगन प्राइमरी में निक्की हेली को हराकर ट्रंप ने जीत दर्ज की

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति चुनाव की दावेदारी की दौड़ में रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मुख्य प्रतिद्वंद्वी, भारतीय-अमेरिकी निक्की हेली को मिशिगन प्राइमरी में आसानी से हराने के साथ ही वह नवंबर में रिपब्लिकन पार्टी की उम्मीदवारी औपचारिक रूप से हासिल करने की दिशा में एक कदम और करीब आ गए। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मिशिगन डेमोक्रेटिक प्राइमरी चुनाव में जीत दर्ज की है। मिशिगन में हेली को 26.5 फीसदी वोट मिले थे, जबकि ट्रंप को 68.2 फीसदी वोट मिले। अमेरिकी मीडिया ने अनुमान लगाया कि 77 वर्षीय ट्रंप 52 वर्षीय हेली के खिलाफ 40 प्रतिशत से अधिक मतों के साथ मिशिगन प्राइमरी में जीत हासिल करेंगे। ट्रंप की इस जीत ने अगले सप्ताह की सुपर प्रतिस्पर्धा से पहले गति बनाने की हेली की उम्मीदों पर पानी फेर दिया है।

### भारतीय मूल के श्रीधर रामास्वामी होंगे स्नोफ्लेक के सीईओ



**न्यूयॉर्क।** भारतीय मूल के श्रीधर रामास्वामी को अमेरिका स्थित डेटा क्लाउड कंपनी स्नोफ्लेक का मुख्य कार्यकारी अधिकारी और निदेशक मंडल का सदस्य नामित किया गया है। रामास्वामी, जो पहले स्नोफ्लेक में एआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के पद पर थे, फ्रैंक स्लूटमैन का स्थान लेंगे। स्लूटमैन ने सेवानिवृत्त होने का फैसला किया है हालांकि वह बोर्ड के अध्यक्ष बने रहेंगे। रामास्वामी ने कहा, पिछले 12 साल में फ्रैंक और पूरी टीम ने स्नोफ्लेक को अग्रणी क्लाउड डेटा प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित किया है जो उद्यमों को सुरक्षित, स्केलेबल और लागत प्रभावी डेटा फाउंडेशन और अत्याधुनिक एआई बिल्डिंग ब्लॉक प्रदान कर रहा है जिनकी उन्हें भविष्य के लिए आवश्यकता है।

# पीएम ने विश्व की पहली 'वैदिक घड़ी' का किया उद्घाटन

**एजेंसी। भोपाल**



विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर की नगरी उज्जैन स्थित जीवाजीराव वेधशाला में दुनिया की पहली 'वैदिक घड़ी' स्थापित की गई है। इस काल गणना की घड़ी से अब मुहूर्त भी देखे जा सकेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को भोपाल के लाल परेड ग्राउंड से उज्जैन में स्थापित इस विक्रमादित्य वैदिक घड़ी (वीटीएस) का वर्चुअली उद्घाटन किया। इस संबंध में विभागीय अधिकारी बिन्दु सुनील ने बताया कि भारतीय कालगणना विश्व की प्राचीनतम, सूक्ष्म, शुद्ध, त्रुटिरहित, प्रामाणिक एवं विश्वसनीय पद्धति है। काल-परिमाण की इस सर्वाधिक विश्वसनीय पद्धति का पुनर्स्थापित विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के रूप में उज्जैन में प्रारंभ किया जा रहा है। उज्जयिनी की स्थापना सृष्टि के आरंभ से ही मान्य की जाती रही है।

उन्होंने कहा, दुनियाभर में उज्जयिनी से निर्धारित और प्रसारित कालगणना नियामक रही है। भारतीय खगोल सिद्धांत और ब्रम्हाण्ड के ग्रह नक्षत्रों की गति पर आधारित भारतीय काल गणना में समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश किया जाता है। इसकी गणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। मुहूर्त, घटी, पल, कास्ता, प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन, सम्वत्सर, दिव्यवर्ष, मन्वन्तर, युग, कल्प, ब्रम्हा मुख्य आधार हैं। हमारे द्रष्टा ऋषियों ने काल की चक्रीय अवधारणा को प्रतिपादित किया है जिसमें सतयुग, त्रेता, द्वापर, कलियुग की व्यवस्था निरंतर है और यह चक्र शाश्वत रूप से आते-जाते हैं तथा इनकी आवृत्ति-पुनरावृत्ति होती रहती है।

विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना पर आधारित विश्व की पहली घड़ी है जिसे वैदिक काल गणना के समस्त घटकों को समवेत कर बनाया गया है। इस घड़ी में भारतीय पंचांग समाहित रहेगा। विक्रम सम्वत् मास, ग्रह स्थिति, योग, भद्रा स्थिति, चंद्र स्थिति, पर्व, शुभाशुभ मुहूर्त, घटी, नक्षत्र, जयंती, व्रत, त्यौहार, चौघड़िया, सूर्य ग्रहण, चन्द्र ग्रहण, आकाशस्थ, ग्रह, नक्षत्र, ग्रहों का परिभ्रमण इसमें स्वाभाविक रूप से समाहित होंगे। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी =1.25 टाइम जोन- सूर्योदय पर आधारित है जो कि वैदिक आधार है।

इसका मापन डोंगला स्थित वेधशाला को आधार बनाकर किया गया है। विक्रमादित्य वैदिक घड़ी के ग्राफिक्स में सभी ज्योतिर्लिंग, नवग्रह, नक्षत्र, सूर्योदय, सूर्यास्त आदि समाहित हैं। देश और दुनिया में बलपूर्वक आरोपित ग्रीनवीच मीन टाइम ग्रेगोरियन कैलेण्डर की दुरभिसंधि से अंतरराष्ट्रीय समय की गणना में कोई व्यवधान न करते हुए विक्रमादित्य वैदिक घड़ी भारतीय काल गणना की परंपरा के पुनर्स्थापन का छोटा सा प्रयास है।

## 1993 के सीरियल ब्लास्ट मामला

# अब्दुल करीम टुंडा बरी दो अन्य को उम्रकैद

**एजेंसी। जयपुर**



1993 के सीरियल बम ब्लास्ट मामले में दोषी अब्दुल करीम टुंडा को अजमेर की टाडा कोर्ट ने गुरुवार को बरी कर दिया। इसके अलावा इरफान (70) और हमीदुद्दीन (44) को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई है। पुलिस सभी आरोपियों को सुबह 11: 15 बजे टाटा कोर्ट परिसर में कड़ी सुरक्षा-व्यवस्था के बीच लेकर आई थी, जिसमें तीन आरोपी 6 दिसंबर 1993 में लखनऊ, कानपुर, हैदराबाद, सूरत और मुंबई में हुए ट्रेन बम धमाके के मामले में आरोपी थे। 28 फरवरी 2004 को टाडा कोर्ट ने 16 आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने चार आरोपियों को बरी कर दिया था। वहीं, बाकी आरोपियों को सुनाई गई सजा को बरकरार रखा। 2000 में ऐसी खबर आई थी कि टुंडा को बांग्लादेश में मार दिया गया था, लेकिन लश्कर का आतंकी अब्दुल रज्जाक मसूद दिल्ली में पकड़ा गया।

# हिप्र : स्पीकर ने किया कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित किया

## अयोग्य ठहराए गए विधायक कोर्ट से आदेश पर रोक की मांग कर सकते हैं

**एजेंसी। शिमला**



हिमाचल प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा के बीच चल रही सियासी खींचतान में गुरुवार को नया मोड़ आ गया। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने कांग्रेस के छह विधायकों को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य ठहरा दिया है। इन विधायकों ने बजट सत्र के दौरान कांग्रेस के व्हिप की अवहेलना की। विपक्ष के कटौती प्रस्ताव व बजट पारित करने के दौरान सदन से गैरहाजिर रहे। अयोग्य ठहराए गए विधायकों में सुजानपुर से राजेन्द्र राणा, धर्मशाला से सुधीर शर्मा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल, गगरेट से चैतन्य शर्मा, कुटलैहड़ से देवेंद्र कुमार भुट्टो और लाहौल-स्पीति से रवि ठाकुर शामिल हैं। राज्य विधानसभा के सदस्यों के रूप में अयोग्य होने से यह सीटें रिक्त हो गई हैं। चुनाव आयोग रिक्तियों को अधिसूचित कर सके, इसके लिए विधानसभा सचिवालय उसे विधानसभा अध्यक्ष के फैसले से अवगत कराएगा। कांग्रेस ने इन विधायकों को दल-बदल विरोधी कानून के तहत अयोग्य घोषित के लिए विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष याचिका दायर की थी।

कुलदीप सिंह पठानिया ने गुरुवार को कहा कि संसदीय कार्यमंत्री हर्षवर्धन चौहान ने छह बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने की मांग करते हुए याचिका दायर की थी। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने सरकार और बागी विधायकों के वकीलों की दलीलों को सुनने के बाद यह फैसला किया। अयोग्य ठहराए गए विधायक अब कोर्ट का दरवाजा खटखटाकर विधानसभा अध्यक्ष के आदेश पर रोक लगाने की मांग कर सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले हुए राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस से बागी हुए छह विधायकों ने भाजपा के उम्मीदवार को वोट किया था। उनके साथ तीन निर्दलीय विधायकों ने भी भाजपा उम्मीदवार को वोट दिया। इस तरह बहुमत न होने के बावजूद भाजपा ने हिमाचल प्रदेश में एकमात्र राज्यसभा सीट जीत ली। उल्लेखनीय है कि 68 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के 40 और भाजपा के 25 और तीन निर्दलीय सदस्य थे। छह बागी कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित करने पर अब सदन की ताकत घटकर 62 हो गई है। ऐसे में सरकार में बने रहने के लिए 32 विधायक होने चाहिये। यह आंकड़ा पूरी तरह कांग्रेस के पक्ष में है। छह विधायकों के निष्कासन के बाद फिलहाल कांग्रेस के 34 विधायक हैं, जबकि भाजपा विधायकों की संख्या 25 है, वहीं तीन निर्दलीय विधायक हैं।




# मॉरीशस में हवाई पट्टी-जेट्टी का उद्घाटन

### प्रधानमंत्री मोदी वर्चुअली जुड़े, द्वीपीय देश भी जन औषधि केन्द्र खोलेगा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जगन्नाथ ने गुरुवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मॉरीशस के अगालेगा द्वीप में छह सामुदायिक विकास परियोजनाओं के साथ-साथ नई हवाई पट्टी और सेंट जेम्स जेट्टी का संयुक्त रूप से उद्घाटन किया। मॉरीशस के लोगों को भारत में बनी बेहतर क्वालिटी वाली जेनेरिक दवाइयों का लाभ देने के लिए द्वीपीय देश अपने यहां जन औषधि केन्द्र खोलेगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस दौरान अपने संबोधन में कहा कि मॉरीशस भारत का एक मूल्यवान मित्र है। प्रधानमंत्री ने द्वीप राष्ट्र में भारत की विकास पहल पर प्रकाश डाला और कहा कि आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया है, वे हमारे देशों के बीच साझेदारी को और मजबूत करेंगी। मोदी ने कहा कि मॉरीशस हमारी नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी का अहम भागीदार है। ग्लोबल साउथ का सदस्य होने के नाते हमारी समान प्राथमिकताएं हैं। पिछले छह महीनों में यह हमारी पांचवीं बैठक है। यही तथ्य भारत और मॉरीशस के बीच जीवंत, मजबूत और अद्वितीय साझेदारी को व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा मॉरीशस की जरूरतों का सम्मान किया है। भारत की तर्ज पर मॉरीशस में जन औषधि केंद्र खोलने के निर्णय पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वे प्रधानमंत्री जगन्नाथ की सराहना करता हैं कि उन्होंने मॉरीशस में जन औषधि केंद्र खोलने का निर्णय लिया है।

# शेख शाहजहां के खिलाफ जांच की जिम्मेदारी प. बंगाल सीआईडी को

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल पुलिस के सीआईडी को गुरुवार को तृणमूल कांग्रेस नेता शेख शाहजहां के खिलाफ जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई। शेख शाहजहां को 5 जनवरी को संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ अधिकारियों पर हमले की साजिश रचने समेत शोषण के आरोपों के तहत बुधवार देर रात गिरफ्तार किया गया था। इससे पहले बशीरहाट जिला पुलिस और स्थानीय नजात थाने की पुलिस टीएमसी नेता के खिलाफ मामलों की जांच कर रही थी। बशीरहाट सब-डिविजनल कोर्ट ने गुरुवार सुबह शाहजहां को 10 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया।

### शाहजहां 6 साल के लिए पार्टी से निलंबित

सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने 5 जनवरी को उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी और सीएपीएफ टीमों पर हमले के आरोपी मास्टरमाइंड शेख शाहजहां को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। संदेशखाली की महिलाओं में खुशी देखी गई।

# लक्ष्य : 'वन मिसाइल वन टैंक', दागीं 260 मिसाइलें

**एजेंसी। नई दिल्ली**



### त्रिशक्ति कोर के बटालियनों की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने हिस्सा लिया

सेना की पूर्वी कमान ने सिलीगुड़ी के पास तीस्ता फील्ड फायरिंग रेंज में सालाना कमांड स्तरीय प्रशिक्षण अभ्यास किया। इसमें इन्फैंट्री और मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री बटालियन की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने भाग लिया। 'वन मिसाइल वन टैंक' के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से 260 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। युद्ध के मैदान पर सामरिक परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए गोलीबारी की गई, जिसमें टैंकों ने प्रमुख भूमिका निभाई है। पश्चिम बंगाल के उत्तर में एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल (एटीजीएम) का यह कमांड स्तर का प्रशिक्षण अभ्यास 20 से 28 फरवरी तक चला। फील्ड फायरिंग रेंज में भारतीय पैदल सेना और मशीनीकृत पैदल सेना बटालियनों की विभिन्न इकाइयों के 1500 से अधिक कर्मियों ने अभ्यास में भाग लिया। पूर्वी कमान के त्रिशक्ति कोर के तत्वावधान में गोलीबारी की गई। 'वन मिसाइल वन टैंक' के लक्ष्य को हासिल करने के उद्देश्य से 260 से अधिक मिसाइलें दागी गईं। हेलीकॉप्टरों से भेजी गई टुकड़ियों ने लक्ष्यों पर हमला करने का भी अभ्यास किया। त्रिशक्ति कोर के तहत यह अभ्यास उन सामरिक परिदृश्यों पर केंद्रित था, जहां टैंक महत्वपूर्ण हैं। इनमें हाल ही में शामिल किए गए स्वदेशी लाइट स्ट्राइक वाहन सहित विभिन्न वाहनों से गोलीबारी और जमीन पर स्थित टुकड़ियों की गोलीबारी शामिल थी।

## मप्र के डिंडोरी में भीषण सड़क हादसा

# पिकअप पलटने से 14 की मौत

### सीएम डॉ. यादव ने हादसे पर व्यक्त किया दुख

**एजेंसी। डिंडौरी**



मध्य प्रदेश के डिंडौरी जिले में गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यहां बिछिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़झर घाट पर एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे जा गिरा। इस हादसे में 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 20 लोग घायल हो गए। घायलों को शहपुरा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतकों में छह पुरुष और आठ महिलाएं शामिल हैं। हादसे पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव समेत अन्य नेताओं दुख व्यक्त किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम अमहाई देवरी के रहने वाले लोग गोद भराई के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए मसूरघुघरी थाना इलाके के निवास क्षेत्र में गए थे। वहां वापस लौटते समय गुरुवार तड़के तीन से चार बजे के बीच शहपुरा थाना और बिछिया पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत बड़झर घाट पर पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर 20 फीट नीचे खेत में पलट गया। वाहन में 45 लोग सवार थे। इनमें से 14 लोगों की मौत हो गई, जबकि 21 लोग घायल हो गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपये और घायलों को एक-एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की है। इधर प्रधानमंत्री मोदी ने मृतक के परिजनों को पीएमएनआरएफ से दो लाख रुपये दिए जाएंगे। इसके साथ ही घायलों 50,000 रुपये दिए जाएंगे।

## रिसर्च में हुआ खुलासा | सेटेलाइट डाटा के आंकड़ों से किया विश्लेषण

# मोदी के कार्यकाल में भारत की विकास दर 18 फीसद से अधिक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



अर्थशास्त्र की प्रोफेसर और शोधकर्ता के साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद की सदस्य डॉ शमिका रवि ने यूपीए 2 और एनडीए सरकार के दौरान भारत की प्रगति और विकास की कहानी आंकड़ों के जरिए समझाने की कोशिश की है। उनके रिसर्च पेपर 'पॉलिटिक्स इन एक्शन' की मानें तो नरेंद्र मोदी के शासनकाल 2015-2020 के दौरान भारत में 18 प्रतिशत से अधिक विकास की दर देखी गई। शमिका रवि ने बताया है कि कैसे सेटेलाइट के डाटा से पता चला कि 2015-2020 के दरम्यान नरेंद्र मोदी के शासनकाल में विकास की दर 18% से अधिक रही है। उन्होंने पॉलिटिक्स इन एक्शन नाम से एक रिसर्च किया है। जिसे उन्होंने वीडियो के माध्यम से विस्तार से समझाया है। उनका ये वीडियो एक यूट्यूब चैनल पर जारी किया गया है। शमिका रवि ने यूपीए-2 और एनडीए सरकार के कार्यकाल में किस तरह के विकास कार्य हुए हैं उसका तुलनात्मक अध्ययन प्रस्तुत किया है। शमिका ने सेटेलाइट डाटा के आंकड़ों के हिसाब से बताया है कि यूपीए2 के 5 साल और नरेंद्र मोदी सरकार के 10 साल के दौरान देश में विकास की रफ्तार कैसी रही है और किस कार्यकाल में कितना तेज विकास हुआ है।

इस वीडियो में यह आंकड़ों के जरिए बताया गया है कि देश में आधारभूत ढांचा कैसे और कितना बढ़ा है। इस वीडियो में शमिका बताती हैं कि इस रिसर्च के लिए यूरोपियन कमीशन के सेटेलाइट के दिन के समय लिए गए हाई रेजोल्यूशन तस्वीरों और डाटा का इस्तेमाल किया गया है। जिसमें वह कोलकाता की सेटेलाइट से ली गई तस्वीर के जरिए समझा रही हैं। इसमें यहां का बिल्ट अप एरिया दिख रहा है और उन्होंने सेटेलाइट से प्राप्त डाटा को चुनाव आयोग के संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के डेटा के साथ जोड़कर उसका अध्ययन किया है।

वह इस रिसर्च के जरिए बता रही हैं कि जिलेवार आंकड़ों पर नजर डालें तो मोदी सरकार के तहत वार्षिक विकास दर यूपीए के दो कार्यकालों की तुलना में बेहतर रही है। यूपीए 2 के दौरान जहां सड़कें, घर और अन्य आधारभूत ढांचों का 2.8 फीसदी की रफ्तार से निर्माण हुआ वहीं मोदी सरकार के दौरान 2015-20 तक यही विकास की रफ्तार 3.3 प्रतिशत की रही।

# नवाज शरीफ ने आगाह किया पाक की नई सरकार के लिए दो साल चुनौतीपूर्ण



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

हाल ही में हुए आम चुनाव के बाद पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की राजनीतिक पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन (पीएमएल-एन) मुल्क की बागडोर संभालने के लिए पूरी तरह तैयार है। हालांकि उसे इसके लिए बिलावल भुट्टो की पार्टी से गठबंधन करना पड़ा है। मुल्क में बड़े शरीफ के नाम से मशहूर नवाज ने पीएमएल-एन संसदीय दल की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार के लिए आगामी दो साल चुनौतीपूर्ण होंगे। सरकार की प्राथमिकता अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने और राजनीतिक अस्थिरता को खत्म करने की होनी चाहिए। इस बैठक में उनके छोटे भाई और भावी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ भी मौजूद थे। नवाज शरीफ ने सरकार बनाने के लिए पीएमएल-एन और पीपीपी के बीच हुए समझौते का समर्थन किया और उम्मीद जताई कि शाहबाज देश को सभी 'विशाल' समस्याओं से छुटकारा दिलाएंगे। नवाज ने कहा, शाहबाज प्रधानमंत्री पद के लिए पार्टी के उम्मीदवार हैं, जबकि सरदार अयाज सादिक नेशनल असेंबली स्पीकर पद के लिए हमारे उम्मीदवार हैं। नवाज शरीफ ने कहा कि देश की नाजुक अर्थव्यवस्था और राजनीतिक स्थिति के कारण केंद्र में नई सरकार के लिए अगले दो साल महत्वपूर्ण होंगे। गठबंधन सरकार को शुरूआत में विपक्ष का डटकर सामना करना होगा। इस मौके पर शाहबाज ने अपने भाई नवाज शरीफ के पिछले कार्यकाल की उपलब्धियों को याद किया। उन्होंने कहा कि तीन स्वतंत्र उम्मीदवारों के शामिल होने के बाद नेशनल असेंबली में पीएमएल-एन सीटों की कुल संख्या 104 हो गई है।